
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 357
लखनऊ, रविवार 30 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पं. रामकृपाल मिश्र की स्मृति में 73वें दंगल का हुआ आयोजन 10

राजनाथ की मौजूदगी में खिले छात्रों के चेहरे 03

### सर्राफा बाजार

गोल्ड 24 कैरेट = 1,58,390/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,45,200/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,18,830/10 ग्राम
चांदी = 2,55,000/किग्रा



# नेपाल की अंतहीन त्रासदी, अब तक 676 मौतें, 3000 लापता

- 80 पुल व 40 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त, 18 गांवों से सड़क संपर्क कटा
- त्रिशूली परियोजना की सुरंग में लोगों के फंसे होने की आशंका

**एजेंसी, काठमांडू।**

नेपाल में ग्लेशियर टूटने, भूस्खलन और उसके बाद आई भीषण बाढ़ से तबाही का मंजर लगातार सामने आ रहा है। 26 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा में नेपाल और तिब्बत के सीमावर्ती इलाकों में अब तक 676 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि तिब्बत में सात लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। करीब 3000 लोग अब भी लापता हैं। लापता लोगों में करीब 320 भारतीय नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं। लगभग 400 भारतीयों के तिब्बत में फंसे होने की जानकारी है।



नेपाल में चीन सीमा के पास आई विनाशकारी बाढ़ के मलबों में दबा एक पहाड़ी गांव।

आपदा के बाद नेपाल में बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। इनमें करीब 320 भारतीय भी शामिल हैं। भारत सरकार और नेपाल प्रशासन प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों की जानकारी जुटाने और उन्हें सुरक्षित निकालने में लगे हैं। तिब्बत में फंसे करीब 400 भारतीयों को भी सुरक्षित निकालने की कोशिश की जा रही है।

रसुवा जिले में त्रिशूली-3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग में लोगों के फंसे होने की आशंका के बाद बचाव अभियान जारी है। भारतीय टीम भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग के लिए त्रिशूली पहुंच गई है। शनिवार सुबह से सुरंग का रास्ता खोलने के लिए मलबा और मिट्टी हटाने का काम तेज किया गया।

### इंफोसिस पब्लिक सर्विसेज के सीईओ लापता

नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद इंफोसिस की अनुषंगी कंपनी इंफोसिस पब्लिक सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लैक्स गोपीसेट्टी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इंफोसिस ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि गोपीसेट्टी निजी यात्रा पर नेपाल गए थे। बाढ़ के बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। कंपनी ने कहा कि इस समय उसकी पहली प्राथमिकता गोपीसेट्टी की सुरक्षा और कुशलक्षेम सुनिश्चित करना है। उनकी तलाश और उनके बारे में जानकारी जुटाने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर प्रयास किए जा रहे हैं।

### लॉकर से निकाले 92.68 लाख, 29 गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बीच त्रिशूली नदी के तेज बहाव में बहकर आया एक बैंक लॉकर धादिंग जिले में पहुंच गया। लॉकर मिलने के बाद कुछ लोगों ने उसे तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश की। इसी दौरान नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 29 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 92,68,505 नेपाली रुपए बरामद किए गए। बताया गया कि रासुवा और आसपास के ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति बनी।

बाढ़ और भूस्खलन ने नेपाल के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के अनुसार करीब 80 पुल और 40 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। रसुवा और नुवाकोट के 18 से अधिक पहाड़ी गांवों का सड़क संपर्क टूट गया है। कई इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाने और लोगों को निकालने के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

वैज्ञानिकों ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के ऊपर बनी दूसरी झील के अस्थिर बांध को लेकर भी चेतावनी दी है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि उसका बांध टूटा तो नीचे के इलाकों में एक बार फिर बड़े पैमाने पर बाढ़ आ सकती है। राहत एवं बचाव दलों को ऊंचे इलाकों में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# घाघरा की सिल्ट से तटबंध करेंगे मजबूत : योगी

## बाढ़ से 26 जिलों में 1.71 लाख से अधिक लोग और 251 गांव प्रभावित

- बाढ़ प्रभावित बलिया में मुख्यमंत्री का दौरा, किया हवाई निरीक्षण
- 1500 परिवारों को बांटी राहत सामग्री व चिकित्सकीय किट

**समृद्धि न्यूज, बलिया।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घाघरा नदी की ड्रेजिंग कर निकली सिल्ट का उपयोग तटबंधों को मजबूत करने में किया जाएगा। जरूरत वाले स्थानों पर बोल्डर से ठोकर बनाए जाएंगे, जिससे कटान और बाढ़ का खतरा कम हो। उन्होंने कहा कि पहले 36 से 40 जिलों में बाढ़ आती थी, जबकि इस बार 26 जिले प्रभावित हुए हैं और जन-धन की क्षति न्यूनतम रही है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को बलिया के बांसडीह, बलिया और बैरिया विधानसभा क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित गांवों का हवाई निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने 1500 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और चिकित्सकीय किट वितरित की।



शनिवार को बलिया में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के 26 जिलों में 1.71 लाख से अधिक लोग और 251 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित शरणालयों में पहुंचाया गया है। सरकार राहत और बचाव कार्य में पूरी तत्परता से जुटी है।

योगी ने कहा कि आज बाढ़ पीड़ित परिवारों को करीब 50 किलो राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि सपा सरकार में 500 ग्राम राहत भी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाती थी। गरीबों के हक की राहत हड़प ली जाती थी। उन्होंने कहा कि सरकार हर आपदा में पीड़ितों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ या आकाशीय बिजली से किसान, बटाईदार किसान अथवा परिवार के सदस्य की मृत्यु पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपए दिए जाते हैं। सर्पदंश या जंगली जानवर के हमले में मृत्यु पर भी सहायता का प्रावधान है। मकान नष्ट होने पर जमीन का पट्टा और प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाता है। उन्होंने बलिया में बाबा भृगु के नाम पर मेडिकल कॉलेज और बाबा भृगु धाम कॉरिडोर के निर्माण की जानकारी दी। 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने की भी चर्चा की। साथ ही कहा कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

राहत किट में 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, दो किलो अरहर दाल, दो किलो चना, दो किलो भुना चना, एक किलो चीनी, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, साबुन, तिरपाल, मसाले, तेल, नमक, सैनिटरी पैड, तौलिया, कपड़ा, डेटॉल, 10 किलो आलू, लाई, बाल्टी, मग, टॉर्च और छतरी शामिल हैं। चिकित्सकीय किट में ओआरएस और जरूरी दवाएं दी जा रही हैं। दूषित पानी से बचाव के लिए क्लोरीन की गोलियां भी उपलब्ध कराई गई हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को चिह्नित कर उनके लिए अलग व्यवस्था की जा रही है। पशुओं के टीकाकरण, दवाओं और चारे की भी व्यवस्था की गई है। सर्पदंश और जंगली जानवरों के हमले से बचाव के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में एंटी-स्नेक और एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है।

## जेपीएनआईसी की कमाई परिवार तक पहुंचाने की थी साजिश

**जनता दल जैसा होगा सपा का हाल : मुख्यमंत्री**

**समृद्धि न्यूज, देवरिया।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देवरिया में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लखनऊ स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी कमाई को एक परिवार तक पहुंचाने की साजिश रची गई थी।


मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपीएनआईसी की शुरुआती लागत करीब 200 करोड़ रुपए थी, लेकिन सपा सरकार के दौरान इस पर 864 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसके बावजूद परियोजना अधूरी रह गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के पैसे से तैयार इस केंद्र को निजी कंपनी के माध्यम से संचालित करने की योजना थी।



योगी ने कहा कि इसमें होटल, व्यायामशाला और क्लब जैसी व्यावसायिक सुविधाएं विकसित कर उनसे होने वाली कमाई को एक परिवार तक पहुंचाने की मंशा थी। उन्होंने इस कथित योजना को लेकर अखिलेश यादव और उनके परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता का पैसा किसी परिवार की संपत्ति नहीं है। सपा सरकार के दौरान प्रदेश के खजाने का दुरुपयोग किया गया। जेपीएनआईसी इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सपा का हाल भी जनता दल जैसा होगा।

### लखनऊ में स्वाइन फ्लू के तीन नए मरीज मिले

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ने लगे हैं। राजधानी लखनऊ में शनिवार को तीन नए मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। इनमें दो मरीजों को बलरामपुर अस्पताल के स्वाइन फ्लू वार्ड में भर्ती कराया गया है, जबकि तीसरा मरीज लोहिया संस्थान में उपचाराधीन है। नए मामलों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। इंदिरानगर और आदिलनगर निवासी दो मरीजों को सर्दी-जुकाम, बुखार और गले में खराश की शिकायत थी। दोनों ने निरालानगर स्थित निजी पैथोलॉजी सेंटर में जांच कराई, जहां रिपोर्ट में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई। सांस लेने में परेशानी होने पर परिजनों ने दोनों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी के अनुसार, दोनों मरीजों में स्वाइन फ्लू के हल्के लक्षण हैं। वहीं लोहिया संस्थान में भर्ती तीसरे मरीज की हालत में सुधार बताया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। सीएमओ कार्यालय की ओर से आपात स्थिति में संपर्क के लिए 0522-2622080 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि बुखार, जुकाम, खांसी या अन्य संबंधित लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श लें।




## संक्षिप्त समाचार

### एवरेस्ट हींग की बिक्री पर रोक, नमूने फेल

**नई दिल्ली।** एफएसएसएआई ने एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स की कंपाउंडेड हींग की बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सरकारी प्रयोगशाला की जांच में इसके नमूनों में अल्कोहल में घुलनशील अर्क की मात्रा निर्धारित पांच प्रतिशत से कम मिली। एक नमूने में यह शून्य, जबकि अन्य में 3.29 और 4.4 प्रतिशत पाई गई। फएसएसएआई ने एवरेस्ट के चिकन मसाला, गरम मसाला और एग करी पाउडर में भी लेबलिंग संबंधी खामियों का उल्लेख किया है। लालजी गोधू एंड कंपनी की हींग पर भी रोक लगाई गई है।

### 72825 शिक्षक भर्ती पर सरकार का रुख स्पष्ट

**लखनऊ।** 72825 प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि अब किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति देने का कोई कानूनी आधार नहीं बचा है। बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी के हलफनामे के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के 25 जुलाई 2017 के फैसले और बाद के न्यायिक आदेशों के बाद अंतरिम आदेश के आधार पर नियुक्ति नहीं दी जा सकती। हाईकोर्ट के 16 अप्रैल 2024 के आदेश के खिलाफ याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने छह मई 2024 को खारिज कर दी थी। सरकार ने अवमानना सहित संबंधित याचिकाएं खारिज करने का अनुरोध किया है।

### मणिपुर में विधायक के घर बम धमाका

**इंफाल।** इंफाल पश्चिम में विधायक और राज्य सरकार के प्रवक्ता सपाम रंजन सिंह के आवास पर शुक्रवार देर रात करीब 1:30 बजे बम धमाका हुआ। विधायक और उनके परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और हमले की निंदा की। स्थानीय महिला समूह मीरा पैबिस ने भी प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

### गलवान से जुड़े चीनी जनरल पर कार्रवाई

**बीजिंग।** गलवान और डोकलाम के दौरान भारत से लगी सीमा पर चीन की सैन्य कमान संभालने वाले पूर्व जनरल झाओ जोंगकी को चीनी जन राजनीतिक सलाहकार सम्मेलन से बाहर कर दिया गया है। उन्हें दो अन्य महत्वपूर्ण पदों से भी हटाया गया है। कार्रवाई की आधिकारिक वजह स्पष्ट नहीं हुई है। झाओ 2016 से 2020 तक पीएलए की पश्चिमी थिएटर कमान के प्रमुख थे। इसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सेना में जारी सफाई अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है।

### ममता बनर्जी पर एफआईआर दर्ज

**कोलकाता।** तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम में कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के कथित उल्लंघन के मामले में हेस्टिंग्स थाने की पुलिस ने ममता बनर्जी और आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने बैरिकेड हटाए, पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की और निर्धारित समय के बाद भी कार्यक्रम जारी रहा। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला का 65 अरब बैरल तेल कब्जाया

- ट्रंप बोले- इतिहास की सबसे बड़ी डील

**वॉशिंगटन/काराकस।**

अमेरिका ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से अधिक प्रमाणित तेल भंडार पर बहुमत नियंत्रण हासिल करने के लिए एक बड़ा समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी तेल डील बताया है। समझौते के तहत अमेरिका निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी के जरिए वेनेजुएला के 17 तेल क्षेत्रों को विकसित करेगा।

उपलब्ध जानकारी के मुताबिक नई निजी कंपनी में अमेरिका को 55 फीसदी प्रभावी हिस्सा मिलेगा।



इसमें कंपनी में हिस्सेदारी के साथ तेल को लागत मूल्य पर खरीदने का अधिकार भी शामिल है। हालांकि, समझौते में शामिल निजी कंपनी का नाम और पूरी कानूनी शर्तें अभी सार्वजनिक नहीं की गई हैं।

## मासूम का दरिंदा 24 घंटे में ढेर

**समृद्धि न्यूज, ग्रेटर नोएडा।**

रक्षाबंधन के दिन ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव में छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की जघन्य वारदात से इलाके में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और फांसी की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान हुई मुठभेड़ में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



- रक्षाबंधन पर दिया था घृणित वारदात को अंजाम
- बच्ची को बहला-फुसलाकर ले गया था आरोपी

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान तिलपता निवासी बल्ले के रूप में हुई है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का बताया जा रहा है और बच्ची के चाचा का दोस्त था। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ एक घर की ओर ले जाता दिखाई देता है। फुटेज में बच्ची स्कूल की पोशाक में नजर आ रही है। पुलिस के अनुसार बाद में आरोपी एक कट्टे में बच्ची का शव ले जाता भी दिखाई दिया। उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद किया गया। ईकोटेक-तीन कोतवाली क्षेत्र की इस घटना के बाद पुलिस आरोपी को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान उसने पुलिस की हिरासत से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, जिसके दौरान मुठभेड़ हुई।

## राहुल ने खरगे के लिए मांगा इंसाफ कहा, जल्द एफआईआर दर्ज हो

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दलितों के साथ कथित भेदभाव और अत्याचार के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि देश में आज भी दो विचारधाराओं के बीच संघर्ष जारी है। एक तरफ संविधान की विचारधारा है, जबकि दूसरी ओर भाजपा और आरएसएस की विचारधारा है।

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान



डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने दावा किया कि संविधान में छुआछूत और भेदभाव को गैरकानूनी घोषित किए जाने के बावजूद देश के कई हिस्सों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

### पेट्रोल पंपों को बतानी होगी इथेनॉल की मात्रा!

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा की स्पष्ट जानकारी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 31 अगस्त को सुनवाई करेगा। याचिका में पेट्रोल पंपों पर बेचे जाने वाले पेट्रोल में इथेनॉल की वास्तविक मात्रा को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश देने की मांग की गई है। 31 अगस्त की मामलों की सूची के मुताबिक, मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ करेगी। नरेंद्र कुमार गोस्वामी की ओर से दायर याचिका में केंद्र सरकार और संबंधित पक्षों को निर्देश देने की मांग की गई है कि पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा स्पष्ट रूप से लिखी जाए। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ईंधन के बिल पर भी पेट्रोल में मौजूद इथेनॉल का प्रतिशत आसानी से पढ़े जाने वाले तरीके से दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

**डिजिटल इंडिया**

### एलन मस्क ने कहा, भारत के सबसे कम सेवा वाले क्षेत्रों में मददगार होगी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा

# दूर-दराज गांवों तक इंटरनेट पहुंचाने की तैयारी

- 11,256 गांवों में मई तक नहीं थी 4जी की पहुंच

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी की अगली बड़ी चुनौती उन इलाकों तक तेज और भरोसेमंद इंटरनेट पहुंचाना है, जहां मोबाइल टावर या फाइबर नेटवर्क पहुंचाना अब भी मुश्किल है। इसी बीच स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को लेकर एक बार फिर उम्मीदें बढ़ी हैं। कंपनी के प्रमुख एलन मस्क ने भारत के ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों के लिए स्टारलिंक को उपयोगी बताते हुए कहा है कि इससे देश के उन लोगों को कनेक्टिविटी मिल सकती है, जिन्हें मौजूदा नेटवर्क का सबसे कम लाभ मिल रहा है। मस्क ने यह टिप्पणी 21 अगस्त को सोशल मीडिया मंच एक्स पर की थी।

मस्क का बयान ऐसे समय आया है, जब स्टारलिंक ने भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने की दिशा में नियामकीय प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए नया आवेदन किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, कंपनी ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के समक्ष अपनी अगली



पीढ़ी के जेन-2 सैटेलाइट नेटवर्क के लिए दोबारा आवेदन किया है। नए प्रस्ताव में डायरेक्ट-टू-डिवाइस यानी डी2डी तकनीक को भी शामिल किया गया है। हालांकि, भारत में स्टारलिंक की व्यावसायिक सेवा शुरू होने के लिए अभी जरूरी नियामकीय, सुरक्षा और स्पेक्ट्रम संबंधी मंजूरियां हासिल करना बाकी है।

#### एक नजर

- 11,256 गांव: मई तक 4जी कवरेज से बाहर होने का उद्धृत आंकड़ा।
- 1.093 अरब: मार्च 2026 में भारत के कुल इंटरनेट सब्सक्रिप्शन।
- 48.31 प्रति 100: ग्रामीण इंटरनेट सब्सक्रिप्शन घनत्व।
- 126.80 प्रति 100: शहरी इंटरनेट सब्सक्रिप्शन घनत्व।
- 8.50 लाख किमी: भारतनेट के तहत बिछाई गई फाइबर की लंबाई।
- 2.21 लाख: सेवा के लिए तैयार बताई गई ग्राम पंचायतें।

ग्रामीण कनेक्टिविटी की चुनौती का अंदाजा उन आंकड़ों से लगाया जा सकता है, जिन्हें मस्क ने जिस पोस्ट को साझा किया, उसमें सामने रखा गया था। पोस्ट के मुताबिक, मई 2026 तक भारत के 11,256 सूचीबद्ध गांवों में 4जी कवरेज उपलब्ध नहीं था। हालांकि, यह आंकड़ा मस्क के अपने सर्वे का नहीं, बल्कि उनके द्वारा साझा की गई पोस्ट में उद्धृत आंकड़ा है। इसलिए इसे इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दूसरी ओर, भारत में इंटरनेट का कुल विस्तार काफी तेजी से हुआ है। मार्च 2026 तक देश में करीब 1.093 अरब इंटरनेट सब्सक्रिप्शन दर्ज किए गए। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 44.087 करोड़ सब्सक्रिप्शन थे। ग्रामीण क्षेत्र में इंटरनेट सब्सक्रिप्शन घनत्व 100 लोगों पर 48.31 रहा, जबकि शहरी क्षेत्र में यह 126.80 था। यानी ग्रामीण और शहरी भारत के बीच इंटरनेट उपयोग में अब भी बड़ा अंतर बना हुआ है।

हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू भी महत्वपूर्ण है। देश में मोबाइल नेटवर्क का विस्तार काफी हुआ है।

### नीरज चोपड़ा एशियन गेम्स से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस साल अब एक्शन में नजर नहीं आएंगे। टखने में चोट के कारण वह सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं। नीरज ने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लॉजेन डायमंड लीग में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.05 मीटर थ्रो करने के कुछ समय बाद ट्रेनिंग के दौरान उनके टखने में चोट लगी और लिगामेंट फट गया। इस चोट के कारण नीरज 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इसके अलावा 11 से 13 सितंबर तक बुडापेस्ट में होने वाली पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप से भी उन्हें बाहर होना पड़ा है।



# एकता का संदेश देता है रक्षाबंधन : रविंद्र

**आइएसएस ने रक्षाबंधन पर आयोजित किया कार्यक्रम**



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच नगर कार्यकारिणी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सामाजिक संयोजक, सामाजिक समरसता संयोजक रविंद्र किरकोले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन सामाजिक समरसता, पारस्परिक विश्वास, परिवार की एकजुटता और राष्ट्र के प्रति सामूहिक दायित्व का प्रतीक बताया। श्री किरकोले ने कहा कि रक्षाबंधन को केवल इस दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए कि एक पक्ष दूसरे की रक्षा करेगा। संघ में रक्षासूत्र पारस्परिक सुरक्षा, विश्वास और दायित्व के भाव से बांधा जाता है। सामाजिक समरसता और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पर्व मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को कमजोर मानना संघ की दृष्टि नहीं है। मातृशक्ति समाज में अपने सामर्थ्य, प्रतिभा और परिश्रम के बल पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन समाज को यह संदेश देता है कि हम एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनें और समाज की सुरक्षा तथा उन्नति के लिए मिलकर दायित्व निभाएं। यह पर्व विश्व के सामने भारतीय समाज की एकजुटता और पारस्परिक संबंधों की शक्ति को भी प्रकट करता है।

संघ की सौ वर्ष की यात्रा में माताओं-बहनों का सहयोग, सहभागिता और प्रेरणा महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि आज समाज में नई-नई शब्दावलियों के माध्यम से पीढ़ियों और संबंधों को अलग-अलग पहचान देने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। जेन-जी और जेन-अल्फा जैसे शब्दों का उपयोग सामाजिक पहचान के संदर्भ में हो रहा है, लेकिन हमारी मूल पहचान हमारे पारिवारिक और सामाजिक संबंधों से है। हमारे लिए माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची सहित पारिवारिक संबंध हमारी सामाजिक संरचना की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे किसी भी विचार से बचना चाहिए जो परिवार और समाज के बीच अनावश्यक दूरी या विभाजन पैदा करे। हमारा संबंध, हमारा परिवार और हमारी सामाजिक एकता ही हमारी वास्तविक शक्ति है।

श्री किरकोले ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिए सशक्त परिवार और एकजुट समाज आवश्यक है। देश को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार की शक्ति की आवश्यकता है और इसकी मूल इकाई परिवार है। परिवार के सदस्यों को साथ बैठना, एक-दूसरे से संवाद करना, अपनी बात साझा करना और एक-दूसरे को समझना आवश्यक है। संवाद और प्रेम से जुड़े परिवार ही समाज को मजबूती प्रदान करते हैं।

# प्रधानों ने लंबित फाइलों पर भेजा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



**मनरेगा भुगतान, विकास कार्यों में देरी पर आंदोलन की चेतावनी**

ग्राम प्रधानों ने विकास कार्यों से जुड़ी फाइलों के लंबित रहने और मनरेगा सामग्री मद का भुगतान न होने पर विरोध जताया है। शनिवार को पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों और ग्राम प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

पंचायत विकास मंच के संयोजक सूरज शुक्ला और सह संयोजक डॉ. श्याम चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में पंचायतों का कार्य देख रहे हैं, लेकिन विकास कार्यों से संबंधित कई पत्रावलियां सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित हैं। मंच के अनुसार, इन पत्रावलियों के निस्तारण की कोई निश्चित समय-सीमा न होने के कारण पंचायतों में विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

प्रधानों ने मांग की है कि अनुमोदन के लिए प्रस्तुत पत्रावलियों की जांच और निस्तारण की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पत्रावली में कोई कमी या आपत्ति है, तो उसे अनिश्चितकाल तक लंबित रखने के बजाय संबंधित ग्राम पंचायत को समय पर स्पष्ट जानकारी दी जाए, ताकि कमियों को दूर कर फाइल दोबारा प्रस्तुत की जा सके। ज्ञापन में मनरेगा के वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 के सामग्री मद के लंबित भुगतान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। संयोजक सूरज शुक्ला ने जोर देकर कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारभूत इकाई हैं। फाइलों के अनुमोदन और पूर्ण कार्यों के भुगतान में अनावश्यक देरी से विकास की गति बाधित हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्रजेन्द्र सिंह, राजेंद्र यादव, रंजीत दास, अरुणवीर सिंह, राजमणि, अभिषेक तिवारी, अफान खान, राज कुमार राव, सलीम अहमद, सलमान, मो. वसीम, मनोज कुमार मिश्रा, मतीउल्ला, राम छबीले यादव, और अवसान गिरी सहित कई अन्य प्रधान और प्रतिनिधि शामिल थे।

## मिशन सेफ फ्यूचर के तहत स्कूल वाहन चालकों की हुई स्वास्थ्य व नेत्र जांच



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और स्कूली वाहनों के संचालन को और अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के तहत शनिवार को गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 63 स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं संबंधित विभागीय कर्मियों ने चालकों की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति के साथ-साथ उनकी दृष्टि की भी जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को लेकर सड़क पर चलने वाले चालक शारीरिक एवं दृष्टि की दृष्टि से वाहन संचालन के लिए सक्षम हों। इस अवसर पर एआरटीओ सुशील कुमार ने स्कूल वाहन चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सभी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन संचालित किए जाएं। उन्होंने चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा बच्चों को वाहन में सुरक्षित तरीके से बैठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वाहन चालक सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ वाहन में बैठे मासूम बच्चों की सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार हैं। इसलिए वाहन की फिटनेस, चालक की दक्षता, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण तथा यातायात नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। शिविर के दौरान अधिकारियों ने चालकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया।

## खबरें एक नजर में

### कुंवानों नदी में गिरा युवक, तलाशी अभियान जारी



**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना क्षेत्र के बेलभारिया गांव निवासी नीरज कश्यप (लगभग 20) पुत्र रामलगन बीती रात कुंवानों नदी पर बने पुल से नीचे नदी में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कराई। स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की टीम को भी तलाश अभियान में लगाया गया। कुंवानों नदी छोटी होने के बावजूद युवक का पता लगाने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने घंटों कड़ी मशक्कत की। नदी में काफी देर तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस और गोताखोर भी लगातार तलाश में जुटे रहे। थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने बताया कि परिवार के लोगों के अनुसार युवक को मिर्गी की शिकायत थी। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान युवक पुल से नीचे नदी में गिर गया होगा। पुलिस मामले की जांच के साथ युवक की तलाश में जुटी है।

### मवेशी चराने गए पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत



सिद्धौर बाराबंकी। कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र में मवेशी चराने गए पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की अचानक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।कोतवाली क्षेत्र के लच्छी का पुरवा मजरे डिगसरी गांव निवासी रामप्रसाद रावत उर्फ ननकू पुत्र गुरुदीन रावत 55 वर्ष गांव के बाहर अपने मवेशी चराने गए थे। मवेशी चराकर घर वापस लौट ही थे कि जहां पर अचानक उनकी तबियत खराब हो गई । परिजन जब तक उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचते उनकी सांसे टूट चुकी थी। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजन किसी विषैले जीव के काटने से मौत होने की आशंका जता रहे है। घटना की सूचना पाकर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, चंद्रशेखर वर्मा और समाजसेवी देवानंद मिश्र ने मौके पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया।

### पोल में उतरे करंट की चपेट में आई भैस की मौत

**बेलहरा बाराबंकी।** नगर पंचायत और बिजली विभाग की लापरवाही के चलते ईदगाह मार्ग स्थित कर्बला के पास स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।भैंस की कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई जा रही है।मोहल्ला लच्छीपुर निवासी विष्णु वर्मा के अनुसार, वह शुक्रवार को मवेशियों को चराने ले जा रहे थे, तभी भैंस पोल की चपेट मे आ गई।पीड़ित का कहना है कि इससे पहले भी इसी तरह उनकी गाय की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना पुलिस नगर पंचायत और विद्युत विभाग को दी गई।पीड़ित ने संबंधित विभागों को प्रार्थना पत्र देकर जांच, दोषियों पर कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की है। नगर पंचायत ने पोल पर घरेलू केबल लपेटे जाने से करंट उतरने की आशंका जताई है,जबकि विद्युत विभाग ने जांच कराने की बात कही है।घटना को लेकर स्थानीय लोगो मे रोष है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ककरी गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वही बाइक की चपेट में आकर महिला भी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जासेपुर गाँव निवासी वीरेंद्र कुमार रावत पुत्र राम अभिलाख 24 वर्ष मोटरसाइकिल से रक्षा बंधन पर्व पर अपनी पत्नी को लेकर लोनीकटरा थाना क्षेत्र के अखैयापुर अपनी ससुराल गया था और छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहा था।।बताते हैं कि दुर्घटना के समय वह काफी नशे की हालत में बाइक चला रहा था कि तभी ककरी गांव के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गिर गई। जिससे वीरेंद्र कुमार लड़खड़ाकर सड़क पर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज लाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद वीरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### रिश्तेदारी में आया युवक गोमती में डूबा

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के जौरास गांव रिश्तेदारी में आया युवक शुक्रवार को गोमती नदी में नहाते समय लापता हो गया। जिसका अभी तक पता नहीं लग सका है। मुकामी पुलिस द्वारा फ्लड यूनिट की सहायता से लापता युवक की तलाश की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार लखनऊ जिला के थाना व गाँव गोसांईगंज निवासी लालजी रस्तोगी पुत्र राम जी रस्तोगी उम्र करीब 42 वर्ष अपनी रिश्तेदारी में अनिल कुमार सोनी पुत्र मनोहर लाल सोनी निवासी जोरास के यहां आए हुए थे, शुक्रवार को वह धौरहरा घाट पर नदी नहाने गये थे जहाँ पर नदी में डूब गए। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### रेल लाइन का उद्घाटन कल

**बहराइच।** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल अरिजीत सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि भारतीय रेलवे द्वारा आधुनिक, सुरक्षित और सुगम रेल सेवाओं के विस्तार हेतु किये जा रहे निरन्तर कार्यों के अन्तर्गत बहराइच से नवनिर्मित, विद्युतीकृत बहराइच–नानपारा–नेपालगंज रोड ब्रॉड गेज रेल लाइन का 31 अगस्त 2026 को अपरान्ह 1:30 बजे मंत्री रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया जायेगा। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 14213/14 वाराणसी–बहराइच एक्सप्रेस ट्रेन, गाड़ी संख्या 15131/32 वाराणसी सिटी–गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन और गोंडा–बहराइच के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 75109/10 एवं 75111/75112 डेमू ट्रेनों का नेपालगंज रोड तक के विस्तार का भी शुभारंभ किया जाएगा।

# बहराइच में बिना चीरा लगाए दिल का छेद बंद

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। शहर के मल्हीपुर रोड स्थित बिटाना एंड चन्द्रावती हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में 28 वर्षीय युवक के दिल में मौजूद छेद को बिना चीरा लगाए सफलतापूर्वक बंद किया गया।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बहराइच में अपनी तरह की यह पहली प्रक्रिया है, जिसे आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। उपचार पर मरीज को अपनी जेब से कोई राशि खर्च नहीं करनी पड़ी। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद यूनुस, डीएम (कार्डियोलॉजी) के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने यह जटिल प्रक्रिया पूरी की। डॉ. यूनुस ने बताया कि इस उपचार में मरीज के पैर की

**आयुष्मान कार्ड से हुआ सफल उपचार**

नस के रास्ते एक विशेष छाता नुमा उपकरण को हृदय में मौजूद छेद तक पहुंचाया जाता है।

निर्धारित स्थान पर पहुंचने के बाद उपकरण को खोलकर छेद को बंद कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया में सामान्य ऑपरेशन की तरह बड़ा चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।उन्होंने बताया कि छोटे शहरों में इस तरह की आधुनिक हृदय उपचार सुविधाएं पहले सीमित थीं, लेकिन अब बहराइच में भी मरीजों को उन्नत कार्डियोलॉजी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल की ओर से बताया गया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पात्रता के अनुसार उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस उपलब्धि पर अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रमेश वर्मा, एजीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांगी वर्मा, सीएमएस डॉ. मुकेश यादव, न्यूरो सर्जन डॉ. अनुरोध पटेल सहित प्रबंधन के सदस्यों ने डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। अस्पताल प्रबंधन ने इसे बहराइच में आधुनिक हृदय चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# महिला के शौचालय में बंद होने की खबर से तहसील में हड़कंप

**पुलिस बुलाकर खुलवाया दरवाजा नहीं मिला कोई अंदर**

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



रामसनेहीघाट तहसील में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक खबर फैली कि एक महिला शौचालय के अंदर गई है और दरवाजा भीतर से बंद कर लिया है।

देखते ही देखते सूचना पूरे तहसील परिसर में फैल गई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तहसील प्रशासन भी सक्रिय हो गया। उप जिलाधिकारी ब्रिजेन्द्र उपाध्याय तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को मौके पर बुलाया। पुलिस की मौजूदगी में शौचालय का बंद दरवाजा खुलवाने की कार्रवाई शुरू की गई। दरवाजा खुलते ही वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।

अंदर न तो कोई महिला थी और न ही किसी तरह की अप्रिय घटना हुई थी। जांच में सामने आया कि शौचालय का दरवाजा तेज आवाज के साथ जोर से बंद होने के कारण उसकी कुंडी अंदर से फंस गई थी।

# अभियोजन की कमजोरी से कोई अपराधी न हो दोषमुक्त : डीएम

**अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित**

**बयान से मुकरने पर धारा 22 के तहत प्रकीर्ण वाद दर्ज**

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने न्यायालयों में लंबित अभियोगों, दोषमुक्त प्रकरणों तथा पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं को प्रभावी एवं तथ्यपरक पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकरण में अभियोजन की कमजोरी का लाभ अपराधियों को नहीं मिलना चाहिए। गंभीर अपराधों में विवेचना, साक्ष्य संकलन, गवाहों की पैरवी तथा न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण के प्रत्येक स्तर पर पूरी गंभीरता बरती जाए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं को प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए शासन का पक्ष मजबूती से रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दोषमुक्त हुए प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अभियोजकों से दोषमुक्ति के कारणों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि जिन कमियों के कारण किसी प्रकरण में दोषमुक्ति हुई है, उनका चिन्हांकन कर भविष्य के मामलों में ऐसी कमियों की पुनरावृत्ति न होने दी जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री निरंकार सिंह, अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**पॉक्सो एक्ट के 9 प्रकरणों में धारा 22 के तहत कार्रवाई**

समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत न्यायालय में अपने पूर्व बयानों से मुकरने के कारण 9 प्रकरणों में वादी के विरुद्ध धारा 22 के अंतर्गत प्रकीर्ण वाद दर्ज कराए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माना वसूली की कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराई जाए। साथ ही, ऐसे मामलों में विधिक प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा भी की जाए।

# चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समृद्धि न्यूज।**
**बाराबंकी रामनगर।**



पेट्रोल पंप के चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को पीएम के लिये भेज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

प्राप्त विवरण के अनुसार रामनगर फतेहपुर मार्ग पर स्थित उदय पेट्रोल पम्प पर चौकीदारी करने वाले अधेड़ ऐसनरायन की इलाज के दौरान मौत हो गयी।

पुलिस की ओर से सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद ऊंचाई से गिरने की बात सामने आई है।थाना रामनगर क्षेत्र के अगानपुर गांव निवासी ऐसनारायण उदय पेट्रोल पंप पर चौकीदार के रूप में कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात वह अपनी ड्यूटी पर गये थे रात्रि में सूचना मिली कि ऐस नारायण पेट्रोल पंप से नीचे जाने वाले खड़ंजे पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े है। जिन्हें सीएचसी रामनगर पहुचाया वहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना को लेकर परिजनो ने हत्या की आशंका व्यक्त की थी। जिसके बाद पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू की जिसमे उनके नीचे गिरने का रहस्य सामने आया।इस सम्बंध में पुलिस कोतवाल अरुण प्रताप सिंह का कहना था कि यह पंप ऊंचाई पर स्थित है ऐसा प्रतीत हुआ है कि वह लघुशंका के दौरान नीचे लुढ़क गये।

पीएम रिपोर्ट के आधार पर सारी सच्चाई आ जायेगी।

## बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलेंगी जिले की 11 बालिकाएं



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** प्रदेशीय विद्यालयी बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले की 11 छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक ने बताया कि राज्य स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में बाराबंकी के विभिन्न विद्यालयो की 11 बालिकाएं बलिया के लिए शनिवार को रवाना हुई।चयनित छात्राओं में बंकी ब्लॉक की दिपाली, निधि और लक्ष्मी शामिल हैं।ये तीनो उच्च प्राथमिक विद्यालय माती की कक्षा आठ की छात्राएं है। देवा ब्लॉक से उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़ी छतेना की कक्षा सात की छात्रा कुमुद तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय धरसंडा की कक्षा सात की छात्रा सृष्टि का चयन हुआ है।
इसी प्रकार हैदरगढ़ ब्लॉक से उच्च प्राथमिक विद्यालय देवपुरा की उर्मिला (कक्षा आठ),प्रिसी,दीपिका,अंशिका व अनुष्का (कक्षा सात) तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया की कक्षा आठ की छात्रा रूबी चयनित हुई हैं।प्रदेशीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता 30 अगस्त से तीन सितंबर तक बलिया मे आयोजित की जाएगी।बच्चो को रवानगी के समय खेल प्रशिक्षक माध्यमिक तौहीद खान, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी, दिवाकर अवस्थी, रोहित नाग, ज्ञानेंद्र, किरन विश्वकर्मा,आशीष वर्मा आदि खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

# नशे के कारोबार पर सख्ती : तस्करों पर कार्रवाई के निर्देश

**एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित**

**संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने पर जोर**

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम, तस्करी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में प्रभावी पैरवी और प्रवर्तन कार्रवाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों और संभावित तस्करी वाले स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्कूल-कॉलेजों सहित सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नशे से होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। अधिकारियों से अभियान को प्रभावी बनाने और इसकी नियमित समीक्षा करने को कहा गया।

# विजिलेंस को सौंपे घोटाला के कागजात

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

बलरामपुर संयुक्त चिकित्सालय के चर्चित स्वास्थ्य घोटाले की जांच अब विजिलेंस कार्यालय तक पहुंच गया जिसमें एक पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव व उनके भाई अजय कुमार जिला अस्पताल के कर्मचारी हैं पर करोड़ों रुपए के घोटाला का मामला प्रकाश में आया है।

ज्ञात हुआ कि उक्त घोटाले की कोई भी पेपर विजिलेंस विभाग को नहीं दिया जा रहा है जिससे विजिलेंस के कड़े में निर्देश के बाद स्वयं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजकुमार मांगे गए अभिलेखों को लेकर लखनऊ कार्यालय विजिलेंस अधिकारियों को सौंप दिया इन रिकॉर्ड के जरिए किन-किन मदों में कितना कितना धन दिया गया है कितना खर्च हुआ है इसमें कई लोगों की भूमिका भी जांच की जा रही है विभागीय सूत्र बताते हैं कि कर्मचारी अजय कुमार की संपत्ति की जांच की जा रही है तथा जल्द ही दोषी पर कार्रवाई की जा सकती है।

इस प्रकरण से पूरा जिला अस्पताल सदमे में आ गया सीएमएस डॉ राजकुमार ने बताया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# खेल से अनुशासन व नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : डॉ. कौस्तुभ

**खिलाड़ियों को ट्रैक सूट देकर किया सम्मानित**

**समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।**



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को कटेहरी स्थित देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय के सभागार में 'खेल और खिलाड़ी' विषय पर गोष्ठी एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. कौस्तुभ सिंह ने मां सरस्वती और महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि डॉ. कौस्तुभ सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तमाम कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और टीम भावना के बल पर देश को गौरवान्वित किया।

उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने और लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ.राणा रणधीर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर अवसर, संसाधन और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तो ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ एवं हॉकी संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण ईमानदारी, मेहनत और समर्पण है। एक-दो बार हार मिलने से खिलाड़ी को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

निरंतर प्रयास करने वालों के लिए जीत का सिलसिला लंबा हो सकता है। गोष्ठी के बाद विभिन्न खिलाड़ियों को ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया गया और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष आशा राम वर्मा, देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष डॉ. आकाश, मनोज, प्रमोद समेत महाविद्यालय के शिक्षक, छात्राएं, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

मेरे पुत्र सद्दाम व उसकी पत्नी, नाजिम व उसकी पत्नी तथा तीसरा अविवाहित पुत्र शाहिद एक राय होकर मुझे मेरी पत्नी व अविवाहित पुत्री को मेरी समस्त संपत्ति हड़पने के नियत से भद्दी-भद्दी गाली गुप्ता देता रहता है तथा जान से मार डालना चाहता है जिससे हम लोग तंग आकर उपरोक्त सद्दाम, नाजिम व शहिद को अपने समस्त चल अचल संपत्ति से आज की तारीख से बेदखल कर रहा हूं, उन लोगों के किसी भी कार्य की जिम्मेदारी व पाबंदी मेरी नहीं होगी।

**प्रार्थी**
**अली हसन पुत्र सहजाद**
**निवासी परसोहिया,**
**डा. गनेशपुर, थाना-गैसडी,**
**तहसील तुलसीपुर, जिला-बलरामपुर।**

# तारीख पर तारीख की प्रवृत्ति हर हाल में बदलनी होगी : योगी

- पांच साल से पुराने राजस्व वादों को निपटाने के निर्देश
- गलत जनशिकायत निस्तारण पर पांच दिन में स्पष्टीकरण



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की जमीन, संपत्ति और अधिकारों से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। 'तारीख पर तारीख' की प्रवृत्ति हर हाल में बदलनी होगी। उन्होंने नायब तहसीलदार से लेकर राजस्व परिषद तक पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित कर समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने को कहा।

मुख्यमंत्री शनिवार देर शाम शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जिलों के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने धारा 33 के अविवादित वरासत मामलों को मिशन मोड में निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारियों को अपने जिलों में राजस्व न्यायालयों की कोर्टवार समीक्षा और लंबित मामलों की नियमित निगरानी करने को कहा।

समीक्षा में बताया गया कि 13 जुलाई से 23 अगस्त के बीच 17 से 23 अगस्त की अवधि में 13 से 19 जुलाई की तुलना में गंभीर अपराधों में 5.1 प्रतिशत, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 3.9 प्रतिशत और अनुसूचित जाति-जनजाति के विरुद्ध अपराधों में 11.2 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन में व्यापक क्राउड कंट्रोल प्लान तैयार करने को कहा। बांके बिहारी मंदिर के लिए अलग कार्ययोजना और जरूरत के अनुसार होल्डिंग एरिया बनाने के निर्देश दिए। वृंदावन में नया पुलिस सर्किल गठित करने तथा मथुरा और वृंदावन में अलग-अलग जॉइंट मजिस्ट्रेट तैनात करने को कहा। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हाईटेंशन तारों और उफनती नदियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

### गलत निस्तारण पर होगी जवाबदेही

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन और आईजीआरएस में आने वाली शिकायतों का वास्तविक और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण महज कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं होना चाहिए। असंतुष्ट फीडबैक वाले मामलों की दोबारा जांच कराई जाए। गलत आख्या या बिना जरूरी रिपोर्ट के शिकायत बंद करने वाले मामलों में संबंधित जिलाधिकारी या पुलिस कप्तान से पांच दिन में स्पष्टीकरण मांगा जाए। मुख्यमंत्री ने जोन और रेंज स्तर पर हर सप्ताह क्राइम एनालिसिस करने तथा महिला और बाल अपराधों में त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए।

# त्योहारों पर बसों का संचालन हो सुदृढ़ : दयाशंकर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



- चालकों को मृदुल व्यवहार किये जाने को किया जाए प्रशिक्षित
- साफ-सुथरी स्थिति में बसों को संचालित कराया जाए

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को आगामी त्योहार कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ संचालन के संबंध में निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि चालक यात्रियों से मृदुल व्यवहार करें।

परिवहन मंत्री ने कहा कि वाहनों को तत्काल निर्धारित 31 एवं 13 बिन्दुओं के मानक के अनुसार भौतिक एवं यांत्रिक परीक्षण कराया जाये तथा परीक्षण में पायी गयी कमियों का निराकरण कार्य तत्काल कराना सुनिश्चित करें। फिटनेस की स्थिति में वाहनों का संचालन किया जाये।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों को ऑन रोड स्थिति में रखते हुए शत प्रतिशत संचालन हेतु हमेशा तैयार रखा जाये। निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परिवहन सुविधा के साथ ही बस अड्डों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सुलभ शौचालय की साफ सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बस स्टेशनों में स्थित शौचालयों के पास चूने का छिड़काव सुनिश्चित किया जाये।

बसों के शीशे टूटे न हो एवं सीट फटी हुई न हो इसके लिए वाहनों को मार्ग पर भेजने से पूर्व निरीक्षण के साथ साफ-सुथरी स्थिति में बसों को संचालित कराया जाये।

परिवहन मंत्री ने कहा कि समस्त यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु समस्त चालकों के साथ बस स्टेशनों पर तैनात समस्त स्टाफ को निर्देशित किया जाये तथा चालकों को समय-समय पर यात्रियों से मृदुल व्यवहार किये जाने हेतु प्रशिक्षित भी किया जाये।

## खबरें एक नजर में

### प्रेमिका के पति की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एसटीएफ को जनपद उन्नाव के अचलगंज थाना में दर्ज एक मुकदमे में वांछित को महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता मिली हैं। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में ये कार्रवाई की जा रही थी। उन्होंने बताया कि अभिसूचना संकलन के क्रम में उप निरीक्षक सौरभ मिश्रा एवं सुनील कुमार तिवारी टीम के साथ पुणे महाराष्ट्र में थे। इसी दौरान पुलिस सूत्रों से पता चला कि उन्नाव जिले से वांछित 50 हजार का इनामी रफीक कुरैशी उर्फ लल्ली निकट हे रेडिसन होटल, थानाक्षेत्र खराडी, जनपद पुणे में मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त रफीक कुरैशी उर्फ लल्ली ने पूछताछ में बताया कि उन्नाव के अखलाखनगर निवासी इमरान उर्फ काले की पत्नी से उसके नाजायज सम्बन्ध थे। इस कारण आये दिन पति-पत्नी में विवाद होता था। महिला के कहने मैने अपने दोस्त फरमान उर्फ चुन्ना के साथ मिलकर इमरान उर्फ काले को जान से मारने का प्लान बनाया। छह जुलाई 2025 को मैं और मेरे दोस्त फरमान ने इमरान को शराब पिलाई । उसके उपरान्त सूनसान जगह पर ले जाकर धारदार हथियार से उसका गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद जब पुलिस केस में मेरा नाम आया तब मै वहाँ से पुणे आकर, गाड़ी (पिकप लोडर) चलाने का काम करने लगा था। गिरफ्तार अभियुक्त रफीक कुरैशी उर्फ लल्ली को न्यायालय पुणे के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त करते हुये पुणे से लाकर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव में दर्ज मुकदमे में दाखिल किया हैं। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

### हरियाली तीज का महिलाओं नें मनाया उत्सव

**लखनऊ।** स्कॉर्पियो क्लब में हरियाली तीज का उत्सव मनाया गया। जिसमें महिलाओं के द्वारा अनेक कार्यक्रम किए गए कार्यक्रम की शुरुआत। महिलाओं को रोली और ब्रॉच लगाकर वेलकम किया गया कार्यक्रम की शुरुआत शिव स्तुति से हुई, जिसकी प्रस्तुति ज्योति सिंह द्वारा की गई जागृत, दीपा सिंह जागृति, आशा श्रीवास्तव, रुचि शर्मा, सीमा सोमलता सिंह आदि के द्वारा डांस की प्रस्तुति की गई। कई प्रकार के गेम खेले गए विशेष कार्यक्रम में 60 महिलाओं शैल सक्सेना, शशि त्रिपाठी, आशा श्रीवास्तव दीपा सेठ। फूलमती, शशि वर्मा, दीप्ति सिंह, डॉ. संगीता ज्योति टमटा सम्मान दिया गया। रैम्प बॉक और कई क्वेश्चंस के चरणों के बाद तीज क्वीन का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में तीज क्वीन, यशी शुक्ला, रनर सोमलता सिंह सेकेंड रनरअप सीमा सिंह रही कार्यक्रम को होस्ट वह मंच संचालन अमिता त्रिपाठी, दीपाली वाजपेयी, ज्योति सिंह, नीलम श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### समस्याओं को लेकर डीसीपी से मिला भाकियू दल

**लखनऊ।** किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं थाना स्तर से संबंधित मामलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) का प्रतिनिधिमंडल आज डीसीपी दक्षिणी, लखनऊ से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, थाना स्तर पर लंबित प्रकरणों तथा पुलिस से संबंधित शिकायतों को डीसीपी दक्षिणी के समक्ष प्रमुखता से रखा। इस दौरान डीसीपी दक्षिणी के साथ सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वार्ता हुई। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समाधान का रास्ता निकालने का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की उम्मीद जगी है। संगठन ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार आवाज उठाता रहेगा।

### डाक अदालत आठ सितम्बर को

**लखनऊ।** डाक सेवाओं से संबंधित आम जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु 8 सितम्बर को प्रातः 11 बजे लखनऊ जीपीओ में 'डाक अदालत' का आयोजन किया जायेगा।। डाक अदालतें नागरिक-केंद्रित व्यवस्था के रुप में स्थापित की गई हैं, जिनका उद्देश्य ग्राहकों को डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिये एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना है।
आम नागरिक लखनऊ जीपीओ द्वारा प्रदान की जाने वाली डाक सेवाओं से संबंधित अपनी शिकायतें या अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। शिकायतें चीफपोस्टमास्टर, लखनऊ जीपीओ लखनऊ को 5 सितम्बर तक प्राप्त हो जानी चाहिये।
आवेदन डाक स्पीड पोस्ट, व्यक्तिगत रुप से अथवा लखनऊ जीपीओ की ईमेल आई.डी. पर प्रेषित किये जा सकते हैं। लिफाफे पर 'डाक अदालत' अंकित होना चाहिये।

### सिपाही ने चेन लूटकर भाग रहे बदमाश को पकड़ा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने जा रही महिला से बदमाश ने चेन लूट ली। वहां ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही ने चेन लूटकर भाग रहे बदमाश को पकड़ लिया। आरोपी ने सिपाही की नाक पर ईंट से दो बार वार किया। नाक से खून निकलने के बाद भी सिपाही ने उसे नहीं छोड़ा। घायल सिपाही ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना शुक्रवार दोपहर 12.13 बजे मड़ियांव इलाके की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। महिला ने घायल सिपाही को राखी बांधी। उनसे कहा आपने बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए इस बहन को बचा लिया। मड़ियांव में शुक्रवार दोपहर महिला रुबी कश्यप अपने भाई को राखी बांधने जा रही थी। तभी मड़ियांव ढाल के पास एक बदमाश दौड़ता हुआ आया। उसने रूबी को एक तमाचा मारा, जब तक रूबी कुछ समझ पातीं तब तक उसने बदमाश ने उनके गले से चेन खींच ली और भागने लगा। वहां ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक सिपाहियों ने ये देखते ही बदमाश का पीछा शुरू कर दिया। ट्रैफिक सिपाही नवीन चौधरी ने दौड़ाकर आरोपी को पकड़ लिया। भागने की कोशिश में आरोपी ने पास में पड़ी ईंट उठाकर नवीन की नाक पर दो बार मारी। चोट लगते ही नवीन की नाक से खून निकलने लगा। बदमाश के हमले से घायल होने के बावजूद ट्रैफिक सिपाही नवीन चौधरी ने चेन लूटने वाले आरोपी को पकड़े रखा। कुछ ही देर में सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया आरोपी के खिलाफचेन स्नेचिंग समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई है। घायल सिपाही को इलाज के लिए हिमसिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी नाक पर दो टांके लगाए हैं। फिलहाल उनकी हालत सामान्य है।

### सीआरपीएफ जवानों को बहनों ने बांधी राखी

**लखनऊ।** आशियाना स्थित 93वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) परिसर में 28 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। मां विंध्यवासिनी ट्रस्ट और आरएसएस के सदस्यों ने सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी। इस अवसर पर सीआरपीएफके अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। देश की सेवा में अपने परिवार से दूर रहने वाले जवानों के लिए यह पर्व खास रहा। कार्यक्रम में 93वीं वाहिनी के कमांडेंट अनूप कुमार साहू, उप कमांडेंट रमेश सिंह और उप कमांडेंट संजय कुमार सिंह सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद थे। कमांडेंट अनूप कुमार साहू ने मां विंध्यवासिनी ट्रस्ट और आरएसएस के सदस्यों का उपहार भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं भी दीं। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में आपसी विश्वास, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संदेश भी देता है। यह कार्यक्रम सुरक्षा बलों और समाज के बीच भावनात्मक जुड़ाव तथा देशप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने वाला रहा।

# राजनाथ की मौजूदगी में खिले छात्रों के चेहरे

- बीबीएयू में 11वां दीक्षांत समारोह
- प्रोटोकॉल तोड़ लिया कुलपति का नाम
- रक्षा मंत्री की टिप्पणी ने खींचा लोगों का ध्यान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 11वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और डिग्री पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा, ब्रजेश जी, यह शिक्षण संस्थान है, इसलिए मैं प्रोटोकॉल तोड़ते हुए सबसे पहले कुलपति का नाम ले रहा हूं। राजनाथ सिंह की इस टिप्पणी पर समारोह में मौजूद लोगों ने ध्यान खिंचा। इस दौरान ब्रजेश पाठक मुसकुराते हुए देख रहे थे।

रक्षा मंत्री ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सभी डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने उन छात्रों को भी शुभकामनाएं दीं, जो किसी कारणवश समारोह में मौजूद नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि डिग्री हासिल करना विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसके बाद उनके सामने आगे बढ़ने और समा लिए योगदान देने के नए अवसर खुलते हैं।

उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान और नौकरी हासिल करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इससे व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और काम करने की क्षमता का भी विकास होना चाहिए।

दीक्षांत समारोह के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रोटोकॉल का जिक्र करते हुए कहा कि आमतौर पर कार्यक्रमो में नाम लेने का एक निर्धारित क्रम होता है, लेकिन यह शिक्षण संस्थान है, इसलिए उन्होंने प्रोटोकॉल से हटकर सबसे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति का नाम लिया।

### अभिषेक के आवास पहुंच कर व्यक्त की शोक संवेदना

राजनाथ सिंह ने शनिवार शाम भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे के चौक स्थित निज आवास पहुंचकर उनके पूज्य पिताजी स्व. ओम प्रकाश खरे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संतप्त परिजनों से भेंट करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अभिषेक खरे, उनके भाई अनुभव खरे, बहन अंजलि सक्सेना एवं परिवार की वरिष्ठ सदस्या

# रक्षाबंधन के पर्व पर भाई-बहनों ने लगाए एक लाख से अधिक पौधे

- रक्षासूत्र बांधकर प्रकृति की रक्षा का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



रक्षाबंधन पर भाई-बहनों ने प्रदेश में एक लाख से अधिक पौधे लगाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में इस विशिष्ट वन रक्षाबंधन वाटिका में पौधरोपण किया।

विशिष्ट वनों के अंतर्गत सभी वन प्रभागों में रक्षाबंधन वाटिका में पौधे लगाए गए। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण महायज्ञ-2026 में विशिष्ट वन महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कपि वन, ऊर्जा वन, एक्सप्रेस-वे-पौधरोपण, अविरल धारा पौधरोपण, वंदे मातरम वाटिका आदि स्थापित किए गए।

इसी श्रृंखला में भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक' रक्षाबंधन पर 28 अगस्त प्रत्येक वन प्रभाग में भाई-बहन पौधरोपण के माध्यम से 59 स्थलों पर 109171 पौधे रोपित कर 59 नई रक्षाबंधन वाटिकाओं की स्थापना की गई। गोरखपुर वन प्रभाग में रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में बरगद का पौधा रोपा। मौलश्री समेत 101 अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रजातियों पर छात्र एवं छात्राओं ने रक्षासूत्र बांधकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया गया।

# रक्षाबंधन पर मुफ्त बस यात्रा का वादा रहा छलावा : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने साधा भाजपा पर निशान
- जाट समाज से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा के मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने रक्षाबंधन पर मुफ्त बस यात्रा का वादा तो किया, लेकिन बसें ही हटवा दीं।

अखिलेश यादव ने भाजपा नेताओं पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा, प्राण जाए पर वचन न जाए कहने वाले रघुवंशियों तक को ठग लेने वाले ये भाजपा नेता क्या वचन निभाएंगे।

उन्होंने जाट समाज से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जाट समाज में व्याप्त आक्रोश और मारे गए लोकप्रिय युवा गायक अंकित बालियान के दुखी पिता की बात सुनेंगे या उनसे भी उसी तरह पेश आएंगे, जैसा पहले एक दुखी मां के साथ हुआ था। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ वोटों की सगी है, जाट या किसी अन्य समाज की नहीं।

उन्होंने कहा कि आज जो जाट नेता अपने स्वार्थ के कारण भाजपा के साथ खड़े हैं, उनसे पूरा जाट समाज जवाब मांग रहा है। सपा अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि भाजपा के सहयोगी जाट नेता आखिर कहां भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि युवा जाट आज ऐसे नेताओं को तलाश रहे हैं और उनसे जवाब मांगना चाहते हैं।

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** एसटीएफ ने आजमगढ़ में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी प्रमोद कुमार को कैसरबाग इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लखनऊ में छिपकर रह रहा था। शुक्रवार को वह कैसरबाग स्थित ग्लोब पार्क के पास अपने दोस्त से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने कैसरबाग पुलिस के साथ घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक, वांछित और पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है। इस दौरान एसआई देवेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एसटीएफटीम 28 अगस्त को लखनऊ में जानकारी जुटा रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि आजमगढ़ के कोतवाली थाने में गैंगस्टर एक्ट में वांछित 50 हजार रुपए का इनामी प्रमोद कुमार ग्लोब पार्क के पास किसी से मिलने आने वाला है। सूचना के आधार पर एसटीएफने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी और टीम के साथ ग्लोब पार्क के पास पहुंच गई। मुखबिर की निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र जयकरन उर्फसहदेव निवासी पुसड़ाआईमा, थाना कोतवाली, आजमगढ़ के रूप में हुई है।

# भाजपा मंडल मंत्री के घर लाखों की चोरी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मोहनलालगंज में चोरों ने रक्षाबंधन के दौरान भाजपा मंडल मंत्री विमलेश शर्मा के बंद मकान को निशाना बना लिया। फुलवारिया मोड़ स्थित घर का मेन गेट और कमरे का ताला तोड़कर चोर अलमारी और बक्से में रखे लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

घटना के समय मंडल मंत्री अपनी मां और परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाने मौसी के घर गई थीं। बताया जा रहा है कि देर रात चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर अलमारी और बक्से खंगाले। चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफकर दिया। सुबह पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी मंडल मंत्री को दी।

सूचना मिलते ही वह परिवार के साथ घर पहुंचीं तो मकान के ताले टूटे और अंदर सामान बिखरा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रामबाबू पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की गहनता से जांच-पड़ताल शुरू की। चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए और चोरों के आने-जाने के संभावित रास्तों की भी पड़ताल की। पुलिस आसपास के मकानों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं, पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस के साथ ही भाजपा के स्थानीय नेताओं को भी दी है।

पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। फिलहाल चोरी गए जेवरात और नकदी की कीमत का आकलन किया जा रहा है। पीड़िता विमलेश शर्मा पत्नी सुरेंद्र शर्मा निवासी ज्योति नगर रोड, कस्बा मोहनलालगंज ने चोरों ने अलमारी व बक्सों के ताले भी तोड़ दिए।

पीड़िता के मुताबिक, चोर उनकी मां की पेंशन के रखे 50 हजार रुपये नकद के साथ बेटे-बहू के सोने-चांदी के जेवरात भी उठा ले गए। चोरी गए जेवरात में सोने का हार, झुमके, चेन, तीन अंगूठियां, मांग टीका, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट समेत अन्य कीमती सामान शामिल है।

### केजीएमयू में बच्चे का कोलेडोकल सिस्ट निकाल हुआ दुर्लभ ऑपरेशन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** केजीएमयू में पांच साल के बच्चे की रोबोटिक सर्जरी जरिये पित्त नली की विकृत गांठ का सफल ऑपरेशन किया गया। बच्चे को एक वर्ष की उम्र से रुक-रुककर पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। कई डॉक्टरों से इलाज के बाद आराम नहीं मिला। इसके बाद परिजन उसे केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी में लेकर पहुंचे। जांच में कोलेडोकल सिस्ट की पुष्टि हुई।
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की डॉ. अर्चिका गुप्ता और उनकी टीम ने बच्चे की रोबोटिक सर्जरी की।
ऑपरेशन के दौरान पेट में चार छोटे की-होल चीरे लगाए गए। प्रभावित पित्त नली में पनपी सिस्ट को बाहर निकाला। उसके बाद आंत में पित्त के सामान्य बहाव के लिए नया रास्ता बनाया गया।
बच्चे को ऑपरेशन के बाद कम दर्द हुआ। उसने जल्द ही खाना-पीना शुरू कर दिया। कोलेडोकल सिस्ट पित्त नली के असामान्य रूप से फैलने की स्थिति है। इससे पित्त के आंत तक पहुंचने में बाधा हो सकती है। पेट दर्द, पीलिया व बार-बार संक्रमण जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। समय पर पहचान और सर्जरी से आगे की जटिलताओं से बचाव किया जा सकता है।

### सीएम योगी समेत कई नेताओं ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने विश्व प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी और मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं दीं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स पर पोस्ट में कहा, हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि तथा राष्ट्रीय खेल दिवस की खिलाड़ियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने लोगों का आह्वान किया कि वे खेल को जीवन का संस्कार, अनुशासन को अपनी पहचान और तिरंगे की आन-बान-शान को अपना सर्वोच्च लक्ष्य बनाएं। यही मेजर ध्यानचंद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विकसित भारत की सशक्त, स्वस्थ एवं आत्मविश्वासी युवा शक्ति का आधार बनेगा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर कहा कि हॉकी के जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनकी प्रतिभा ने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया और खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा दी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पद्म भूषण से सम्मानित, हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन!



# रक्षाबंधनः भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधा विश्वास-प्यार का रक्षासूत्र

- घरों से लेकर जेल तक रक्षाबंधन पर्व को लेकर दिखा उत्साह व प्यार
- रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर उमड़ी बहनों भीड़
- अधिकारियों ने संभाली व्यवस्थाएं

समृद्धि न्यूज






**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जनपद में बहनों व भाई का प्यार देखने को मिला। सुबह से ही त्योहार मनाने के लिए बहनों का भाईयों के घर आना शुरू हो गया। यह सिलसिला देररात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी रक्षाबंधन त्योहार की अच्छी खासी भीड़भाड़ रही। रोडवेज बसों व सिटी बसों में तीन दिन निरूशुल्क यात्रा होने के कारण बहनों ने प्राइवेट वाहनों को छोड़कर बसों से सफर तय किया। भीड़भाड़ में व्यवस्थाएं बनी रहे, इसके लिए रोडवेज एआरएम अरुण कुमार व एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम ने भी आकर यात्रियों से संवाद किया। रोडवेज बसों की व्यवस्थाएं परखी। वही बात अगर जिला कारागार की करें तो वहां भी भावनाओं से भरा अनोखा दृश्य देखने को मिला। सलाखों के पीछे बंद भाइयों की कलाई पर बहनों ने प्यार से राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र व सुखी जीवन की कामना की। इस दौरान बहनों ने भाइयों से दोबारा अपराध की दुनिया में कदम न रखने का वचन मांगा। कई बहनों की आंखें नम थीं तो भाइयों ने भी अपराध छोड़कर नई जिंदगी शुरू करने का संकल्प लिया। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के इस रिश्ते ने जेल की सलाखों के बीच भी उम्मीद की एक नई किरण जगा दी। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने बताया कि लगभग ४०० बहनों ने आकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। जेल में सुबह ८ बजे से शाम 4 बजे तक रक्षाबंधन की भीड़भाड़ रही। त्योहार पर सरकारी आवासों पर हर्षोल्लास देखा गया।

## पूर्व जिपं. अध्यक्ष के निधन के उपरांत केंद्रीय राज्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह के निधन के उपरांत उनके नियामतपुर स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्व. श्री यादव की पत्नी लज्जावती सहित उनके पुत्र पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव एवं अभय यादव को आश्वस्त किया कि वह उनके हर सुख-दुख में सदैव उनके लिए खड़े रहेंगे। तदोपरांत श्री प्रसाद ने ग्राम खिरिया पहुँच कर सेंट्रल बार एशोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विनीत त्रिपाठी के पिता विद्याधर त्रिपाठी के गत दिवस निधन पर परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की। श्री प्रसाद ने



कहा कि स्व. त्रिपाठी जी हमारे पिता जी स्व. जितेंद्र प्रसाद जी के सदैव सहयोगी रहे उनका निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है। शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान श्री प्रसाद के साथ उनके मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व नामित सदस्य अवधेश दीक्षित साथ रहे।

# जब तक पढ़ना चाहें, पढ़ेंगी बेटियां, आत्मनिर्भर बनाने में संस्था करेगी पूरा सहयोगः नीलम गुप्ता

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जरूरतमंद छात्राओं की शिक्षा जारी रखने के लिए सामाजिक संस्था उड़ान एक उम्मीद ने एक बार फिर संवेदनशील पहल की। संस्था ने दो जरूरतमंद छात्राओं की ग्रेजुएशन की फीस प्रदान कर उनकी आगे की पढ़ाई का रास्ता आसान किया।जिला शिक्षा अधिकारी हरवंश सिंह ने संस्था को इन छात्राओं की स्थिति के बारे में बताया था। दोनों छात्राओं ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर ली है और आगे पढ़कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। छात्राओं के पिता का निधन हो चुका है, जबकि उनकी मां पैरालाइज्ड हैं। ऐसे कठिन हालात में भी दोनों ने पढ़ाई जारी रखने का सपना नहीं छोड़ा।संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता एवं पदाधिकारियों ने छात्राओं को फीस प्रदान करते हुए आश्वासन दिया कि वे जब तक पढ़ना चाहें, संस्था उनकी शिक्षा में सहयोग करती रहेगी और उन्हें



आत्मनिर्भर बनाने में हरसंभव योगदान देगी। फीस मिलने पर दोनों छात्राएं भावुक होकर फफक पड़ीं।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरवंश सिंह और सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहीं। संस्था ने कहा कि समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग अवश्य करना चाहिए।

# एसडीएम के आश्वासन पर भाकियू ने समाप्त किया 28 दिन से चल रहा धरना

- कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ने कराया धरना समाप्त
- एक सप्ताह में शेष मांगों के निस्तारण का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 28 दिनों से चल रहा धरना शनिवार को एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। उपजिलाधिकारी स्वयं धरना स्थल कार्यालय पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता कर उनकी शेष मांगों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। वार्ता के दौरान भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों से



जुड़ी लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि बची हुई सभी मांगों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद संगठन ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के समक्ष धरना समाप्ति की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा मांगों के निस्तारण के लिए समय दिया गया है, इसलिए फिलहाल धरना समाप्त किया जा रहा है। यदि तय समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे की रणनीति तय करेगा।

धरना समाप्त होने के मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू लगातार आवाज उठाती रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत में घोटाले को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**बंडा, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत में सरकारी धन का दुर्पयोग कर धन हड़पने का ग्राम प्रधान व सचिव पर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए जांच कराए जाने की मांग की है। बंडा के गांव मुड़िगवां के नन्हेंलाल, मुकेश कुमार आदि लोगों ने डीएम को पत्र देकर बताया कि उनके गांव में ग्राम प्रधान और सचिव की मिली भगत से लाखों का फर्जी भुगतान निकाल लिया गया गांव में कोई कार्य नहीं कराया गया है ग्रामीणों ने जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है। खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया कि जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम समाज की भूमि पर खड़े सेमल के पेड़ बेचे जाने की जांच शुरू

**बंडा, शाहजहांपुर।** ग्राम समाज की भूमि पर खड़े सेमल के पेड़ अवैध रूप से काटकर बेच दिए जाने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम के आदेश पर जांच चल रही है। गांव मुड़िगवां के नन्हेंलाल, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, प्रेमचंद, खुशीराम आदि ग्रामीणों ने डीएम को पत्र देकर बताया करीब दो माह पूर्व गांव के दक्षिण ग्राम समाज की भूमि पर खड़े करीब 60 सेमल के पेड़ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बेच दिए और उसका पैसा अपने निजी खर्च में ले लिया है सरकारी संपत्ति नुकसान हुआ है ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान पति ने किसी अधिकारी से ना तो अनुमति ली और ना ही नीलामी कराई जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ है और ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। इस संबंध में रेंजर दिनेश बडोला ने बताया कि सेमल फ्री प्रजाति में आते हैं और ग्राम समाज से वन विभाग का कोई संबंध नहीं होता वह राजस्व विभाग में आता है फिर भी जांच कराई जाएगी। हल्का लेखपाल अखिलेश कुमार ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पेड़ बेचकर प्रधान ने मंदिर निर्माण में पैसा लगा दिया है। प्रधान पति रजनीश कुमार ने बताया कि करीब डेढ़ लाख में पेड़ बिके थे जिस पैसे से गांव में दो मंदिर बनवा दिए गए।

# मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा की बाढ़ घटी, बाढ़ग्रस्त गांवों के रास्ते खुले

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में गंगा और रामगंगा नदियों का जलस्तर घट गया है। गंगा के खादर क्षेत्र की सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के मजरा पैलानी को छोड़कर शेष सभी मजरों के आसपास भरा बाढ़ का पानी सिमट गया है। जिससे में सभी बाढ़ग्रस्त गांवों के रास्ते और संपर्क मार्ग खुल गए हैं। बाढ़ग्रस्त गांवों में पांच दिन चली नावों की आवश्यकता खत्म हो गई है। ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के प्रधान फारूक अली ने बताया कि फिलहाल गंगा की बाढ़ घटकर बाढ़ का पानी गंगा में सिमट गया है। ग्राम पंचायत के मजरा पैलानी उत्तर में अभी भी बाढ़ का पानी सड़क पर भरा हुआ है। जिससे पैलानी उत्तर के



ग्रामीण अभी भी नाव से ही गांव से बाहर आ जा रहे हैं। शेष सभी बाढ़ग्रस्त गांवों की सड़कें पानी से खुल जाने आवागमन सुगम हो गया है। जिससे क्षेत्र में चल रही सरकारी नावों की आवश्यकता फिलहाल खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए चैंरा - बसोला नगला संपर्क मार्ग पर ईंट का रोड़ा डलवाकर मार्ग आवागमन योग्य बनवाया जा रहा है। शेष गांवों की सड़कों और गलियारों की भी मरम्मत करवाई जाएगी। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने अधीनस्थ राजस्वकर्मियों और अधिकारियों के साथ गंगा की बाढ़ से प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर बाढ़ समाप्त होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाए जाने पर ग्राम प्रधान और समाजसेवी रिजवाज अहमद के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

# तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

- मवेशियों को हटाने के दौरान फिसला पैर

समृद्धि न्यूज

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव नयागांव महसूलपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां तालाब में डूबने से 55 वर्षीय सुरेश की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नयागांव महसूलपुर निवासी सुरेश (55 वर्ष) शुक्रवार शाम करीब सात बजे अपने मवेशियों को देखने के लिए गांव के पास स्थित तालाब के पास गए थे। जानवर तालाब के नजदीक ही खड़े थे, जिन्हें सुरेश वहां से हटाने का प्रयास कर रहे थे।

जब मवेशी अपनी जगह से नहीं हटे, तो सुरेश उन्हें भगाने के लिए तालाब के बिल्कुल किनारे पहुंच गए। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे, जिससे वह डूबने लगे।

घ्घटना की भनक लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

परिवार वालों की सूचना पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

राहत और बचाव कार्य के लिए स्थानीय तैराकों के साथ-साथ फायर यूनिट की मदद ली गई।

करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत और खोजबीन के बाद सुरेश के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका।

## बंडा में नहर में कूदकर जान देने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**समृद्धि न्यूज बंडा, शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर शाहजहांपुर के बंडा क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को नहर के पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक युवक की जान पुलिसकर्मियों ने समय रहते बचा ली। गहलुइया निवासी जरनैल सिंह का छोटा पुत्र वयन्त सिंह अपने बड़े भाई बलिहार सिंह से किसी बात पर नाराज होकर सुबह करीब 10 बजे घर से निकल आया । आवेश में आकर वह नहर के पुल पर पहुंचा और छलांग लगाने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान रक्षाबंधन ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल सचिन मिश्रा और होमगार्ड वीरेंद्र प्रताप शुक्ला की नजर उस पर पड़ गई। दोनों पुलिसकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए युवक को तत्काल रोका, समझा-बुझाकर शांत किया और सुरक्षित नीचे उतार लिया। पूछताछ में वयन्त सिंह ने स्वीकार किया कि वह बड़े भाई बलिहार सिंह से वह किसी बात को लेकर नाराज हो गया था और गुस्से के चलते आत्मघाती कदम उठाने जा रहा था। इधर मौके पर पहुंचे बलिहार सिंह ने बताया कि मामूली कहासुनी में वह घर से भाग आया और शराब के नशे में नहर से कूदने जा रहा था तभी पुलिसकर्मियों ने उसे देखा और बचा लिया। अब वह उसे लेकर अपने साथ घर ले गया है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुल के पास जवानों की तैनाती की गई थी। जवानों की सतर्कता से युवक की जान बच सकी। बाद में युवक को सुरक्षित उसके बड़े भाई बलिहार सिंह के सुपुर्द कर दिया गया।

# मामा के घर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के कहमारा गांव में शनिवार सुबह एक युवक ने अपने मामा के घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे का दरवाजा खोलने पर उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। लखीमपुर जिले के हैदराबाद थाना क्षेत्र के परेली गांव निवासी 20 वर्षीय निर्देश कुमार



पिछले करीब दो वर्षों से पुवायां में परिवार के साथ रह रहा था। वह मेहनत-मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम वह कहमारा गांव स्थित अपने मामा आदेश कुमार के घर गया था और रात में वहीं रुक गया। शनिवार सुबह परिवार के सदस्यों ने कमरे का दरवाजा खोला तो निर्देश का शव फंदे से लटका मिला। इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक के कपड़ों और सामान की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के मामा आदेश कुमार ने बताया कि निर्देश को दौरे पड़ते थे, जिस कारण वह परेशान रहता था। हालांकि आत्महत्या का यही कारण था या नहीं, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। आदेश ने बताया कि निर्देश के पिता जसकरण ने निगोही रोड स्थित एक कॉलोनी में मकान बनवा लिया है और वहीं रहते हैं। निर्देश तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई अंकित कुमार की उम्र 25 वर्ष और अवनीश कुमार की उम्र 22 वर्ष है। बहनों में अंशुल 21 वर्ष, आशिक 17 वर्ष और वैष्णवी 12 वर्ष की हैं। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजनों की ओर से अभी कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ईओ ने ठेकेदार के खिलाफ दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

- फर्जी प्रमाण पत्र लगाने में फंसा ठेकेदार

समृद्धि न्यूज


**तिलहर-शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देश पर ईओ सुनील कुमार ने निविदा टेंडरों में कूटरचित प्रमाण पत्र आदि लगाए जाने के मामले में मै मथुरा कंट्रक्शन फर्म स्वामी ठेकेदार प्रदीप गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहागया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत पाईपलाइन लीकेज रिपेयरिंग सामग्री की आपूर्ति किये जाने का कार्य किये जाने हेतु निविदा में, वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्ड संख्या छह मोहल्ला बहादुरगंज में रामनरेश की दुकान से प्रमोद के आगे आरामिल तक मिट्टी भराव करके उच्चीकरण व नाली निर्माण का कार्य, तहसील रोड पर स्थित पालिका कम्युनिटी सेन्टर के किचन का अवशेष निर्माण कार्य एवं शादी हाल की बाउन्ड्री बाल की मरम्मत जीणोद्धार कार्य , पालिका के मुख्य कार्यालय के पूर्व में बने रिकार्ड रूम का जीणोद्धार, राजकीय कन्या इण्टर कालेज व विभित्र प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प कार्य, नगर क्षेत्र में स्थापित इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प रीबोर आदि कार्यो की निविदाओं में प्रतिभाग करने के लिए नगर के मोहल्ला नीतगंजा निवासी मैसर्स मथुरा कान्सट्रक्शन के स्वामी प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र स्व मथुरा प्रसाद ने सुसंगत अभिलेखो (हैसियत प्रमाण पत्र, जीएसटीध्लेवरध् ईपीएफ प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी कार्यालय से जारी चरित्र प्रमाण पत्र) संलग्न किए थे।

गौर तलब है कि नगर के बार्ड संख्या 11 मीरगंज के सभासद कयूम खां द्वारा जिलाधिकारी से अपने पैड पर उक्त फर्म की ओर से टैन्डरों में लगायी गयी एफडीआर व चरित्र प्रमाण पत्र फर्जी करार देते हुए शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच में पुष्टि होने पर 24 अगस्त को ईओ को सुनील कुमार को फर्म स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही उक्त फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में ईओ की ओर से ठेकेदार प्रदीप गुप्ता के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र लगाए जाने की धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# झगड़ा शांत कराने पहुंचे मजदूर की पीटकर हत्या, सात पर रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के सबलापुर गांव में शुक्रवार शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे मजदूर की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में उपचार के दौरान रात करीब 11 बजे दम तोड़ दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सबलापुर गांव निवासी पप्पू शुक्रवार शाम करीब छह



बजे गांव में मुनेंदर और कमल के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने पहुंचे थे। बताया गया कि दोनों के बीच पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे पप्पू को ही मुनेंदर



और कमल समेत अन्य लोगों ने निशाना बना लिया। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पप्पू पर ताबड़तोड़ प्रहार किए गए। सिर और शरीर में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े। मारपीट की जानकारी मिलने पर पप्पू के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन गंभीर हालत में पप्पू को पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे सरजू की तहरीर पर पुलिस ने मुनेंदर, कमल, रीना, सेवान, सोनू, रोशनी और कुमरी देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। पप्पू मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। पत्नी राम श्री ने बताया कि पप्पू का विवाद से कोई लेना-देना नहीं था। वह केवल झगड़ा शांत कराने और दोनों पक्षों में बीच-बचाव करने गए थे। इसी दौरान उन पर हमला कर दिया गया। पप्पू की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री किट

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।

क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का प्रशासनिक अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम पंचायत भरथौली के प्राथमिक विद्यालय परिसर में राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता के निर्देशन में प्रशासन की टीम ने बाढ़ की मार झेल रहे जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कुल 15 राहत सामग्री किट वितरित कीं। राहत किट मिलने से प्रभावित परिवारों को कुछ राहत महसूस हुई है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आपदा के



इस समय में हर जरूरतमंद तक समय पर मदद पहुंच सके।

इस अवसर पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार समेत राजस्व विभाग के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने पूरी पारदर्शिता के साथ राहत सामग्री का वितरण कराया। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थिति पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है।

# कानून के छात्र का झाड़ियों में शव बरामद

- मृतक के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज करायी हत्या की रिपोर्ट

समृद्धि न्यूज



**तिलहर- शाहजहांपुर।** रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में युवक का क्षत विक्षत शव बरामद होने के मामले में मृतक के भाई ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या कर शव फेंके जाने की जीआरपी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी गोविंद कश्यप पुत्र राजाराम कश्यप ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई दिलीप कुमार कश्यप जो कि कानून की पढ़ाई कर रहा था और तहसील तिलहर में विधि व्यवसाय सीख रहा था। वह बीती 27 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे घर पर यह कह कर निकला कि वह काम से बरेली जा रहा है। दिलीप बरेली से वापसी में फरीदपुर अपनी बहन के घर गया। जहां बताया कि उसे कटरा में किसी को कागज देकर रूपये लेने हैं। तथा कटरा हाईवे पर स्थित प्रॉपर्टी की पंचायत है। किसी व्यक्ति से मिलना है। रात साढ़े नौ बजे तक फोन पर बात हुई। उसके बाद बात नहीं हुई। उधर 27/28 की मध्य रात्रि तिलहर रेलवे-स्टेशन से पश्चिम आउटर के समीप झाड़ियों में क्षत विक्षत अवस्था में दिलीप का शव बरामद होने की 28 अगस्त सुबह करीब नौ बजे पुलिस से उसे जानकारी मिली। आरोप है कि उसके भाई का मोहल्ला बाजार कटरा निवासी अमित मिश्रा, अक्षय मिश्रा पुत्र गण राजेंद्र प्रसाद व 98 डुप्लेक्स 2 रजत विहार सेक्टर 62 नोयडा निवासी ममता त्रिपाठी पत्नी अश्वनी त्रिपाठी व उनकी बेटियों अपर्णा त्रिपाठी व अंजली त्रिपाठी से प्रापर्टी का विवाद चल रहा था। उक्त लोग प्रपर्टी पर राजीनामा करने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि अगर राजीनामा नहीं करोगे तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। उक्त लोगों ने ही उसके भाई की हत्या करवाकर लाश को तिलहर रेलवे स्टेशन के पास फेंक दिया। जिससे कि घटना एक हादसा लगे। उधर विधायक सलोना कुशवाहा ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

## बहन की सड़क हादसे में मौत राखी बांधने जा रही थी

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।** रक्षाबंधन पर मायके राखी बांधने जा रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के जहानपुर के पास लखीमपुर-भीरा मार्ग पर हुई। महिला को जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन लखनऊ ले जाते समय एंबुलेंस में ही दम तोड़ दिया।मृतका भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम मलूकापुर कलां निवासी मंजू वर्मा (पत्नी राम शंकर वर्मा) के रूप में हुई है। राम शंकर वर्मा ग्राम मलूकापुर कलां के प्रशासक प्रतिनिधि हैं।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को मंजू वर्मा लखीमपुर शहर से भीरा थाना क्षेत्र के गांव नौसर जोगी स्थित अपने मायके राखी बांधने जा रही थीं। जहानपुर के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में मंजू वर्मा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजन उन्हें तत्काल एक निजी वाहन से लखीमपुर स्थित जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से मंजू वर्मा को लखनऊ ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।राम शंकर वर्मा का परिवार लखीमपुर शहर में किराए के मकान में रहता है। उनका पैतृक घर भीरा थाना क्षेत्र के मलूकापुर कलां में है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग की मरम्मत शुरू




**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

भारी वर्षा के कारण 27 अगस्त को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित पोस्टमार्टम हाउस संपर्क मार्ग की पुलिया बह जाने और करीब 30 मीटर सड़क कट जाने के बाद जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत द्वारा क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत और अस्थाई पुलिया निर्माण का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू करा दिया गया है।

जिला पंचायत की ओर से कराए जा रहे मरम्मत कार्य को शुक्रवार शाम तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्य पूर्ण होने के बाद पोस्टमार्टम हाउस तक वाहनों का आवागमन सुचारु हो सकेगा और लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। प्रशासन की ओर से बताया गया कि भविष्य में भारी वर्षा अथवा किसी अन्य विपरीत परिस्थिति में आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा आगामी तीन दिनों में पोस्टमार्टम हाउस तक करीब 315 मीटर लंबाई में अतिरिक्त खड़ंजा निर्माण कराया जाएगा। इससे मार्ग को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** थाना परशुरामपुरी क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक 69 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में औपचारिकताएं पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्राम नौगवां निवासी रामौतार पुत्र द्वारिका बीते 23 अगस्त 2026 की शाम करीब 6.30 बजे ग्राम रैपुरा पुलिया के पास एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया था, जहां पांच दिनों तक चले इलाज के बाद 28 अगस्त को दोपहर करीब 12.25 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वृद्ध की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक के दोनों पैर कटे

**पीलीभीत।** गजरौला थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह माला रेलवे स्टेशन के निकट एक दर्दनाक हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दियूरी हाल्ट से करीब एक किलोमीटर पहले रेल पटरी पर मौजूद युवक पीलीभीत से पूरनपुर की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि युवक के दोनों पैर कट गए। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया।

# धीमी साइकिल रेस में बच्चों ने दिखाई धैर्य व एकाग्रता की मिसाल

- मेजर ध्यानचंद जयंती पर रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम का आयोजन
- करीब 60 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम, पीलीभीत की ओर से संतराम सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शनिवार को धीमी साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। सुबह 8:30 बजे शुरू हुई इस अनूठी प्रतियोगिता में बच्चों ने तेज गति के बजाय संतुलन, धैर्य और एकाग्रता का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को सामान्य दौड़ में सबसे आगे निकलने की मानसिकता से अलग हटकर स्वयं पर नियंत्रण, आत्मनिरीक्षण और एकाग्रता की ओर प्रेरित करना रहा। आयोजकों के अनुसार धीमी गति से साइकिल चलाने के दौरान प्रतिभागियों को अपने शरीर और मन के बीच बेहतर तालमेल बनाते हुए संतुलन बनाए रखना था। प्रतियोगिता में कुल तीन राउंड कराए गए। इनमें दो राउंड बालकों तथा एक राउंड बालिकाओं के लिए रहा। विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे लगभग 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें सबसे तेज साइकिल चलाने वाले नहीं, बल्कि सबसे अधिक धैर्य के साथ अंत तक संतुलन बनाए रखने वाले बच्चों को विजेता चुना गया। प्रत्येक राउंड से पांच-पांच प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस प्रकार तीनों राउंड से कुल 15 बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

# रक्षाबंधन पर नफीस अहमद अंसारी ने निभाई भाई-बहन के स्नेह की मिसाल

- रेनू मिश्रा ने बांधी राखी
- वर्षों से चली आ रही परंपरा को इस बार भी दिया सम्मान
- गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश बना आयोजन



**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गोदावरी स्टेट निवासी रेनू मिश्रा ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महासचिव तथा समाजसेवी नफीस अहमद अंसारी की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की आत्मीयता को और मजबूत किया। खास बात यह रही कि यह कोई पहली बार का आयोजन नहीं था, बल्कि नफीस अहमद अंसारी पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के अवसर पर रेनू मिश्रा से राखी बंधवाने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने उसी आत्मीयता और सम्मान के साथ इस रस्म को निभाया। रक्षाबंधन के मौके पर हुए इस स्नेहपूर्ण मिलन में भाई-बहन के रिश्ते के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिखाई दिया। रेनू मिश्रा ने नफीस अहमद अंसारी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं नफीस अहमद अंसारी ने भी रेनू मिश्रा के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। नफीस अहमद अंसारी और रेनू मिश्रा के बीच रक्षाबंधन पर राखी बांधने की यह परंपरा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है। हर वर्ष पर्व आने पर दोनों परिवारों के बीच आत्मीय मुलाकात होती है और इसी क्रम में रेनू मिश्रा उन्हें राखी बांधती हैं। इस बार भी परंपरा को कायम रखते हुए रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर ने यह संदेश दिया कि रिश्तों की मजबूती केवल पारिवारिक संबंधों तक सीमित नहीं होती, बल्कि आपसी सम्मान, विश्वास और अपनत्व से भी रिश्ते उतने ही मजबूत बनते हैं। रक्षाबंधन के इस आयोजन में पीलीभीत की गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली। नफीस अहमद अंसारी ने जिस आत्मीयता के साथ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को सम्मान दिया, वह सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का सकारात्मक संदेश देता है। धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बीच एक-दूसरे के पर्व और भावनाओं का सम्मान करना ही भारतीय संस्कृति की खूबसूरती है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महासचिव नफीस अहमद अंसारी राजनीतिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय रहते हैं।

# कच्चे धागों में गूंथे गए प्यार भरे पक्के संकल्प

**समृद्धि न्यूज, रामकोट-सीतापुर।**



भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और रिश्तों की प्रगाढ़ता का अनूठा पर्व रक्षा बंधन शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रेशम के कच्चे धागों में घर-घर में सच्चे संकल्प गूंथे गए। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी, रक्षा का वचन लिया, मिठाइयां खिलाई और उपहार पाकर गदगद हुई। सुबह से ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस अनूठे पर्व रक्षाबंधन का हर्षोल्लास हर चेहरे पर झलक रहा था। तड़के से ही पर्व की हलचल घरों व गली चौबारों में महसूस की जाने लगी थी। बहनों ने स्नान व पूजन करने के बाद राखी की थाल सजाई। भाइयों के माथे पर रोली-चंदन, अक्षत का टीका किया और कलाई पर सुरक्षा की गुहार और वचन में लिपटी राखी सजा दी। भाइयों ने संकल्प निभाने के वादे के साथ उपहार भी भेंट किए। पर्व को लेकर बच्चों में खूब उत्साह रहा। रंग-बिरंगे परिधान पहने व उपहार पाकर वे निहाल हो रहे थे। गांव हों या शहर, हर घर, गली, चौबारे में राखी की धूम चहक रही थी। जो बहनें दूर थीं, वे भी अपनी ससुराल से अपने भाइयों के पास पहुंचीं और उन्हें राखी बांध रक्षा का वचन लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में विशेष चहल पहल देखी गई।

## बस की टक्कर से बाइक सवार साले व बहनोई की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

खीरी जनपद के शारदानगर थाना क्षेत्र के पतरासी गांव के पास तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक सवार साले बहनोई को टक्कर मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक खीरी जनपद के थाना व कस्बा नीमगांव निवासी सियाराम शारदानगर थाना क्षेत्र के बेलपुरवा गांव अपनी बहन के घर राखी बंधवाने आया था। दोपहर में सियाराम अपने बहनोई रमेश कुमार 28 वर्ष पुत्र मनोहर चौहान के साथ बाइक से पतरासी चौराहे पर आया था। जहां से वह दोनों बाइक से वापस बेलपुरवा गांव जा रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक मैरिज लॉन के पास पहुंचीं कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साला बहनोई खून से लथपथ हो कर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना पाकर शारदानगर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा दोनों घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डाक्टरों ने साले बहनोई दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे को लेकर शारदानगर थानाध्यक्ष बृजमोहन सैनी ने बताया कि बस और बाइक में आमने-सामने में टक्कर हुई हैं, दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया था, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है।

## हर्रौवा गांव में घर के सामने दिखा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के हर्रौवा गांव में बीती रात करीब 11 बजे घर के सामने मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ को देखकर लोगों ने तुरंत पुलिस के 112 नंबर और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। वन विभाग की टीम उसे अपने साथ ले गई।

मगरमच्छ के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## दलित महिला के घर में घुसकर मारपीट

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** गांव मगरेना में दलित महिला के घर में घुसकर विशेष समुदायके लोगों पुरानी रंजिश को लेकर डंडों और लात घुसो से पिटाई करने लगे बचाव करने दौड़ी उसकी पुत्री की भी पिटाई कर दी और कपड़े फाड़ डालें शोर गुल मचाने पर जाति सूचक गालियां देते जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मगरेना निवासी लल्ली पत्नी शिव प्रसाद ने पुलिस को बताया शनिवार सुबह 9:30 बजे करीब रक्षाबंधन त्यौहार पर आई पुत्री के साथ बैठे हुए थे। मौका पाकर विशेष समुदाय के लोग लाठी डंडा लेकर घर में घुस पड़े और हमला बोल दिया जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दहगला में रक्षाबंधन पर सजा कुश्ती का अखाड़ा, सतेन्द्र मौर्य ने किया दंगल का उद्घाटन

- पहलवानों का बढ़ाया उत्साह, बोले कुश्ती भारत की प्राचीन खेल परंपरा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 127 विधानसभा क्षेत्र पीलीभीत के ग्राम दहगला में पारंपरिक दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का उद्घाटन समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य ने किया। अखाड़े में पहुंचे सतेन्द्र मौर्य ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया और आयोजन में सहयोग किया। दंगल देखने के लिए दहगला समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे आयोजन स्थल पर दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। उद्घाटन अवसर पर सतेन्द्र मौर्य ने कहा कि कुश्ती भारत की सबसे पुरानी खेल परंपराओं में शामिल है। अखाड़े की मिट्टी से निकलने वाले पहलवान न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना का भी परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पारंपरिक खेल आयोजनों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने के लिए बेहतर मंच मिल सके। दंगल में कई पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। प्रमुख मुकाबला ग्राम दहगला निवासी बसंत कुमार और मैलानी निवासी राजीव कुमार के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मुकाबले के दौरान बसंत कुमार ने शानदार दांव लगाकर राजीव कुमार को पछाड़ दिया और जीत अपने नाम कर ली। मुकाबला देखने के लिए मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दोनों पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। दंगल में दंगल कमेटी के सदस्यों के साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और आसपास के कई गांवों के सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे। हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने अखाड़े में हुए कुश्ती मुकाबलों का आनंद लिया। आयोजन के दौरान सतेन्द्र मौर्य ने ग्रामीणों का अभिवादन करते हुए सभी का आभार जताया और कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य पिछले कुछ समय से 127 विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। सामाजिक कार्यक्रमों, ग्रामीण आयोजनों और आम लोगों के बीच पहुंचकर संवाद करने के जरिए वह क्षेत्र में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा रहे हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर दहगला में आयोजित दंगल में उनकी मौजूदगी को भी इसी जनसंपर्क अभियान की कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सतेन्द्र मौर्य 127 विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की ओर से अपनी दावेदारी भी पेश कर रहे हैं। क्षेत्र में लगातार लोगों के बीच पहुंचने और विभिन्न सामाजिक आयोजनों में सहभागिता के जरिए वह पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से संपर्क मजबूत करने में जुटे हैं।

# मोतीपुर मेडिकल कॉलेज की बदहाली, एक महीने से लिफ्ट खराब, डॉक्टर कब बैठते हैं पता नहीं

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल इस समय खुद 'बीमार' नजर आ रहा है। अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण यहाँ आने वाले मरीजों, तीमारदारों और खुद मेडिकल स्टाफ को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनहित से जुड़ी इन गंभीर समस्याओं को लेकर अब क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश है।

अस्पताल परिसर में लगी लिफ्ट पिछले करीब एक महीने से खराब पड़ी है।सबसे ज्यादा दुर्दशा दूसरी तीसरी मंजिल पर जाने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों और ऑपरेशन करा चुके मरीजों की हो रही है। तीमारदारों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर से मरीजों को जैसे-तैसे ऊपर ले जाना पड़ रहा है।

अस्पताल में डॉक्टरों के चेंबर में बैठने का कोई निश्चित समय तय नहीं है। मरीजों को यह पता ही नहीं चल पाता कि कौन सा डॉक्टर कब मिलेगा। ओपीडी के बाहर कुछ डाक्टरों की न तो नाम की पट्टिका है और न ही समय सारणी है। इस कारण दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीज दिनभर भटकने को मजबूर हैं।

अस्पताल के चारों ओर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गंदगी और रुके हुए पानी के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी घातक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्वच्छता अभियान के दावों के बीच जिला अस्पताल परिसर में फैली गंदगी प्रशासन की पोल खोल रही है।

# बाघ के आतंक से उबला पूरनपुर: किसान की मौत के बाद सड़कों पर उतरा गुस्सा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



पूरनपुर क्षेत्र में बाघ के हमले में किसान की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर उतर आया। लंबे समय से बाघ की मौजूदगी से भयभीत ग्रामीणों के आक्रोश का बांध किसान की मौत के बाद टूट गया। ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर रामनगर मार्ग पर आवागमन रोक दिया। रास्ते पर रस्सी बांधकर जाम लगा दिया गया। ग्रामीण बाघ को तत्काल पकड़ने, मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

शांतिनगर गांव निवासी करीब 60 वर्षीय किसान मुंशी प्रसाद खेत की निगरानी के लिए गए थे। इसी दौरान केले के खेत के आसपास मौजूद बाघ ने उन पर हमला कर दिया। हमले में किसान की मौत हो गई। काफी देर तक उनके घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। खेत में किसान का शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में करीब तीन माह से बाघ की आवाजाही बनी हुई है। खेतों और आबादी के आसपास बाघ की मौजूदगी कई बार देखे जाने की बात सामने आती रही है। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ कई पशुओं को भी अपना शिकार बना चुका है। लगातार मिल रही सूचनाओं के बावजूद खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

किसान की मौत ने ग्रामीणों के डर को और गहरा कर दिया है। अब किसान खेतों में फसल देखने और उसकी रखवाली करने से भी कतराने लगे हैं। शाम होते ही गांवों में सन्नाटा पसरने लगता है और लोग जरूरी काम से भी बाहर निकलने में भय महसूस कर रहे हैं।

किसान की मौत के बाद ग्रामीणों ने रामनगर मार्ग पर शव रख दिया और रास्ता बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि बाघ को पकड़ने के लिए मौके पर प्रभावी अभियान शुरू होने तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

## नए युग का उपनिवेशवाद

डिजिटल युग ने दुनिया को हमारी मुट्ठी में ला दिया है, लेकिन इसी मुट्ठी में एक ऐसी अदृश्य बेड़ी भी कसती जा रही है, जिसका अहसास समाज को देर से हो रहा है। आज करोड़ों युवा प्रतिदिन घंटों छोटे वीडियो और रील देखने में बिता रहे हैं। समस्या केवल इतना समय गंवाने की नहीं है, बल्कि इस बात की है कि धीरे-धीरे यह तय करने का अधिकार भी हमारे हाथ से निकल रहा है कि हम क्या देखें, कितना देखें और किस चीज को महत्वपूर्ण मानें। एक विश्वविद्यालय में छात्रों से पूछा गया कि वे प्रतिदिन रील देखने में कितना समय बिताते हैं। अधिकांश ने दो से चार घंटे बताया। एक छात्र का जवाब अधिक चिंताजनक था—पता ही नहीं चलता, अंगूठा अपने आप चलता रहता है। यही आज की डिजिटल चुनौती का सबसे सटीक चित्र है। व्यक्ति यह समझ ही नहीं पाता कि वह अपनी इच्छा से सामग्री देख रहा है या किसी ऐसी व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है, जो लगातार उसका ध्यान खींचने के लिए बनाई गई है। बेन एंड कंपनी के अध्ययन के अनुसार लगभग 60 करोड़ भारतीय छोटे वीडियो देखते हैं और सक्रिय उपयोगकर्ता प्रतिदिन औसतन 55 से 60 मिनट इन पर खर्च करते हैं। यदि 60 करोड़ लोग रोज एक घंटा भी दें तो हर दिन अरबों मिनट का मानवीय समय केवल स्क्रीन पर अंगूठा चलाने में खर्च हो रहा है। जिस देश की बड़ी आबादी युवा हो, उसके लिए यह केवल व्यक्तिगत पसंद का विषय नहीं, बल्कि उत्पादकता, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा राष्ट्रीय प्रश्न है। छोटे वीडियो की संरचना ही ऐसी है कि कुछ ही सेकंड में दृश्य, संगीत, हास्य, उत्तेजना और भावनाएं बदल जाती हैं। लगातार बदलती सामग्री मस्तिष्क को नए उत्तेजन की तलाश में बनाए रखती है। परिणामस्वरूप लंबे समय तक किसी पुस्तक, पाठ, शोध या गंभीर विषय पर ध्यान केंद्रित करना कठिन हो सकता है। आज विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में एकाग्रता की कमी को लेकर बढ़ती चिंता को इसी व्यापक डिजिटल वातावरण से अलग करके नहीं देखा जा सकता। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हमारे बच्चों और युवाओं की पसंद आखिर तय कौन कर रहा है? माता-पिता नहीं, शिक्षक नहीं और स्वयं युवा भी पूरी तरह नहीं। बड़ी डिजिटल कंपनियों के एल्गोरिदम उपयोगकर्ता की गतिविधियों का विश्लेषण कर यह अनुमान लगाते हैं कि उसे अगली कौन-सी सामग्री अधिक देर तक स्क्रीन पर रोके रख सकती है। यहां समस्या तकनीक से नहीं, बल्कि तकनीक के उस इस्तेमाल से है जिसमें उपयोगकर्ता का ध्यान ही सबसे बड़ा कारोबार बन जाता है। यहां यह अंतर भी समझना जरूरी है कि डिजिटल मंच स्वयं बुरे नहीं हैं। इन्हीं मंचों पर छोटे शहरों के शिक्षक बच्चों को विज्ञान पढ़ा रहे हैं, किसान नई तकनीक सीख रहे हैं और प्रतिभाशाली रचनाकार ज्ञान को सरल भाषा में करोड़ों लोगों तक पहुंचा रहे हैं। समस्या यह है कि ज्ञान और मनोरंजन के बीच प्रतिस्पर्धा में एल्गोरिदम अक्सर उस सामग्री को आगे करता है, जो अधिक देर तक दर्शक को बांधे रखे। फलतः उपयोगी सामग्री पीछे छूट सकती है और सनसनी, विवाद तथा मनोरंजन आगे आ सकते हैं।

यही स्थिति डिजिटल उपनिवेशवाद की चिंता पैदा करती है। पारंपरिक उपनिवेशवाद में बाहरी शक्तियां संसाधनों पर नियंत्रण करती थीं; नए दौर में नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र ध्यान और आकांक्षा बन सकता है। यदि किसी देश की युवा पीढ़ी की पसंद, प्राथमिकताएं और समय का बड़ा हिस्सा ऐसे एल्गोरिदम तय करें, जिन पर उस देश का कोई प्रभाव नहीं है, तो यह गंभीर नीतिगत प्रश्न है। टिकटाक और उसके चीनी संस्करण डोयिन का उदाहरण अक्सर इस बहस में दिया जाता है। चीन में बच्चों के लिए डिजिटल उपयोग पर कड़े प्रतिबंध और समय-सीमाएं लागू की गई हैं तथा सामग्री पर भी अलग दृष्टिकोण अपनाया गया है। दूसरी ओर, दुनिया के अन्य हिस्सों में छोटे वीडियो मंचों को लेकर बच्चों की सुरक्षा और अत्यधिक उपयोग पर लगातार बहस हो रही है। इससे कम से कम इतना स्पष्ट है कि डिजिटल कंपनियों को पूरी तरह बाजार की इच्छा पर छोड़ देना पर्याप्त नहीं होगा। दुनिया के कई देश अब इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए प्रमुख सामाजिक मंचों पर खाते प्रतिबंधित करने की व्यवस्था लागू की है। यूरोपीय संघ उपयोगकर्ताओं को प्रोफाइलिंग से मुक्त सामग्री देखने जैसे विकल्पों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत में भी बच्चों की प्रोफाइलिंग और लक्षित विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण कानून में प्रावधान किए गए हैं। अब चुनौती कानून बनाने से अधिक उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है। भारत को इस मामले में केवल प्रतिबंध लगाने वाली नीति तक सीमित नहीं रहना चाहिए। नाबालिगों के लिए अनिवार्य युवा मोड, आयु सत्यापन, रात्रिकालीन विराम और समय-सीमा जैसे उपाय लागू किए जा सकते हैं। साथ ही प्रत्येक उपयोगकर्ता को ऐसी सीधी सामग्री-सूची का विकल्प मिलना चाहिए, जिसे व्यक्तिगत व्यवहार के आधार पर एल्गोरिदम लगातार नियंत्रित न करे। डिजिटल मंचों के एल्गोरिदम का स्वतंत्र परीक्षण भी जरूरी है, ताकि यह पता चल सके कि वे बच्चों और युवाओं के व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं। इसके साथ सकारात्मक सामग्री को बढ़ावा देना भी उतना ही आवश्यक है। विज्ञान, इतिहास, साहित्य, कौशल और परीक्षा-तैयारी से जुड़े श्रेष्ठ रचनाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच मिलना चाहिए। दूरसंचार कंपनियों और सरकार के सहयोग से ऐसा मॉडल विकसित किया जा सकता है जिसमें शिक्षाप्रद सामग्री देखने पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिले।

### दो टूक




# साहित्यकारों के प्रति केन्द्र व प्रदेश सरकारें उदासीन क्यों?


धर्मेन्द्र कुमार सिंह

पदम भूषण उपाधि से अलंकृत एवं साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित तथा मनोनीत राज्यसभा सदस्य प्रख्यात साहित्यकार उपन्यास सम्राट बाबू भगवती चरण वर्मा ने साहित्य क्षेत्र में महती भूमिका निभाई। जो अपने ही सूबे और जन्मभूमि ग्रह नगर में ही भूले बिसरे से हो गए। साहित्यिक क्षेत्र में अपना खासा विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारो के स्मरण में उत्तर प्रदेश सरकार उदासीन क्यों है। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को इस ओर भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उपन्यास सम्राट हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार साहित्य अकादमी और पद्मभूषण उपाधि से अलंकृत बाबू भगवतीचरण वर्मा का जन्म- 30 अगस्त 1903 को उत्तर प्रदेश के साहित्य व कलम एवं तलवार की धराधाम उन्नाव से 27 किमी पश्चिम हरदोई उन्नाव मार्ग पर स्थित नगर सफीपुर में हुआ था। इनके पिता देवी चरण वर्मा पेशे से कानपुर में अधिवक्ता थे जो जन्म के बाद भगवती बाबू को लेकर कानपुर चले गए जहा रहते हुए वकालत करने लगे। लेकिन किस्मत ने ठोकर मारी और जब पांच वर्ष की आयु में भगवती बाबू जी थे तो 1908 में उनके पिता का प्लेग महामारी के दौरान असमय देहांत हो गया। तब इनका मानो सब आसरा छिन चुका था पिता का साया सर से उठ गया था किंतु हिम्मत नही हारी और अपने लक्ष्य पर चलते रहे। आर्थिक और तमाम तंगी और अभावों के बीच भगवती बाबू शिक्षा दीक्षा लेने लगे। इन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक तक शिक्षा कानपुर में ग्रहण की उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी.ए., एल.एल.बी. की शिक्षा प्राप्त की।

वह बचपन से ही कविता लिखने लगे थे। कविता लिखने का शौक़ बढ़ा तो अपने स्कूल की हस्तलिखित पत्रिका के नियमित लेखक बन गए। 'प्रताप' और 'शारदा' जैसी पत्रिकाओं में उनके लेख प्रकाशित होने लगे थे। 15 वर्ष की अवस्था में ही उन्हें कानपुर के एक विशिष्ट साहित्यिक गुट में स्थान मिल गया जहाँ वह विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक' बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' रमाशंकर अवस्थी चंद्रिका प्रसाद मिश्र आदि के संपर्क में रहे। साहित्य में डूबे रहने के कारण हाईस्कूल और इंटर दोनों ही परीक्षाओं में दूसरे प्रयास में पास हो सके। आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए वह इलाहाबाद गए। हिंदी अँग्रेज़ी और इतिहास विषय से 1926 में स्नातक किया फिर एल.एल.बी की परीक्षा पास की। 1928 में एल.एल.बी करने के पश्चात जीविकोपार्जन के लिए वकालत करने लगे लेकिन उनकी वकालत चल न सकी। हमीरपुर में वकालत के दौरान भदरी राजा बजरंग बहादुर सिंह के संपर्क में आए और कुछ समय उनके संरक्षण में रहे। इसी समय वह 'चित्रलेखा' के लेखन-कार्य में ज़ोर-शोर से जुट गए थे। 'चित्रलेखा' के प्रकाशन और उसकी बिक्री से उनका भाग्य कुछ बदला। अगले कुछ वर्ष कलकत्ता फ़िल्म कॉर्पोरेशन और 'विचार' पत्रिका से संबद्ध रहे, फिर फ़िल्म निर्देशक केदार शर्मा ने 'चित्रलेखा' फ़िल्म का निर्माण शुरू किया तो सिनेरियो लेखक के रूप में 'बम्बई टाकीज़' से जुड़ गए। अब वह पत्रकारिता भी करने लगे थे। 1950 तक 'पतन' 'चित्रलेखा' और 'तीन वर्ष' आदि उपन्यासों के प्रकाशन के साथ वह हिंदी उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके थे। लखनऊ और दिल्ली के आकाशवाणी केंद्रों से भी उनकी संबद्धता रही। बाद के दिनों में उन्होंने अन्य कार्यों से विराम ले लिया और पूर्णकालिक साहित्य सृजन में रत हो गए। भगवतीचरण वर्मा ने अपने साहित्यिक जीवन का आरंभ एक कवि के रूप में किया था। उनकी आरंभिक कविताएँ छायावाद से प्रभावित हैं। जबकि कुछ कविताओं में प्रगतिवाद और प्रयोगवाद की भी झलक मिलती है।



उनकी कविताओं का केंद्र-बिंदु 'अस्मिता की खोज' है और उनकी कविताओं में आत्म-दर्शन भी बहुधा अभिव्यक्त हुआ है। दार्शनिकता, कौतूहल, विशिष्ट चरित्र-चित्रण, हास्य-व्यंग्य, सरस भाषा-शैली जैसी विशेषताएँ रखने वाली कहानियों के साथ उन्होंने हिंदी कहानी-धारा में योगदान किया है। उनके निबंधों के दो वर्ग है। जहाँ एक में उन्होंने साहित्य की विधाओं पर लेखनी चलाई है तो दूसरे में सामाजिक समस्याओं पर विचार किया है। उनके एकांकी और नाटकों में समाज की गंभीर समस्याओं पर हास्य के पुट के साथ टिप्पणी की गई है और इस रूप में उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट हुई। उपन्यासकार के रूप में अधिक ख्यातिलब्ध भगवती चरण वर्मा ने कई सशक्त एवं बहुचर्चित औपन्यासिक कृतियों की रचना की है। इन कृतियों में युगीन चित्रण के साथ ही सामाजिक यथार्थ को उद्घाटित किया गया है। पाप और पुण्य जैसे विषय पर 'चित्रलेखा' के साथ ही उन्हें 'टेढ़े-मेढ़े रास्ते', 'आख़िरी दाँव', 'अपने खिलौने' और 'भूले-बिसरे चित्र' के रूप में चार वृहत उपन्यासों के लिए हिंदी उपन्यास परंपरा में अत्यंत सम्मान से रखा जाता है। उन्हें 'भूले-बिसरे' चित्र के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण उपाधि से भी सम्मानित किया जबकि वह राज्यसभा सदस्य के रूप में भी मनोनीत किए गए। भगवती बाबू हिन्दी जगत् के प्रमुख साहित्यकार थे। कवि के रूप में रेडियो रूपक 'महाकाल', 'कर्ण' और 'द्रोपदी'- जो 1956 ई. में 'त्रिपथगा' के नाम से एक संकलन के आकार में प्रकाशित हुए जो उनकी विशिष्ट कृतियाँ हैं। यद्यपि उनकी प्रसिद्ध कविता 'भैंसागाड़ी' का आधुनिक हिन्दी कविता के इतिहास में अपना महत्त्व है। भगवती चरण वर्मा जी ने लेखन तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में ही प्रमुख रूप से कार्य किया। इसके बीच-बीच में इन्होंने फ़िल्म तथा आकाशवाणी में भी सम्बद्ध रहे। बाद में यह स्वतंत्र लेखन अपनाकर लखनऊ में बस गये। उनका 5 अक्तूबर 1981 को देहावसान हो गया। उनकी रचनाओ में विशेषतया 'चित्रलेखा' के 'तीन वर्ष' नयी सभ्यता की चकाचौंध से पथभ्रष्ट युवक की मानसिक व्यथा की कहानी है। तीन वर्ष और टेढ़े-मेढ़े रास्ते राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि में प्रायः यंत्रवत् परिचालित पात्रों के माध्यम से लेखक यह दिखाने की चेष्टा करता है कि समाज की दृष्टि में ऊँची और उदात्त जान पड़नेवाली भावनाओं के पीछे जो प्रेरणाएँ हैं। वे और कुछ नहीं केवल अत्यन्त सामान्य स्वार्थपरता और लोभ की अधम मनोवृत्तियों की ही देन हैं। आख़िरी दाँव एक जुआरी के असफल प्रेम की कथा है और अपने खिलौने (1957 ई.) नयी दिल्ली की 'मॉर्डन सोसायटी' पर व्यंग्यशरवर्षण है। इनका बृहत्तम और सर्वाधिक सफल उपन्यास भूले बिसरे चित्र (1959) है। जिसमें अनुभूति और संवेदना की कलात्मक सत्यता के साथ उन्होंने तीन पीढ़ियों का भारत के स्वातंत्र्य आन्दोलन के तीन युगों की पृष्ठभूमि में मार्मिक चित्रण किया है। भगवतीचरण वर्मा के रेडियो रूपक 'महाकाल', 'कर्ण' और 'द्रोपदी' 'त्रिपथगा' के नाम से एक संकलन के आकार में प्रकाशित हुए हैं उनकी विशिष्ट कृतियाँ हैं। यद्यपि उनकी प्रसिद्ध कविता 'भैंसागाड़ी' का आधुनिक हिन्दी कविता के इतिहास में अपना महत्त्व है। मानववादी दृष्टिकोण के तत्व, जिनके आधार पर प्रगतिवादी काव्यधारा जानी-पहचानी जाने लगी, 'भैंसागाड़ी' में भली-भाँति उभर कर सामने आये थे। उनका पहला कविता संग्रह 'मधुकण' के नाम से 1932 ई. में प्रकाशित हुआ। तदनन्तर दो और काव्य संग्रह 'प्रेम संगीत' और 'मानव' निकले। रूमानी मस्ती, नियतिवाद, प्रगतिवाद, अन्ततः मानववाद इनकी विशिष्टता है। भगवती बाबू अपने खिलौने मेरी कहानियाँ (कहानी) पतन मोर्चाबन्दी (कहानी) तीन वर्ष मेरी कविताएँ (कविता) चित्रलेखा अतीत की गर्त से (संस्मरण) भूले बिसरे चित्र साहित्य के सिद्धांत तथा रूप (साहित्य आलोचना) टेढ़े मेढ़े रास्ते मेरे नाटक (कविता) सीधी सच्ची बातें वसीयत (कविता) सामर्थ्य और सीमा 'इंस्टालमेण्ट' रेखा 'दो बाँके' वह फिर नहीं आई 'राख और चिनगारी (कहानी 1953 ई.) सबहिं नचावत राम गोसाईं 'रुपया तुम्हें खा गया' (नाटक 1955 ई.) प्रश्न और मरीचिका 'वासवदत्ता' (सिनेरियों) युवराज चूंडा -धुप्पल -छायावादी कवि और प्रेमचंदोत्तर युग के प्रमुख उपन्यासकार थे। उनकी आत्मा का सहज स्वर कविता का है उनका व्यक्तित्व शायराना अल्हड़पन रंगीनी और मस्ती का सुधरा-सँवारा हुआ रूप है। वे किसी वाद विशेष की परिधि में बहुत दिनों तक गिरफ़्तार नहीं रहे। यों एक-एक करके प्रायः प्रत्येक वाद को उन्होंने टटोला है देखा है समझने-अपनाने की चेष्टा की है। पर उनकी सहज स्वातन्त्र्यप्रियता, रूमानी बैचेनी, अल्हड़पन और मस्ती, हर बार उन्हें वादो की दीवारें तोड़कर बाहर निकल आने के लिए प्रेरणा देती रही और प्रेरणा के साथ-साथ उसे कार्यान्वित करने की क्षमता और शक्ति भी। यही अल्हड़पन और रूमानी मस्ती इनके कृतित्व में किसी भी विधा के अंतर्गत क्यों न हो जहाँ एक ओर प्राण फूँक देती है, वे छन्दोबद्ध कविता के हामी हैं उसी को कविता मानते हैं पर यह उनकी सहज स्वातन्त्र्य प्रियता के प्रति नियति का हल्का मीठा सा परिहास ही है।

लेकिन खेद है ऐसे महान साहित्यकार को जीवंत रखने के लिए शासन प्रशासन ने उनके जन्म भूमि सफीपुर (उन्नाव) के लिए कुछ भी नही किया। फलतः प्रख्यात साहित्यकार उपन्यास सम्राट भगवती बाबू अपने ही जन्म भूमि ग्रह नगर सफीपुर उन्नाव उत्तर प्रदेश में भूले बिसरे बेनामी बने है। साहित्य क्षेत्र में अपना विशेष योगदान देने वाले साहित्यकारो के स्मरण में उत्तर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवश्य ही साहित्यकारों की तरफ भी ध्यानाकर्षण करना चाहिए। ताकि मौजूदा युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी उन्हे और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद रख सके। मजे की बात तो यह है कि प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा जीवित रहते तो भगवती बाबू को कई सम्मान और उपाधियों से अलंकृत कर नवाजा गया किंतु मरणोपरांत उन्हें बिसार दिया गया। भूले बिसरे चित्र जैसी ख्यातिलब्ध उपन्यास लिखने वाले स्वयं भूले बिसरे हो गए। शासन प्रशासन का कोई नुमाइंदा उनकी सुध लेने और उनकी पावन जन्म भूमि पर उनकी प्रतिमा पर दो पुष्प अर्पित करने वाला नहीं है। हालांकि अर्चना परिषद नामक एक संस्था भगवती बाबू की स्मृतियों को जीवंत रखे है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# उत्पादन से पूंजी तक, भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ते भरोसे की दस्तक

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

औद्योगिक उत्पादन में 6.7 प्रतिशत की तेज वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र की 7.3 प्रतिशत छलांग, पूंजीगत वस्तुओं में 16.1 प्रतिशत उछाल और विदेशी मुद्रा भंडार का 729.33 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना निश्चित ही भारत की अर्थव्यवस्था एक साथ कई मोर्चों पर मजबूती के संकेत दे रही है।

औद्योगिक उत्पादन जुलाई 2026 और अगस्त में सामने आया विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड इसी श्रेणी में आता है। एक तरफ देश की फैक्ट्रियों में उत्पादन की गति बढ़ी है, दूसरी तरफ भारत के पास बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने के लिए विदेशी मुद्रा का मजबूत सुरक्षा कवच तैयार हुआ है। इनके बीच दुबई में भारतीय कंपनियों की बढ़ती मौजूदगी यह संकेत देती है कि भारत का कारोबारी आत्मविश्वास अब घरेलू सीमाओं से बाहर भी दिखाई दे रहा है।

उद्योग की मशीनें बता रही हैं विकास की दिशाजुलाई में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी में 6.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि इसका सबसे सकारात्मक पक्ष है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख भूमिका रही, जिसने 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। औद्योगिक उत्पादन में तीन-चौथाई से अधिक हिस्सेदारी रखने वाला विनिर्माण क्षेत्र यदि लगातार गति पकड़ता है तो उसका असर आनेवाले दिनों में ओर अधिक सकारात्मक आएगा, यही उम्मीद है।

मोटर वाहन निर्माण में 22.2 प्रतिशत, विद्युत उपकरणों में 28.3 प्रतिशत और मशीनरी एवं उपकरण निर्माण में 12.1 प्रतिशत वृद्धि इस बात की ओर संकेत करती है कि भारत में औद्योगिक क्षमता का विस्तार हो रहा है। विनिर्माण के 23 में से 19 उद्योग समूहों का सकारात्मक प्रदर्शन भी बताता है कि वृद्धि कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सिमटी हुई नहीं है।

भारत के लिए इसका महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि विनिर्माण ही वह क्षेत्र है जो इंजीनियरिंग, तकनीक, प्रबंधन और कौशल से जुड़े युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने की क्षमता रखता है। उत्पादन बढ़ने के साथ आपूर्ति श्रृंखला, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में भी अवसर बढ़ते हैं।

पूंजीगत वस्तुओं में उछाल सबसे बड़ा संकेतइन आंकड़ों में शायद सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाला आंकड़ा पूंजीगत वस्तुओं में 16.1 प्रतिशत की वृद्धि है। पूंजीगत वस्तुओं की मांग में तेज वृद्धि को भविष्य के निवेश की तैयारी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। यदि कंपनियां नई मशीनें खरीद रही हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ा रही हैं, तो इसका अर्थ है कि उन्हें आने वाले समय में मांग और बाजार पर भरोसा दिखाई दे रहा है।

बुनियादी ढांचा एवं निर्माण सामग्री क्षेत्र में 6.9 प्रतिशत वृद्धि भी महत्वपूर्ण है। राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं पर खर्च का असर सीमेंट, स्टील, इंजीनियरिंग, परिवहन और निर्माण से जुड़े अनेक क्षेत्रों पर पड़ता है। सरकारी निवेश का यही गुणक प्रभाव अर्थव्यवस्था में मांग और रोजगार पैदा करता है।हालांकि खनन क्षेत्र में 0.9 प्रतिशत गिरावट और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में 1 प्रतिशत कमी यह बताती है कि तस्वीर पूरी तरह एकरंगी नहीं है। विकास की इस गति को टिकाऊ बनाने के लिए कमजोर क्षेत्रों को भी गति देनी होगी।

भारत का कारोबार अब वैश्विक मंच परभारत के आर्थिक भरोसे का दूसरा महत्वपूर्ण अध्याय दुबई में दिखाई देता है। जून 2026 के अंत तक दुबई चैंबर के सक्रिय सदस्यों के रूप में पंजीकृत भारतीय कंपनियों की संख्या 85,841 तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भारतीय उद्यमी वैश्विक बाजारों में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहे हैं। 2026 की पहली छमाही में ही 7,579 नई भारतीय कंपनियों का दुबई चैंबर से जुड़ना, पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है जिसमें भारतीय कंपनियां दुबई को मध्य पूर्व, अफ्रीका और अन्य वैश्विक बाजारों तक पहुंचने के संचालन केंद्र के रूप में देख रही हैं।

2025 में भारत और दुबई के बीच गैर-तेल व्यापार 60.6 अरब डॉलर तक पहुंचा। 2016 से 2025 के बीच द्विपक्षीय व्यापार में 136.2 प्रतिशत वृद्धि यह बताती है कि दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़ चुके हैं।यही किसी उभरती अर्थव्यवस्था के वैश्विक एकीकरण का वास्तविक संकेत है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए इस प्रक्रिया को और गति देने वाला माध्यम बना है।

729 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा कवचइसी बीच विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड स्तर भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति को और मजबूती देता है। 21 अगस्त 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.4 अरब डॉलर बढ़कर 729.33 अरब डॉलर पहुंच गया। फरवरी 2026 के 728.5 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार करना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के दौर में पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच होता है।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.482 अरब डॉलर बढ़कर 591.333 अरब डॉलर हो गईं, जबकि स्वर्ण भंडार 2.801 अरब डॉलर बढ़कर 114.218 अरब डॉलर पहुंच गया। एसडीआर होल्डिंग और आईएमएफ में रिजर्व ट्रेंच पोजीशन में भी वृद्धि हुई। निश्चित ही यह भंडार भारत को आयात भुगतान, बाहरी दायित्वों और मुद्रा बाजार में अचानक आने वाले दबावों से निपटने के लिए अधिक क्षमता देता है। रुपए की स्थिरता के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। मजबूती के बीच जोखिमों को भूलना नहीं होगाइसके साथ हमें यह भी ध्यान रखना है कि रिकॉर्ड आंकड़ों के बीच आत्मसंतोष के लिए जगह नहीं होनी चाहिए। विदेशी पूंजी का प्रवाह भारत की बाहरी स्थिति मजबूत करता है, लेकिन उसके साथ लागत और वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों का जोखिम भी जुड़ा है। ऊंची अमेरिकी ब्याज दरें, हेजिंग लागत और कच्चे तेल की कीमतें भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने हुए हैं। विशेष रूप से तेल की ऊंची कीमतें भारत के आयात बिल और रुपए पर दबाव बढ़ा सकती हैं, इसलिए विदेशी मुद्रा भंडार का मजबूत होना जरूरी है, मगर दीर्घकालिक समाधान निर्यात बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और घरेलू उत्पादन क्षमता को और व्यापक बनाने में है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


बिदेश कुमार झा

## नए चित्रकार

मकान में नए लोग आने लगे हैं,
दीवार के दाग साफ़ होने लगे हैं।
यह दाग नहीं है, चित्रकारी है,
इसमें पेंसिल, चौक और किलकारी है।

एक बड़े कलाकार की,
जिसकी उंगली है सुई के आकार की।
बिकती नहीं है ये बाज़ार में,
इन यादों की कीमत नहीं हज़ार में।

बचपन कितना महंगा है न?
एक बड़ा चित्रकार आया है,
कुछ रंगों का डिब्बा लाया है।
दीवारों पर सुंदर दृश्य बनाना है,

खेलते बच्चों का चित्र दिखाना है।
सुगंध नहीं इन तस्वीरों में,
पेंसिल, चौक, मोम नहीं है लकीरों में।
यह पेंटिंग टिकती है बस एक बार।



# हिमनद फटने से आई नेपाल में आपदा

**प्रमोद भार्गव**

नेपाल में तिब्बत से आई बाढ़ से मची तबाही का मूल कारण भूकंप नहीं बल्कि हिमनद का फटकर बाढ़ में परिवर्तित हो जाना है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने अपना आरंभिक आकलन बदलते हुए कहा है कि यह आपदा भूकंप के कारण नहीं, अपितु एक हिमनद के बम की तरह फटकर ढहने और उसके मलबे के तेज बहाव के कारण आई है। इसके पहले इसी एजेंसी ने गोसाईं कुंड के लगभग 47 किमी उत्तर में 4.4 तीव्रता से आए भूकंप को हिमनद के टूटने का संभावित कारण बताया था। नेपाल के अखबार 'काठमांडू पोस्ट' के अनुसार 7,245 मीटर ऊंची लांगटांग लिरुंग चोटी के उत्तरी हिस्से पर यह हिमस्खलन हुआ है। इससे पहले 2015 में आए भूकंप के केंद्र में भी यही पहाड़ था। हालांकि अभी भी नेपाल से सटे तिब्बत में हिमालय की ऊंचाई पर हिमनद के टूटने से जो बाढ़ आई है, उसके कारणों की पड़ताल की जा रही है। बढ़ते वैश्विक तापमान के चलते जलवायु परिवर्तन भी इस आपदा का कारण माना जाता रहा है। ऐसा है तो दुनिया के विकसित देशों को इस जल प्रलय का समाधान खोजने की जरूरत है।

फिलहाल हिमालयी पर्यावरण बिगाड़ने में चीन का सर्वाधिक योगदान है। इस तबाही की शुरूआत भी नेपाल-चीन सीमा पर बहने वाली ल्हेंदे नदी में बाढ़ के मलबे में आई रुकावट से मानी जा रही है। इस रुकावट के टूटने से पहले एक बड़ी हिमनद झील बन गई थी। इसके फटने से भोटेकोशी नदी में कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थरों का सैलाब आ गया था। इसके नीचे नेपाल की बस्तियों में बहने से तबाही मची। नतीजतन 359 लोग बाढ़ ने लील लिए और 826 लापता हैं, इनमें भारत समेत अन्य देशों के 590 पर्यटक हैं। इस घटना से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन का सीधा असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों पर तेज गति से हो रहा है। यहां तक कि जिन हिमनद (ग्लेशियर) झीलों के आसपास मानव की आवाजाही अत्यंत सीमित है, वहां भी अब जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम का मिजाज खतरे की घंटी बजाने लगा है। नेपाल में जिस हिमनद के टूटने से जल-प्लावन आया है, वह 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित थी और मानव बस्तियां भी नहीं थीं। अधिक ऊंचाई पर होने के कारण आवाजाही भी कम थी। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट और नेपाल सरकार के विज्ञानियों द्वारा किए आकलन से पता चला है कि ऐसी 47 हिमनद झीलें हैं, जिन्हें खतरनाक माना गया है। चेतावनी दी गई है कि इनसे नेपाल की नदी प्रणालियों में इन हिमनदों के फटने से भयानक बाढ़ आ सकती है। इनमें से 21 झीलें हिमनद नेपाल में हैं और 25 झीलें तिब्बत की सीता पर स्थित हैं। ये हिमनद उन नदियों के उद्गम स्थलों पर हैं, जो दक्षिण की ओर नेपाल में बहती हैं। अतएव इनके फटने से बाढ़ आती है तो नीचे की ओर बसे जन समुदायों और बुनियादी संरचना के लिए बड़ा संकट पैदा हो सकता है। यही संकट वर्तमान में नेपाल की संरचनात्मक तबाही में देखा जा रहा है। यह चेतावनी यदि अनुमान पर खरी उतरती है तो कहा जा सकता है कि नेपाल बर्बादी के मुहाने पर बसा है। भारत में भी इसरो और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़े डराने वाले हैं। भारतीय हिमालयी क्षेत्र में 7,500 से अधिक हिमनद झीलें हैं, इनमें से 189 'रेड जोन' में रेखांकित की गई हैं। इस संकेत से पता चलता है कि ये झीलें कभी भी फटकर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में तबाही का कारण बन सकती हैं। क्योंकि इन झीलों में बढ़ते वैश्विक तापमान के चलते बर्फ पिघलने से पानी की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यही नहीं, अध्ययन बताते हैं कि सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी क्षेत्रों की चोटियों पर छोटी-बड़ी हजारों झीलें हैं। ये झीलें पहाड़ों पर अत्यंत तेज गति से प्राकृतिक रूप में आकार ले रही हैं। लद्दाख में ही ऐसी 3,219 झीलों की पहचान की गई है। हिमालय के भारतीय क्षेत्र में कुल हिमनदों की संख्या में से 2,431 ऐसे हिमनद हैं, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते 10 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई हैं। इन्हें सर्वेक्षणों ने अत्यधिक जोखिम भरी झीलों की श्रेणी में रखा है। हालांकि कुछ हिम झीलों का आकार तेजी से सिकुड़ भी रहा है।

हिमनद झीलों के अनियंत्रित ढंग से बढ़ते आकार की ठोस सच्चाई इसरो के उपग्रहों से लीं गईं तस्वीरों के अध्ययन से सामने आई है। इस स्थिति ने विज्ञानियों की चिंता बढ़ा दी है। हिमाचल प्रदेश की गेफांग घाट झील का आकार सर्वाधिक 178 प्रतिशत बढ़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 101.3 हेक्टेयर हो गया है। हिमालयी



क्षेत्र में 10 लाख लोग ग्लेशियर झीलों के 10 किमी के दायरे में रहते हैं। पिछले साल 05 अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में धराली गांव के खीर क्षेत्र में बादल फटने के कारण भीषण बाढ़ और मलबे में यह पूरा क्षेत्र डूब गया था। बादल फटने से हुई तेज बारिश ने गंगोत्री और हर्शिल के क्षेत्र में आने वाली हिमनद झीलों को नाले में बदल दिया था।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2020 में किए गए एक अध्ययन से भी स्पष्ट हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया को 2030 तक बाढ़ों की कीमत प्रत्येक वर्ष चुकानी पड़ेगी। इनसे करीब सालाना 15.6 लाख करोड़ की हानि उठानी पड़ सकती है। साफ है, वैश्विक तापमान के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी एकाएक बारिश, बाढ़, बर्फबारी, बादल फटने या फिर सूखे का कहर का सामना करना पड़ सकता है। आंधी, तूफान और फिर यकायक ज्वालामुखियों के फटने की हैरतअंगेज घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि अदृष्य खतरे इर्द-गिर्द ही कहीं मंडरा रहे हैं। समुद्र और अंटार्कटिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी इस बदलाव के संकट से दो-चार हो रहे हैं।

दरअसल, वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में भी अवषोशित होकर गहरे समुद्र में बैठ जाती है। यह वर्षों तक जमा रहती है। पिछली दो शताब्दियों में 525 अरब टन कचरा महासागरों में विलय हुआ है। इसके इतर मानवजनित गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का 50 फीसदी भाग भी समुद्र की गहराइयों में समा गया है। इस अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड के जमा होने के कारण अंटार्कटिका के चारों ओर फैले दक्षिण महासागर में इस कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की क्षमता निरंतर कम हो रही है। इस स्थिति का निर्माण खतरनाक है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के मुताबिक वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण महासागर कार्बन डाइऑक्साइड से लबालब हो गया है। नतीजतन अब समुद्र इसे अवषोशित करने की बजाय वायुमंडल में ही उगलने लग गया है। अगर इसे जल्दी नियंत्रित नहीं किया गया तो वायुमंडल का तापमान तेजी से बढेगा, जो न केवल मानव बल्कि सभी प्रकार के जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए खतरनाक होगा।

हिमालय पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे 'वाडिया भू-विज्ञान संस्थान' की रिपोर्ट के अनुसार हिमालय के हिमखंडों में काले कार्बन की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यह मात्रा सामान्य से ढाई गुना बढ़कर 1899 नैनोग्राम हो गई है। दरअसल काले कार्बन से तापमान में वृद्धि होती है। यह सूर्य के प्रकाश को अवशोसित करने में अत्यंत प्रभावी है। इससे हिमालय और आर्कटिक जैसे हिमखंडों में बर्फ पिघलने लगती है। यदि किसी साल बरसात में औसत से कम बारिश होती है तो बर्फ पिघलने की मात्रा और अधिक बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण से भी हिमखंड दूषित कार्बन की चपेट में आए हैं। उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र ने निष्कर्ष निकाला है कि पिछले 37 सालों में हिमाच्छादित क्षेत्रफल में 26 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। इस क्षेत्र में पहले स्थाई स्नोलाईन 5700 मीटर थी, जो अब 5200 मीटर के बीच घट-बढ़ रही है। यही बजह है कि नंदादेवी जैव-मंडल (बायोस्फियर) आरक्षित ऋषि गंगा के दायरे का कुल 243 वर्ग किमी क्षेत्र बर्फ से ढंका था, लेकिन यह साल 2020 में 217 वर्ग किमी ही रह गया है। साफ है, तापमान बढ़ने का सिलसिला बना रहा और यदि बर्फ इसी तरह पिघलती रही तो जीव-जंतुओं और वनस्पतियां ही नहीं नेपाल की तरह मानव आबादियां भी जल प्रलय की चपेट में आती जाएंगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई हाकी प्रतियोगिता

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-14 बालक-बालिकाओं की जिला स्तरीय हॉकी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई। हॉकी में छह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में रहमानिया इंटर कॉलेज मौदहा ने सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज हमीरपुर को 4-0 से हराकर खिताब जीता। आदित्य वर्मा और कृष्णा ने दो-दो गोल किए। एथलेटिक्स में 88 बालक और 63 बालिकाओं समेत 151 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन में जिला व्यायाम शिक्षक रवीन्द्र सिंह गौर सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

### एच1एन1 से बचाव को स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**हमीरपुर।** इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में रोकथाम और उपचार की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला अस्पताल में संदिग्ध मरीजों के लिए 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड स्थापित किया गया है। ब्लॉक स्तरीय सीएचसी और पीएचसी में भी दो से 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तेज बुखार, नाक बहना, खांसी, गले में खराश, सिर व बदन दर्द, ठंड लगना तथा आंखों में लालिमा इसके प्रमुख लक्षण हैं। जिला चिकित्सालय, सीएचसी राठ, कुरारा और मौदहा में ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हैं। सभी चिकित्सा इकाइयों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ को मास्क लगाने और अस्पतालों में नियमित सैनिटाइजेशन के निर्देश दिए गए हैं।

### बढ़े जलस्तर से कई रपटों पर आवागमन रोका

**मौदहा।** लगातार बारिश और बांधों से छोड़े गए अतिरिक्त पानी के कारण तहसील क्षेत्र की नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ने से कई ग्रामीण मार्गों एवं रपटों पर पानी भर गया। प्रशासन ने संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और राहत व्यवस्था लागू की है। ग्राम शिवनी में बर्मा नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित बगिया का डेरा, रजवा का डेरा, धुनका का डेरा और नाथूपाल का डेरा के लोगों को बाबा गंगादास की कुटी स्थित आश्रय स्थल में सुरक्षित पहुंचाया गया। प्रभावित परिवारों को राशन किट व राहत सामग्री दी गई तथा नावें संचालित की जा रही हैं। लरौंद, फतेपुरवा, इचौली, गुरदहा, हिमौली और पढ़ोरी में रपटों पर पानी बहने से आवागमन रोका गया है। यातायात वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया। पुलिस व राजस्व टीमें निगरानी कर रही हैं।

### बाइक की टक्कर से पांच वर्षीय बच्चा घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक पांच वर्षीय बच्चे समेत दो लोग घायल हो गए। गोकुल डेरा गांव निवासी कार्तिक (5) पुत्र रामराज गांव में खेल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार ने उसके पैर में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, सिकरोड़ी गांव निवासी कृष्णा (20) पुत्र कल्लू बाइक से मुसानगर की ओर से कुरारा आ रहा था। हरौलीपुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा घायल हो गया। उसे सीएचसी कुरारा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### नाली विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**बांदा।** शहर कोतवाली के ग्राम रघुवंशी डेरा अंश कनवारा निवासी राजा निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। बताया कि पुराने नाली विवाद में बुधवार को शाम पड़ोसी लोटन, उसकी पत्नी भोली, लड़का कमल, छम्पा तथा घुपा व कल्लू निषाद ने एकराय होकर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। गुहार लगाने पर गांव के लोगों ने ललकारा तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसे तथा बेटे को गंभीर चोटें आई हैं।

### उलाहना देने पर दबंग ने जमकर धुना

**बांदा।** नगर कोतवाली के बाबा तालाब मोहल्ला निवासी अजीत पुत्र जयलाल ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि चार दिन पूर्व उसके खेत में पड़ोसी के मवेशी घुस गया। पिता जयलाल उलाहना देने उनके घर गए तो पड़ोसी भड़क गए। बासुदेव, उस,के बेटे रामलखन, मनोज तथा शिवलखन ने लाठी-डंडों से पीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार के खिलाफमारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### दुकानदार पर हंसिया से हमला

**बांदा।** गिरवां थाने के पैगंबरपुर गांव निवासी बब्लू गुप्ता पुत्र राजू ने हमले की रिपोर्ट लिखाई है। आरोप लगाया कि वह बुधवार को रात साढ़े आठ बजे वह दुकान का सामान लाने ई-रिक्शा से गिरवां बाजार जा रहा था। तभी गांव के ही छोटू उर्फ मोहित पुत्र बंदू ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर हंसिया से हमला कर दिया। उसके शरीर में कई जगह गंभीर चोंटे आईं। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने मोहित के खिलाफ हमले कि रिपोर्ट दर्ज की है।

### भैंस बांधने के विवाद में की मारपीट

**बांदा।** कमासिन थाने के पछौंहा गांव में रास्ते में भैंस बांधने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। टुनटुन पुत्र बरातीलाल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 22 अगस्त को शाम छह बजे परिवार के चार लोग लाठी-डंडे लेकर और रास्ते में भैंस बांधने को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर पिता बरातीलाल व उसे जमकर पीटा। दोनों लोग घायल हो गए। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क पर गड्ढे और कीचड़ होने से आवागमन में हो रही परेशानी

**बांदा।** बारिश के मौसम के बीच शहर की सीमा से सटे मवई बुजुर्ग गांव के लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। गांव की प्रसिद्ध झंडा देवी मंदिर परिसर के पास का प्रवेश मार्ग बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदर तहसील क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव स्थित झंडा देवी मंदिर परिसर के पास का प्रवेश मार्ग बदहाल है। लगातार बारिश की वजह से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में मार्ग की हालत प्रतिवर्ष खराब हो जाती है, लेकिन कोई पुरसाहाल नहीं है। मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी निकलने में दिक्कत होती है। कई बार दोपहिया वाहन फिसलने से लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मार्ग वर्तमान स्थिति का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द सड़क का निर्माण व मरम्मत कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि झंडा देवी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां पहुंचने वाले मार्ग का दुरुस्त होना जरूरी है। ग्रामीणों सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

# रक्षाबंधन पर घर आए युवक को मगरमच्छ ने बेतवा नदी में खींचा

- कपड़े-चप्पल उतारकर नहाने गया था रणवीर
- बाहर निकलते समय मगरमच्छ ने किया हमला
- आंखों के सामने हुई घटना से मचा हड़कंप

**समृद्धि न्यूज़, डिकौली (झांसी)।**



रक्षाबंधन के पर्व पर परिवार के साथ खुशियां मनाने घर आए युवक के साथ बेतवा नदी में दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में नहाने गए रणवीर पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया और उसे दबोचकर नदी के गहरे पानी में खींच ले गया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के सामने हुई इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। गर्म-गर्म रसगुल्ले बनाओ, नदी से नहाकर आता हूं... रणवीर के पिता तकदीर सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन सुबह करीब सात बजे उनका बेटा झांसी से घर आया था। घर पहुंचने के बाद चाय पी और कुछ देर रुकने के बाद उसने पिता से कहा, 'गर्म-गर्म रसगुल्ले बनाओ, मैं नदी से नहाकर आता हूं। इसके बाद खाऊंगा। पिता के अनुसार रणवीर को रसगुल्ले बेहद पसंद थे। वह बेटे की पसंद के अनुसार घर पर रसगुल्ले बनाने की तैयारी में लग गए, लेकिन कुछ ही देर बाद नदी में हादसे की सूचना मिलते ही परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। प्रत्यक्षदर्शी कृष्णाकांत ने बताया कि वह अन्य लोगों के साथ नदी पर मौजूद था। रणवीर अपने कपड़े और चप्पल उतारकर नदी में नहाने चला गया। नहाने के बाद जब वह नदी से बाहर निकलने लगा, तभी अचानक एक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मगरमच्छ ने छलांग लगाकर रणवीर को पीछे से दबोच लिया। लोगों ने घटना को अपनी आंखों के सामने होते देखा, लेकिन अचानक हुए हमले के कारण उसे बचाने में असहाय रहे। मगरमच्छ रणवीर को खींचकर नदी में ले गया। प्रत्यक्षदर्शी कृष्णाकांत और कल्लू ने बताया कि घटना बेहद भयावह थी। रणवीर सरल स्वभाव और मिलनसार युवक था। अचानक मगरमच्छ के हमले से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर रणवीर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन मगरमच्छ की ताकत के सामने वे बेबस नजर आए। कल्लू के मुताबिक यह गांव में मगरमच्छ के हमले की पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी मगरमच्छ द्वारा भैंस पर हमला किए जाने की घटना सामने आ चुकी है। उस समय भैंस किसी तरह भागने में सफल रही थी। इसके बाद भी मगरमच्छ ने रणवीर पर हमला कर दिया और उसे अपने जबड़े में दबोचकर नदी में खींच ले गया। ग्रामीणों के अनुसार बेतवा नदी में मगरमच्छों की मौजूदगी पहले से रही है। नदी के आसपास रहने वाले लोग अक्सर मगरमच्छ दिखाई देने की बात बताते रहे हैं। इसके बावजूद लोग रोजमर्रा के काम और नहाने के लिए नदी का इस्तेमाल करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नदी के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से हादसे का खतरा बना रहता है। परिजनों ने बताया कि तकदीर सिंह के दो बेटे हैं। बड़े बेटे यदुवीर की उम्र करीब 25 वर्ष है और वह गांव में रहकर खेती करता है। दोनों भाई परिवार के साथ मिल-जुलकर रहते थे। वहीं रणवीर झांसी में रहकर नौकरी की तैयारी कर रहा था। बताया गया कि वह कानपुर के बाद झांसी में रहकर अपने भविष्य को संवारने की तैयारी में जुटा था। परिवार के पास करीब 25 बीघा जमीन बताई गई है। रक्षाबंधन पर घर लौटे रणवीर के साथ हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। रक्षाबंधन के दिन जहां घर-घर भाई-बहन के प्रेम और खुशियों का माहौल था, वहीं रणवीर के परिवार में हादसे की खबर पहुंचते ही मातम पसर गया। परिजन नदी किनारे पहुंच गए और रणवीर के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए रहे।

## गोवंशों पर लम्पी वायरस का कहर, पशुपालन विभाग बेखबर



**समृद्धि न्यूज़, राठ।**

राठ नगर क्षेत्र में गोवंशों में लम्पी वायरस जैसे लक्षण दिखाई देने से पशुपालकों और गौसेवकों में चिंता बढ़ गई है। नगर के कई हिस्सों में बड़ी संख्या में गोवंशों के शरीर पर गाठें और अन्य संदिग्ध लक्षण नजर आने की बात सामने आई है। इसके बावजूद पशुपालन विभाग की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीमारी फैलने की आशंका के बावजूद विभाग द्वारा समय रहते जांच, उपचार, टीकाकरण और प्रभावी निगरानी के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि तत्काल रोकथाम नहीं की गई तो संक्रमण तेजी से फैलकर गंभीर स्थिति पैदा कर सकता है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों की गौशालाओं में भूसा-चारा व्यवस्था को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों का ध्यान गौशालाओं की व्यवस्थाओं तक सीमित है, जबकि गोवंशों के स्वास्थ्य की निगरानी और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। लोगों ने पशुपालन विभाग से मांग की है कि राठ नगर और आसपास की गौशालाओं में विशेष पशु चिकित्सा टीम भेजकर तत्काल जांच कराई जाए, संदिग्ध पशुओं को अलग रखा जाए और आवश्यक टीकाकरण एवं उपचार कराया जाए।अब सवाल यह है कि बीमारी के गंभीर रूप लेने का इंतजार क्यों किया जा रहा है? पशुपालन विभाग यदि समय रहते सक्रिय नहीं हुआ तो लापरवाही का खामियाजा बेजुबान गोवंशों को भुगतना पड़ सकता है।

## रक्षाबंधन उत्सव पर उल्लास का माहौल भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का मनाया पर्व



**समृद्धि न्यूज़, गुरसराय (झांसी)।**

रक्षाबंधन का पावन पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिवारों में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षासूत्र बांधकर एक-दूसरे के सुखी एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। रक्षाबंधन के अवसर पर घरों में विशेष तैयारियां की गईं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा एवं सम्मान का संकल्प लिया। बच्चों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। परिवार के सदस्यों ने एक साथ पर्व की खुशियां साझा कीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ त्योहार मनाया। परिजनों ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, अपनत्व और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है।

## रक्षाबंधन पर मौसी के घर गए इकलौती बेटे की सड़क हादसे में मौत

**समृद्धि न्यूज़, उरई।** रक्षाबंधन पर मौसी के घर गए इकलौती बेटे की वापस लौटते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जौराखेरा निवासी 28 वर्षीय वीर अर्जुन सिंह रक्षाबंधन के त्योहार पर अपनी मौसी के घर ग्राम धंतौली गया था। वहां से वह रात करीब 9 बजे हरदोई गूजर जाने की बात कहकर निकल गया था। बताया गया है कि रास्ते में बारिश होने के कारण उसकी बाइक सड़क पर फिसल गई और वह वहीं पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने स्वजन व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई।

# डीएम ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को बांटी टूलकिट

- औद्योगिक विकास से ही जनपद का चहुंमुखी विकास संभवः डीएम

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं जनपद स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई की बैठक की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से ही जनपद का चहुंमुखी विकास संभव है। उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण विभागीय अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।डीएम ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पांच हलवाई लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से टूलकिट वितरित कर उन्हें स्वरोजगार शुरू करने की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त उद्योग मनीष चौधरी ने बताया कि योजना के तहत करीब 100 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में उद्योगों के विस्तार के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उद्यमियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए डीएम ने विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण की समय सीमा तय की। ग्रोथ सेंटर बिजौली के आवासीय परिसर में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त होने की जानकारी दी गई। यूपीसीडा द्वारा डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी है। डीएम ने कार्य 15 सितंबर तक शुरू कराने के निर्देश दिए।

उपायुक्त उद्योग ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में जनपद को चौथी रैंक तथा सीएम डैशबोर्ड पर ए-प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है।

2500 के लक्ष्य के सापेक्ष 2829 प्रकरण प्रेषित किए गए हैं, जबकि 846 आवेदन स्वीकृत और 768 का वितरण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना भी सीएम डैशबोर्ड पर ए-प्लस श्रेणी में है।डीएम ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एमएसएमई इकाइयों द्वारा भू-गर्भ जल के अत्यधिक दोहन पर प्रवर्तन की कार्रवाई करने को कहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में परेवा को मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में परेवा को रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं घरों में नाग पंचमी पर बोई गई भुजरियों का नदी, तालाब और पोखरों में विसर्जन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन प्रतिपदा को मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। बिदोखर पुरई के काली माई मंदिर प्रांगण में रक्षाबंधन पर आल्हा गायन का आयोजन हुआ। मशहूर आल्हा गायक दिनेश सिंह, रणविजय सिंह, दिग्विजय सिंह गौर और श्रीराम साहू ने कीरत सागर के भीषण युद्ध का जीवंत वर्णन सुनाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम सुनने के लिए बिदोखर सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे। पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव, अरिमर्दन सिंह एडवोकेट, डॉ. मानसिंह और पूर्व उप प्रधान सीताराम सिंह मौजूद रहे।

## नमिता के सिर पर सजा सोलह श्रृंगार क्वीन का ताज

- झांसी की कविता को मिला तीसरा स्थान

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



श्रावण मास के अंतिम दिवस एवं रक्षाबंधन के अवसर पर अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना श्रीकृष्ण चौरसिया झांसी द्वारा सोलह श्रृंगार क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अर्चना चौरसिया ने बताया कि आन लाइन आवेदन प्रक्रिया के अन्तर्गत संपूर्ण देश के प्रतिभागियों में उत्तर प्रदेश से अधिक संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

विभिन्न चक्रों में आयोजित प्रतियोगिता में सोलह श्रृंगार क्वीन का ताज नमिता चौरसिया लखनऊ के सिर पर सजा।

कृतिका चौरसिया मथुरा द्वितीय, कविता चौरसिया झांसी एवं सुषमा चौरसिया लखनऊ तृतीय रही। प्रियंका, अलका, पूर्णिमा, निधि चौरसिया ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। संचालन एवं आभार व्यक्त अर्चना चौरसिया ने किया।

# गांजे की खेप ले जाते चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- आटा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई
- स्कॉर्पियो समेत 227 किलो गांजा पकड़ा

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



आटा थाना पुलिस एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान दी कुंटल से अधिक गांजे की खेप के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई गई है। खुलासा करते हुए एएसपी डॉ ईशान सोनी ने बताया कि एसपी विनय कुमार के निर्देशन में आटा थाना पुलिस एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने सतर्कता बरतते हुए संदिग्धों को रोककर पूछताछ की और वाहनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहनों से भारी मात्रा में गांजा बरामद होने पर पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया, और दोनों स्कॉर्पियो वाहनों को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजीव पंवार निवासी शामली, वर्तमान पता बागपत, मो.आदिल निवासी शामली, मोईन खान निवासी शामली तथा शमीम निवासी बागपत के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा खरीदकर झांसी, जालौन, कानपुर देहात, कानपुर नगर सहित आसपास के जनपदों में सप्लाई करते थे। फिलहाल पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 2 क्विंटल 27 किलो गांजा, एक काले रंग की स्कॉर्पियो और 5,100 रुपये नकद बरामद किए हैं। भारी मात्रा में गांजा बरामद होने के बाद पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। तस्करी में शामिल अन्य लोगों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# रक्षाबंधन बना भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक

- समाजसेवी ने तीन हिंदू बहनों से बंधवाई राखी
- यूसुफ ने जीवनभर रक्षा का दिया वचन

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। इसी सामाजिक सौहार्द की मिसाल उस समय देखने को मिली, जब समाजसेवी यूसुफ अंसारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात अपनी तीन मुंहबोली हिंदू बहनों से राखी बंधवाई। रक्षाबंधन के अवसर पर यूसुफ अंसारी अपने सहयोगियों यामीन अंसारी, सिराज बाबा, अफसर, चुन्ना हुसैन रिजवी, बली मोहम्मद और सीनियर वार्ड ब्वॉय परवेज खान के साथ जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले अपनी मुंहबोली बहन डा. गीतेश शास्त्री से राखी बंधवाई। बताया गया कि यूसुफ अंसारी पिछले करीब 15 वर्षों से रक्षाबंधन के पर्व पर डा. गीतेश शास्त्री से राखी बंधवाते आ रहे हैं और भाई होने का फर्ज निभाते हुए हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराते हैं। इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षिका मिथलेश वर्मा व इमरजेंसी वार्ड इंचार्ज प्रतीक्षा शर्मा से भी राखी बंधवाई। तीनों बहनों ने भाई यूसुफ अंसारी की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं यूसुफ अंसारी ने भी अपनी बहनों को हर परिस्थिति में उनकी रक्षा और सम्मान के लिए सदैव साथ खड़े रहने का वचन दिया। राखी बांधने के बाद भाई-बहनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और हर वर्ष इसी तरह रक्षाबंधन का पर्व साथ मनाने की कामना की। इस दौरान अस्पताल परिसर में भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द की खूबसूरत मिसाल भी देखने को मिली। समाजसेवी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और रिश्तों को मजबूत करने का अवसर है। भाई- बहन का रिश्ता मजहब की दीवारों से नहीं, बल्कि प्रेम और विश्वास से बनता है। जिलास्पताल में मनाया गया यह रक्षाबंधन इसी संदेश को समाज तक पहुंचाने का काम करता है।

## बाइक छीनकर भाग रहे हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने धर दबोचा

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



कमासिन थाना पुलिस ने बाइक छीनकर फरार हुए शातिर और हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को घटना के चंद घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से छीनी गई बाइक बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन अभियान के तहत कमासिन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति से बाइक छीनकर भागने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थाने में सूचना दी गई कि बबेरू कोतवाली क्षेत्र निवासी समर ने कमासिन थाना पुलिस को सूचना दी कि कस्बा स्थित बिजली पावर हाउस के पास एक अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक छीनकर फरार हो गया है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने अभियोग दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को बबेरू की ओर से कमासिन की तरफ बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया तो वह बाइक छोड़कर मौके से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सिमौनी हाल पता हरदौली गांव निवासी अंसार उर्फकल्लू पुत्र मुस्तफा उर्फ नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कमासिन थाना के उप निरीक्षक पारसनाथ, कांस्टेबल योगेश गुप्ता व सौरभ शुक्ला शामिल रहे।

# नौ वर्ष बाद अपने बेटे को देख मां-बाप की आंखे हुई नम

समृद्धि न्यूज,कुड़वार सुल्तानपुर।

09 वर्ष पूर्व गांव के रिश्तेदार के साथ खलासी का काम करने गए किशोर के अचानक घर पहुंचने पर परिवार की आंखे नम हो गई।जो माता पिता बेटे की उम्मीद छोड़ चुके थे उनके बेटे के सामने आने पर खुशियों का ठिकाना नहीं रहा और दोनों की आंखें नम हो गई।

बता दे कि 20 अगस्त 2017 को स्थानीय थाना क्षेत्र के कालू का पुरवा भंडरा परशुराम गांव निवासी त्रिभुवन नाथ पाठक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका 14 वर्षीय बेटा सौरभ को गांव के रिश्तेदार ट्रक चालक संजय पिता निवासी चौबे का पुरवा शालीपुर बीकापुर अयोध्या ट्रक पर खलासी का कार्य करने के लिए ले गया था। जब सौरभ के पिता ने रिश्तेदार से बात कराने को कहा तो उसने बताया कि वह कहीं चला गया उनके पास नहीं है।पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर काफी खोजबीन की लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका।थकहारकर पुलिस ने भी मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी।जिसके बाद माता पिता ने बेटे की उम्मीद छोड़ दी।दो वर्ष पूर्व लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में एक मंदबुद्धी युवक को सौरभ के पिता अपना बेटा समझ कर घर लेकर आ गए थे।लेकिन 02 दिन पूर्व जब उनका असली बेटा घर पहुंचा तो पिता त्रिभवन नाथ सहित अन्य परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घर पहुंचे सौरभ ने बताया कि जब खलासी का काम करने गया था तो वह दिल्ली के पास ट्रक से दूध लेने उतरा था जब वापस लौटा तो ट्रक नहीं मिली।उसके बाद उसे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शामली पहुंचा दिया। जहां उसे एक बड़े तबेले में बंधक बना लिया गया। दो माह पूर्व वह किसी तरह वहां से निकल पाया तो उसने पुलिस की शरण ली।

लेकिन पुलिस से मदद न मिलने के बाद उसे एक मुस्लिम युवक अपने साथ गाजियाबाद लेकर चला गया और एक माह काम करने के बाद जब सौरभ ने घर आने की इच्छा जताई तो उसने 10 हजार रुपया देकर सुल्तानपुर की ट्रेन पर बैठा दिया। सौरभ के घर पहुंचते ही परिवार में खुशी का माहौल हो गया।



मां बाप के साथ 09 वर्ष बाद लौटा बेटा सौरभ

## दरवाजे पर युवक को मारी गोली, रेफर

सुल्तानपुर। शुक्रवार की रात दरवाजे पर बैठे युवक को एक व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के साथ गोली मारकर कर घायल कर दिया गया। गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा डेमा गांव से जुड़ा है। गांव निवासी दान बहादुर सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार को रात में 11:45 बजे उसके भतीजे विपिन सिंह(40)पुत्र इंद्रसेन सिंह को दरवाजे पर शिवम सिंह पुत्र अवधेश ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ गोली मारकर घायल कर दिया। सीओ जयसिंहपुर सुनील कुमार ने बताया कि घायल युवक के परिजनों की तहरीर पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।



आमजन की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना गया।

एसपी दीपक भूकर ने फरियादियों से सीधा संवाद कर कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। जिन प्रकरणों में तत्काल निस्तारण संभव नहीं था, उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित थाना प्रभारियों व जिम्मेदार अधिकारियों को प्रेषित करते हुए समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसे की गई कार्रवाई से अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। उन्होंने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश और साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों पर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पुलिस कार्यालय या थानों में आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ सम्मानजनक व संवेदनशील व्यवहार किया जाए और किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। पीड़ित को समय से न्याय दिलाना प्रतापगढ़ पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राशन कार्ड के लिए दर-दर भटक रही रानीगंज की जनता

समृद्धि न्यूज,रानीगंज प्रतापगढ़।

प्रदेश की योगी सरकार भले ही गरीबों को मुफ्त राशन और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज (आयुष्मान भारत) का दावा कर रही हो, लेकिन रानीगंज तहसील में जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।

यहां हजारों गरीब परिवार पिछले कई सालों से नया राशन कार्ड बनवाने और कार्ड में छूटे हुए सदस्यों के नाम जुड़वाने के लिए ब्लॉक और पूर्ति विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जब भी पीड़ित ग्रामीण अपनी समस्या लेकर दफ्तरों में पहुंचते हैं, तो अधिकारी और कर्मचारी एक ही रटा-रटाया जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं- साइट नहीं चल रही, सर्वर डाउन है, अभी काम नहीं होगा। प्रशासनिक लापरवाही का सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि राशन कार्ड न बनने के कारण पात्र गरीबों के आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। इसके चलते गंभीर बीमारियों से जूझ रहे निर्धन लोग सरकार की 5 लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा से पूरी तरह वंचित हैं। अधिकारियों के इस टालमटोल रवैये से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से गुहार लगाते हुए मांग की है कि रानीगंज में राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए और वर्षों से जनता को गुमराह करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# जिला कारागार में 307 बंदियों को बांधी राखी



जिला कारागार में निरुद्ध भाइयों को राखी बांधती बहनें

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन शुक्रवार को जिला कारागार में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कारागार में निरुद्ध बंदी भाइयों की माताएं और बहनें उन्हें राखी बांधने के लिए सुबह से ही कारागार पहुंचीं।

कारागार प्रशासन की ओर से महिला मुलाकातियों के लिए पीने के पानी और बिस्कुट की व्यवस्था की गई। जो महिलाएं राखी लेकर नहीं पहुंच सकीं, उनके लिए राखी और रोली की भी व्यवस्था की गई। धूप और बारिश से बचाव के लिए कारागार के मुख्य द्वार के सामने नवनिर्मित प्रतीक्षालय में महिला मुलाकातियों को कतारबद्ध कर बारी-बारी से प्रवेश दिया गया।सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत मुलाकात पर्ची स्थल पर अतिरिक्त जेल वार्डर और महिला जेल वार्डर तैनात किए गए। कारागार प्रशासन ने विलंब से पहुंचने वाली बहनों की भी मुलाकात कराई,ताकि कोई भी बहन अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधने से वंचित न रहे।

जेल अधीक्षक प्रांजल अरविंद ने बताया कि जेल में निरुद्ध 307 बंदियों को राखी बांधने के लिए 478 महिलाएं 103 बच्चों के साथ कारागार पहुंचीं। कारागार में निरुद्ध एक महिला बंदी ने अपने निरुद्ध पुरुष बंदी भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उसके शीघ्र रिहा होने की कामना की।

# सतीश शुक्ल की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य, मरीजों में फल वितरण



समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

समाजसेवी एवं जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व0 सतीश शुक्ल की इक्कीसवीं पुण्य तिथि शुक्रवार की शाम समारोहपूर्वक मनायी गई। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्व0 सतीश शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयोजक डा0 नीरज शुक्ल ने स्व0 शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ट्रामा सेण्टर में भर्ती मरीजों व तीमारदारों को फल भी बांटा गया। स्व0 सतीश के पुत्र अंकुर शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया। सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि स्व0 सतीश ने युवाओं के अधिकारों की सदैव संघर्षशील आवाज बुलंद की। संचालन शंभूनाथ तिवारी ने किया। इस मौके पर डिफेंस टाइगर्स के सचिव मनीष मिश्र, मुन्ना शुक्ल, अशोक मौर्य, सुनील शुक्ल, कुलदीप पाण्डेय, दिलीप शुक्ल, जौवाद खान, राहुल पाल आदि रहे।

## सर्पदंश से इंटर की छात्रा की मौत, रामराज इंटर कॉलेज में शोक सभा की गई आयोजित

प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के अतरौरा (आसपुर देवसरा) निवासी रामप्रकाश वर्मा की पुत्री अंजली वर्मा, जो रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी, की सर्पदंश से दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब अंजली अपने घर पर कोई काम कर रही थी, तभी उसे सांप ने डस लिया। छात्रा की मौत की खबर जैसे ही विद्यालय पहुंची, वहां शोक की लहर दौड़ गई। स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन कर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रशस्त कुमार त्रिपाठी एवं वरिष्ठ शिक्षक राजेश दुबे सहित पूरा विद्यालय परिवार मृतका के घर अतरौरा पहुंचा और शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

## खबरें एक नजर में

### स्वाइन फ्लू से जंग के लिए मेडिकल कॉलेज अलर्ट

सुल्तानपुर। स्वाइन फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मरीजों के उपचार के लिए पुरानी बिल्डिंग स्थित आईसीयू वार्ड में 10 बेड सुरक्षित किए गए हैं। साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ चिकित्सकों की टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा ने बताया कि स्वाइन फ्लू से निपटने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने की स्थिति में आठ अतिरिक्त बेड बढ़ाने की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में बीमारी से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों को तैयार रखा जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनाश चंद्र गुप्ता ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार या सांस फूलने जैसी शिकायत होने पर तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय सलाह लें। ऐसे मरीज भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें और मास्क का प्रयोग करें सीएमएस ने कहा कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें, लेकिन कोरोना काल की तरह आवश्यक सावधानियां जरूर बरतें। लक्षण दिखाई देने पर जांच और उपचार में देरी न करें।

### अज्ञात अधेड़ का शव बरामद

सुल्तानपुर। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर लंभुआ थाना क्षेत्र में अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस पहचान के प्रयास में जुटी है। शनिवार को लंभुआ थाना क्षेत्र में हाईवे पर बृधापुर गांव के पास लगभग 55 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है।शिनाख्त हो जाने पर या 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत, चालक फरार

सुल्तानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भरथुआ गांव में शनिवार दोपहर सड़क की पटरी पर बैठी महिला को बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन और ग्रामीण उसे बोलेरो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के भरथुआ गांव निवासी भाना देवी (60) शनिवार दोपहर गांव की सड़क किनारे पटरी पर बैठी थीं। इसी दौरान गांव निवासी श्रवण कुमार गौतम बोलेरो मोड़ रहा था। वाहन की चपेट में आने से भाना देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद श्रवण कुमार ही घायल महिला को अपनी बोलेरो से सीएचसी दोस्तपुर लेकर पहुंचा। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद वह मौके से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। मृतका के पुत्र नरेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने श्रवण कुमार गौतम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।मृतका के पति हीरालाल का पहले ही निधन हो चुका है। उनके तीन पुत्र नरेंद्र (36), महेश (34), सुरेश (25) और पुत्री सरोजा (38) हैं। सभी विवाहित हैं।

### युवक का सिर कुचकर निर्मम हत्या

प्रयागराज। प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगापुर की भारतीया बस्ती में एक युवक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राहुल भारतीया (25 वर्ष), पुत्र संतलाल भारतीया,निवासी सारंगापुर,थाना घूरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, गांव के पास स्थित एक चबूतरे पर युवक का शव मिला। लोगों को आशंका है कि धारदार हथियार से सिर पर वार कर उसकी हत्या की गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घूरपुर थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस हत्या के कारणों और वारदात में शामिल आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को जुटाया जा रहा है।

### एसडीएम की बेटी को लगाई एक्सपायरी दवा, दो फार्मासिस्ट सस्पेंड

प्रतापगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में एक मासूम के इलाज के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। लालगंज के एसडीएम वाचस्पति सिंह की 8 वर्षीय पुत्री श्रेयसी सिंह को तेज बुखार होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्हें बिना जांच किए एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन लगा दिया गया। मामला उजागर होने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने दोनों दोषी फार्मासिस्टों को निलंबित कर दिया है और अस्पताल के दवा गोदाम को सील कर दिया है।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे की है। एसडीएम वाचस्पति सिंह के अनुसार, स्टोर प्रभारी फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला ने स्टोर से एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन निकालकर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे को दिया, जिन्होंने बिना तिथि जांचे बच्ची को इंजेक्शन लगा दिया। तभी साथ मौजूद एसडीएम के कर्मचारी ने इंजेक्शन और ग्लूकोज पर अंकित समाप्ति तिथि देख ली। पूछताछ करने पर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। एसडीएम ने इसे सुरक्षा में गंभीर चूक मानते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ डॉ. ए.एन. प्रसाद ने सीएचसी लालगंज और ट्रॉमा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। शनिवार सुबह गहन जांच के दौरान अस्पताल के स्टोर से भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाएं बरामद हुईं, जिसके बाद गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। सीएमओ डॉ. ए.एन. प्रसाद ने बताया कि लापरवाही बरतने वाले दोनों फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला और देव कुमार दुबे को सस्पेंड कर दिया गया है।

## बोलेरो ने बाइक सवार को रौंदा,युवक की मौत

रानीगंज-प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के खरहर स्थित नए पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। अज्ञात बोलेरो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद से मृतक के परिवार में रोना-पीटना और कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मांधाता कस्बा निवासी अजय कुमार (25) पुत्र श्याम लाल सरोज अपनी पल्सर बाइक (यूपी 72 बीसी 0573) से ननिहाल मतुई पृथ्वीगंज (थाना कोतवाली देहात) से ससुराल देवगढ़ कमासिन (थाना रानीगंज) जा रहा था। जैसे ही वह खरहर स्थित नए पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, रानीगंज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अजय कुमार सड़क पर सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जहरीले जंतु के काटने से हुई युवती की मौत

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर। शुक्रवार को खेत में काम कर रही युवती को जहरीले जंतु ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला चांदा थाना क्षेत्र के अहिरौला गांव से जुड़ा है।गांव निवासी सुमित्रा निषाद(23)पुत्री जवाहर लाल निषाद शुक्रवार को खेत में काम करने गई थी। जहां उसे जहरीले जंतु ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन स्थानीय सीएचसी से लेकर जिला मेडिकल कालेज पहुंचे। जहां इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।घटना से परिवार में कोहराम मच गया। चिकित्सक की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही की।



फाइल फोटो मृतका सुमित्रा निषाद

चांदा थाना क्षेत्र के अहरौला गांव का मामला

प्रभारी निरीक्षक सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज कर विधिक कार्यवाही की गई है।वहीं चांदा थाना प्रभारी राजकुमार वर्मा ने बताया कि परिजनो द्वारा उनको कोई सूचना नहीं दी गई है।

## करंट की चपेट में आने महिला की मौत

सुल्तानपुर। घर के अंदर पंखा बंद करते समय बोर्ड में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला पूरी तरह झुलस गई।गंभीर हालत में परिजन लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामला कूरेभार थाना क्षेत्र के सराय वीरान गडरिया का पुरवा गांव से जुड़ा है। गांव निवासी शांति (27) पत्नी रामनरेश पाल शुक्रवार रात को घर का पंखा बंद करने गई थी। पंखा बंद करने के दौरान करंट की चपेट में आ गई।गंभीर हालत में परिजन लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित करते हुए शव मर्चरी में रखवा दिया। मृतका तीन नाबालिग बच्चों की मां थी।घटना से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। चिकित्सक की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर,एक की मौत

समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।

- बंधुआ कला थाना क्षेत्र दादूपुर गांव के पास हुआ हादसा
- कक्कू का अस्पताल में चल रहा है इलाज

लखनऊ वाराणसी हाईवे पर अनियंत्रित कार ने दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी।गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। शुक्रवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र में दादूपुर गांव में हाइवे कट के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन ने अरविंद(30)पुत्र राम सुमेर निवासी रामपुर चांदा व कक्कू(17)पुत्र त्रिभुवन निवासी इशुपुर चांदा ने टक्कर मार दी। जो सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही थी। गंभीर हालत में इलाज के लिए दोनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान अरविंद की मौत हो गई। जबकि कक्कू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा नगर कोतवाली पुलिस द्वारा किया गया है। मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# पूनम सिंह ने समाजवादी पार्टी की ग्रहण की सदस्यता



समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

सामाजिक सरोकारों से जुड़ीं पूनम सिंह ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए, पार्टी के साथ मिलकर जनसेवा का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूनम सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाला संगठन है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें संगठन से जुड़कर जनता के बीच काम करने का अवसर मिला है।

## किशोरी की मौत, अस्पताल पर लगा गलत इलाज का आरोप

ऊँचाहार,रायबरेली। निमोनिया व बुखार से पीड़ित किशोरी की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई,परिजनों की तहरीर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र के पिपरहा मजरे ऊँचाहार देहात गाँव की आरती ने बताया कि उसकी बेटी साक्षी 13 वर्ष बुखार से पीड़ित थी, जिसे गुरुवार को कस्बे के छोटी रेलवे क्रासिंग स्थित चौहान हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान उसमें निमोनिया के लक्षण पाये गए, आरोप है कि उसकी बेटी का इलाज कुशल चिकित्सकों से नहीं बल्कि ट्रेनी स्टाफ से कराया गया, शुक्रवार को बेटी अस्पताल के शौचालय में गयी थी, जहां उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर शव को बाहर निकाला ,जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# समाजसेवी के नेतृत्व में लगाये गये दर्जनों पौधे

समृद्धि न्यूज,बछरावां रायबरेली।



ग्राम सभा थुलेंडी के ईदगाह ग्राउंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा समाजसेवी गोलू रायनी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ग्राम प्रधान राजू रायनी व थुलेंडी पुलिस चौकी इंचार्ज अजय कुमार पटेल की मौजूदगी रही। सभी ने मिलकर ईदगाह परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पेड़ लगाओ फाउंडेशन के कारी एजाज, हसनगंज से जुबैर कुरैशी, इसरार पंडा, शकील कुरैशी, सिद्दीक ठेकेदार, मोबिन मंसूरी, समीर मंसूरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पेड़ ही जीवन हैं और हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। ईदगाह ग्राउंड को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## डीएम ने निर्माणाधीन 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा शनिवार को निर्माणाधीन 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए पुल के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए,जिलाधिकारी ने सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाते हुए प्रत्येक दशा में कार्य को अक्टूबर माह तक पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने श्रमशक्ति और संसाधनों को बढ़ाते हुए दो सिफ्टो में कार्य कराते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

# राज्यपाल ने किया सूर्यप्रकाश की पुस्तक का विमोचन

समृद्धि न्यूज, डीह रायबरेली।

डीह कस्बे के लाल शिक्षाविद् सूर्यप्रकाश अग्रहरि की संपादित पुस्तक इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन इन पॉलिटिकल कंटेक्स्ट का विमोचन कुलाधिपति व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल अपने करकमलों द्वारा किए, जाने पर डीह क्षेत्र को गौरव हासिल हुआ । शिक्षाविद् सूर्यप्रकाश अग्रहरि डीह कस्बे के रज्जन अग्रहरि के पुत्र और प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि के भतीजे है। यह महराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य है । महराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के तृतीय दीक्षांत समारोह में इनके द्वारा संपादित पुस्तक इंडियन नॉलेज ट्रेडिशन इन पॉलिटिकल कंटेक्स्ट का विमोचन कुलाधिपति व उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीव कुमार की उपस्थिति में विमोचन किया ।राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य सूर्यप्रकाश अग्रहरि ने पुस्तक में भारतीय ज्ञान परम्परा और समकालीन राजनीतिक चिंतन के विभिन्न पहलुओं को अकादमिक दृष्टिकोण को सामने रखा है पुस्तक के संपादन में जन नायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के सहायक आचार्य डॉ. रजनी चौबे का भी बड़ा योगदान रहा है।



पुस्तक का विमोचन करती राज्यपाल

राज्यपाल के हाथों पुस्तक के विमोचन की खबर डीह क्षेत्र में पहुंचते ही शिक्षकों सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताते हुए सूर्यप्रकाश अग्रहरि को बधाई दी । डीह की माटी से पल बढ़कर निकल कर शिक्षा एवं शोध में पहचान बना रहे उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी मानी जा रही है।

# कस्बेवासियों ने किया विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

- बीते 72 घन्टों से विद्युत अपूर्ति रही ठप

समृद्धि न्यूज, परसदेपुर रायबरेली।

नगर पंचायत परसदेपुर के वार्ड नंबर एक में विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने से पिछले 72 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप है। शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर न बदले जाने से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर करीब तीन दिन पूर्व फुंक गया था, जिसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई थी। आरोप है कि शिकायत के 72 घंटे बीत जाने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी में जहां लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं पानी की आपूर्ति सहित दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शनिवार को आक्रोशित वार्डवासियों ने एकत्र होकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।


## सूचना

मेरी पुत्री के पोस्ट ऑफिस के खाता संख्या 7199322504 में कीर्ति पुत्री अमित कुमार अंकित है, जबकि अन्य सभी अभिलेखों व आधार कार्ड में काव्या पुत्री अमित कुमार है। अतः बैंक के खाता में कीर्ति के स्थान पर सही नाम काव्या पुत्री अमित कुमार दर्ज किया जाए।

अमित कुमार पुत्र रामनरेश निवासी- चौरासी कस्बा डलमऊ, जनपद रायबरेली।

नगर पालिका ने दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

# नल खुला छोड़कर सड़क पर बहा रहे थे पेयजल

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने पेयजल की बर्बादी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नगर पालिका की ओर से 24 अगस्त से प्रातःकालीन औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या-07 के अम्बेडकर नगर में निरीक्षण के दौरान एक आवासीय परिसर में घरेलू जल संयोजन की टोंटी खुली मिली। इससे बड़ी मात्रा में पीने योग्य पानी लगातार सड़क पर बह रहा था।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका टीम ने पाया कि नल को जानबूझकर खुला छोड़ा गया था। पूछताछ में संबंधित पक्ष ने बताया कि पानी आने का पता चल सके, इसलिए नल खुला रखा जाता है। नगर पालिका ने इस व्यवस्था को




पेयजल की अनावश्यक बर्बादी बताते हुए इसे नियमों का उल्लंघन माना।

**जल संयोजन विच्छेदित करने के निर्देश:** नगर पालिका की ओर से जारी नोटिस-सह-जल संयोजन विच्छेदन आदेश में उत्तर प्रदेश जल सम्भरण तथा सीवर व्यवस्था अधिनियम, 1975 की धारा 71(1) एवं 72 का उल्लेख किया गया है। आदेश के अनुसार जलापूर्ति प्राप्त करने वाले स्वामी या अधिभोगी को पानी की बर्बादी रोकना आवश्यक है। टोंटी अथवा फिटिंग को इस प्रकार खुला नहीं छोड़ा जा सकता, जिससे पानी व्यर्थ बहता रहे।

नगर पालिका ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में केवल नल बंद कर कार्रवाई समाप्त न की जाए, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित जल संयोजन को विधिवत विच्छेदित किया जाए। कार्रवाई के दौरान कनेक्शन संख्या, परिसर का विवरण, विच्छेदन की तिथि और फोटोग्राफ भी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेयजल की एक-एक बूंद है महत्वपूर्ण

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि नागरिकों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में पेयजल का जानबूझकर अपव्यय जल संरक्षण की भावना के विपरीत है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पानी की टोंटी खुली न छोड़ें, लीकेज की तत्काल सूचना दें और पेयजल का उपयोग आवश्यकता के अनुसार करें। नगर पालिका ने साफ संकेत दिया है कि पेयजल की बर्बादी मिलने पर अब नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**दोबारा कनेक्शन पर भी होगी जांच**

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई के बाद दोबारा जल संयोजन के लिए आवेदन करने पर पुराने कनेक्शन के आधार पर स्वतः संयोजन नहीं दिया जाएगा। नियमानुसार जांच और निर्धारित प्रक्रिया के बाद ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

# छात्राओं ने पुलिसकर्मियों व डॉक्टरों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

रक्षाबंधन के अवसर पर सेंट पॉल स्कूल की छात्राओं ने अनूठी पहल करते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों और चिकित्सकों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों व डॉक्टरों को मिठाई खिलाकर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। साथ ही उनसे समाज और देश की बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

रक्षा सूत्र बांधने के दौरान पुलिसकर्मियों, डॉक्टरों और अन्य लोगों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। उन्होंने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस



दौरान छात्राओं ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की सुरक्षा और सम्मान का संदेश भी देता है। लोगों ने सेंट पॉल स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और सम्मान की भावना विकसित होती है।

## दो पहिया वाहन मालिकों को नहीं मिलेगा राशन

**गुरसहायगंज।** नगर मे अन्तोदय राशन धारको कों अब दो पहिया वाहन मालिक भी राशन कार्ड के लाभ से वंचित हो जाएंगे। चार पहिया, दो पहिया वाहन मालिक, आयकर दाता से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि पेंशन का लाभ लेने वाले व ढाई एकड़ से अधिक जमीन जोतने वाले अपात्र की श्रेणी में आएंगे। आपूर्ति विभाग ने गुरसहायगंज अनुमंडल क्षेत्र में राशन कार्डधारियों को नोटिस भेजा जायेगा। जिन्हें संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदार के माध्यम से नोटिस तामिला कराया गया है। देवराज राठौर ने बताया कि जिन्हें नोटिस मिला वे सात दिन के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। जांचोपरांत अगर वे पात्र साबित होते हैं तो उन्हें राहत दी जाएगी। अन्यथा वे राशन कार्ड से वंचित हो जाएंगे। हालांकि इस प्रकार की नोटिस ने कई राशनधारकों को नींद उड़ा दी है। राशनकार्डधारक प्रखंड कार्यालय से लेकर अनुमंडल कार्यालय का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है।

# बहनों ने तिलक कर भाइयों के बांधी राखी



- धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने तिलक करके भाइयों को राखी बांधी। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक करके आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बदले में भाइयों ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया तथा उपहार भी दिए।

रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने की रस्म पूरी होने के बाद सूरज ढलने से पहले मंदिर परिसरों तथा तालाबों में भुजरियां विसर्जित करने की परंपरा निभाई गई। बताते हैं कि कन्नौज जनपद में रक्षाबंधन के दिन भुजरिया विसर्जित करने की प्रथा आल्हा उदल के समय से चली आ रही है। वीर रस से ओतप्रोत आल्हा में भुजरियों की लड़ाई काफी प्रसिद्ध है। नाग पंचमी के दिन लोग खेतों से मिट्टी लाकर बर्तन में जौं बोते हैं।

रक्षाबंधन तक इनसे लंबी कोपलें निकल आती हैं। रक्षाबंधन का पर्व पूरा होने के बाद शाम को बच्चों, बड़ों व महिलाओं की टोलियां भुजरियों के बर्तन लेकर घर से बाहर निकलती हैं और मंदिर परिसर या तालाब में विसर्जन से पहले कुछ कोपलें खोट लेते हैं। घर पहुंच कर यह कोपलें अपने बड़ों को भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। काली नदी के पुल और प्राचीन श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर के तालाब में भी भुजरिया विसर्जित की गई।

## मिठाई व किराने की दुकानों पर उमड़ी भीड़



छिबरामऊ, कन्नौज। रक्षाबंधन के पर्व पर मिठाई और किराने की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। लेकिन सुबह से अचानक हुई रिमझिम बरसात ने रक्षाबंधन का त्योहार किरकिरा कर दिया। रक्षाबंधन वाले दिन मिठाई की दुकानों में देर शाम तक भीड़ लगी रही। विशुनगढ़ तिराहा के पास सियाराम मिष्ठान भंडार के संजय वर्मा व सत्यपाल वर्मा ने बताया इस बार 200 से लेकर 800 रुपए किलो तक की मिठाई लोगों ने खरीदी। अच्छी क्वालिटी की मिठाई की मांग काफी ज्यादा रही। उधर परचून की दुकानों पर गरी के गोले खरीदने वालों की भीड़ रही। रक्षाबंधन के पर्व पर मिठाई के साथ भाई को गरी का गोला देने की भी प्रथा चली आ रही है। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया इस बार गरी के गोले का भाव 410 रुपए किलो रहा।

## हीरालाल इंटर कॉलेज में होगा पुरा छात्र समागम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के प्राचीन हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में सितंबर या अक्टूबर माह में पुरा छात्र समागम का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने बताया वर्ष 1946 में कन्नौज (तत्कालीन फर्रुखाबाद) जनपद के छिबरामऊ नगर में रोपित यह लघु पौधा आज हीरालाल वैश्य नेशनल इण्टर कॉलेज के रूप में एक विशाल वटवृक्ष बनकर हम सभी के सामने है। आठ दशकों की इस दीर्घ यात्रा में संस्थान ने अनगिनत मूर्धन्य विद्वानों, कर्मठ नागरिकों और विशिष्ट व्यक्तित्वों को गढ़ा है, जिन्होंने स्थानीय क्षेत्र से लेकर देश-विदेश तक अपनी अमिट छाप छोड़ी है और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विद्यालय प्रशासन एवं प्रबंधन ने इन सभी विभूतियों को पुनः अपनी मातृसंस्था से जोड़ने तथा उनकी उपलब्धियों को नमन करने के उद्देश्य से पुरा छात्र समागम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह गरिमामय आयोजन सितम्बर या अक्टूबर के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। इसकी अंतिम तिथि व समय की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।

# सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रही पुलिस, बसों में उमड़ी भीड़

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। नगर के पूर्वी बाईपास पर थाना प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।

रक्षाबंधन पर बहनों और यात्रियों के घर जाने के कारण प्रमुख मार्गों और रोडवेज बसों में काफी भीड़ रही। कई स्थानों पर बसों की क्षमता से अधिक यात्री दिखाई दिए। बसों में जगह नहीं मिलने पर लोगों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। भीड़ का फायदा डग्गामार वाहनों को भी मिला। टेंपो व अन्य निजी सवारी



वाहनों में सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक यात्री नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 27, 28 और 29 अगस्त को महिलाओं के साथ एक सहयात्री को भी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई। रही है। इसको लेकर महिलाओं और यात्रियों में उत्साह रहा। पुलिस ने यात्रियों से जल्दबाजी न करने और सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालय में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



पीएस जसपुरापुर सरैया प्रथम में कैरम खेलते बच्चें

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में शनिवार को महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उन्हें स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### इस पुल से इन गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

**छिबरामऊ।** ये पुल कन्नौज और फर्रुखाबाद की सीमा को जोड़ेगा, इसलिए सबसे ज्यादा फायदा छिबरामऊ के पश्चिमी क्षेत्र को होगा जहाँ अभी पुल नहीं है। छिबरामऊ साइड के गांव फरीदपुर (जहाँ पुल उतरेगा), प्रेमपुर क्षेत्र के सभी गांव – इन्हें अभी 10 किमी घूम कर छिबरामऊ आना पड़ता है। दीनपुर, मानपुर, हरकरनपुर, नवीगंज / मोहम्मदाबाद जाने वाले रास्ते के गांव। इसी तरह फर्रुखाबाद साइड के गांव दुर्गपुर (दूसरी साइड), मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों को लाभ मिलेगा। प्रस्तावित पुल से मिलने वाले लाभ – पहले मोहम्मदाबाद जाने के लिए 22 किमी का चक्कर लगाना पड़ता था, पुल बनने के बाद सिर्फ 8–10 किमी रह जाएगा।

### रोहली मेले के प्रथम शनिवार को उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों भक्तों ने किए मां जाहरा देवी के दर्शन



**गुरसहायगंज/तालग्राम।** क्षेत्र के प्रसिद्ध रोहली मेले में प्रथम शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां जाहरा देवी के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे। हजारों भक्तों ने मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। पुलिस-प्रशासन की टीम लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखती रही। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास व्यवस्था को व्यवस्थित रखा गया। भीड़ अधिक होने के कारण मंदिर मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। अनावश्यक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने का प्रयास किया गया। मेले में पूजा सामग्री, प्रसाद, खिलौने, खान-पान और बच्चों के विभिन्न प्रकार के झूले अन्य सामान की दुकानें भी सजी रहीं। बच्चों और महिलाओं ने मेले में खरीदारी का आनंद लिया। प्रथम शनिवार को उमड़ी भारी भीड़ से पूरे मेला क्षेत्र में दिनभर रौनक बनी रही।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर याद किए गए मेजर ध्यानचंद

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया।

मुख्य अतिथि लॉन बॉल्स की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल ने कहा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को उनके सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने भैया बहनों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा खेल या पढ़ाई किसी भी क्षेत्र में पूरे मनोयोग से कार्य करें तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने कहा देश ही नहीं दुनिया में सबसे महान हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद्र का 29 अगस्त के दिन जन्म



हुआ था। खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को मेजर ध्यान चंद्र खेल सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाता है। आचार्य अनुराग त्रिपाठी ने कहा मेजर ध्यानचंद ने 400 से अधिक गोल अपने कैरियर में दर्ज कराए थे जिसमें 1932 में 133 गोल उनके नाम दर्ज हैं। आचार्य योगेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। भैया बहनों ने कई खेलों में प्रतिभाग किया।

- मेजर ध्यानचंद ने 400 से अधिक गोल अपने कैरियर में दर्ज कराए थे : आचार्य अनुराग त्रिपाठी ने कहा

# ग्राम फरीदपुर में बनेगा काली नदी पर दो लेन का पुल

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

मुख्यमंत्री योगी ने ग्राम फरीदपुर और फर्रूखाबाद के दुर्गपुर के बीच काली नदी पर पहुंच मार्ग सहित दो लेन के पुल को मंजूरी दी है। इसे सेतु निगम बनाएगा। इसकी लागत 1775.57 लाख रुपये है, जिसमें से 621.45 लाख जारी हो गया है। प्रभावित भू-स्वामियों को 19.41 लाख का प्रतिकर मिलेगा। तहसील छिबरामऊ के अंतर्गत राजस्व ग्राम दीनपुर के ग्राम फरीदपुर में काली नदी पर दो लेन दीर्घ सेतु एवं पहुंच मार्ग के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रस्तावित परियोजना के लिए प्रभावित भू-स्वामियों को नियमानुसार प्रतिकर उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के लिए कुल 13 भू-स्वामियों की 0.3235 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा निर्धारित सर्किल रेट के चार गुने, अर्थात ?60.00 लाख प्रति हेक्टेयर की दर से भूमि का कुल आंकलित प्रतिकर ?19,41,000/- (उन्नीस लाख इकतालीस हजार रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित भू-स्वामियों के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निर्धारित धनराशि का भुगतान किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होने के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी गति मिलेगी।

## भीम आर्मी जिलाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी का ऑडियो वायरल

**कन्नौज।** दलित महिलाओं के साथ मारपीट के मामले को लेकर कन्नौज में विवाद बढ़ता जा रहा है। इसी बीच भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने का ऑडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में बजरंग दल के निखिल नामक युवक पर फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि, वायरल ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

वायरल ऑडियो में फोन पर बातचीत के दौरान युवक द्वारा कथित रूप से भीम आर्मी जिलाध्यक्ष को देख लेने की बात कही जा रही है। ऑडियो में यह भी दावा किया जा रहा है कि युवक ने कहा, मेरे हाथ में शासन-प्रशासन है। इसके बाद मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद और बढ़ने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि दलित महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में भीम आर्मी की ओर से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# संतोषी माता मंदिर के पचासवें वर्ष पर होंगे धार्मिक आयोजन

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर के 50वें वर्षगांठ के अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

कार्यक्रम के तहत 6 सितंबर रविवार से विशाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसके साथ ही 501 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। कथा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है।

वहीं 13 सितंबर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में वृद्धाश्रम की स्थापना भी की जाएगी।

मंदिर के संस्थापक एवं प्रबंधक महेश चन्द्र गुप्ता ने सनातन धर्म प्रेमियों से धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने तथा शारीरिक एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

भागवताचार्य पंडित प्रेम सागर पांडेय जी द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

# डेयरियों पर नगर पालिका सख्त, चार संचालकों को नोटिस जारी

- 15 दिन में बंद करने के निर्देश
- अनुपालन न होने पर होगी कार्रवाई

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने स्वच्छता व्यवस्था और नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार को अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में पालिका टीम ने नगर क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया।

इस दौरान मोहल्ला अब्दुल कलाम आजाद नगर में आवासीय भवनों के अंदर संचालित डेयरियों में गंदगी और अपशिष्ट निस्तारण की स्थिति मिलने पर चार डेयरी संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण में पाया



गया कि गुड्डू पुत्र इसरार, मो. अल्ताफ पुत्र चांद खां, भूरा पुत्र इसरार खां और नफीस पुत्र मकसूद द्वारा आवासीय भवनों में पशु रखकर डेयरी संचालित की जा रही थी। जांच के दौरान पशुओं के गोबर एवं अन्य अपशिष्ट को पानी के साथ नालियों में बहाए जाने से जल निकासी प्रभावित होने और आसपास गंदगी फैलने की स्थिति सामने आई। पालिका प्रशासन ने जारी नोटिस में डेयरी संचालकों को 15 दिन के अंदर आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी बंद करने और परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी और कार्रवाई में होने वाला खर्च संबंधित लोगों से वसूला जाएगा। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता, जल निकासी और सार्वजनिक स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नालियों में गोबर, कूड़ा या गंदा पानी डालना पूरी तरह प्रतिबंधित है। नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है।

निरीक्षण के दौरान सभासद परमजीत, लेखा सहायक आकाश कुमार, जलकल पटल सहायक जनार्दन मिश्रा, पथ प्रकाश पटल सहायक राजेश कुमार, निर्माण सहायक शैलेंद्र कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा, अतिक्रमण प्रभारी अशोक कुमार, सफाई नायक सरवन सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# रेलवे स्टेशन पर कोलकाता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग, सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।**

गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13167-13168 कोलकाता- आगरा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नगर विकास समिति गुरसहायगंज ने सांसद फर्रुखाबाद मुकेश राजपूत को पत्र भेजकर उक्त ट्रेन का गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग की है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरीओम गुप्ता (पूर्व सभासद) ने कहा कि गुरसहायगंज से आगरा जाने के लिए यह ट्रेन क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।

यदि ट्रेन का ठहराव गुरसहायगंज स्टेशन पर शुरू हो जाता है तो नगर सहित आसपास के क्षेत्र के यात्रियों



को काफी सुविधा मिलेगी। पिछले तीन वर्षों से नगर एवं क्षेत्र की जनता गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर कोलकाता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करती आ रही है। समिति ने सांसद से जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने तथा ट्रेन का ठहराव कराने की पहल करने का अनुरोध किया है।

समिति ने कहा कि ट्रेन के ठहराव से क्षेत्र के लोगों को आगरा सहित अन्य स्थानों की यात्रा में सुविधा मिलेगी और उन्हें दूसरे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़ने की परेशानी से भी राहत मिलेगी। पत्र में नगर विकास समिति की ओर से सांसद से जनहित में ट्रेन संख्या 13167-13168 को गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिलाने की मांग की गई है। समिति ने उम्मीद जताई कि सांसद इस मांग को रेलवे के उच्च अधिकारियों के समक्ष रखकर जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरीओम गुप्ता सहित समिति के संरक्षक पी.डी. विश्वकर्मा, निदेशक बृजेश कौशिक,संयोजक राजेश गुप्ता,विजय प्रजापति,सुशील गुप्ता महासचिव ललित मोहन सिंह उपाध्यक्ष उमाकान्तसैनी, छोटे ठाकुर,प्रदीप कुमार,संजय गुप्ता, अवधेश गुप्ता सचिव पंकज गुप्ता सह सचिव टिकू परमार कोषाध्यक्ष गौरव वर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# जेल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को परखा

- डीएलएसए सचिव ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से की वार्ता
- पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तव ने क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण किया। निरीक्षण जिला जज एवं डीएलएसए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा के मार्गदर्शन में किया गया। सचिव ने महिला, पुरुष एवं किशोर बैरकों का दौरा कर बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और



जेल का निरीक्षण करती सचिव पौमेला श्रीवास्तव व मौजूद प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ

उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं तथा आर्थिक रूप से कमजोर बंदियों को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने जेल विधिक सहायता क्लिनिक का निरीक्षण कर पैरा लीगल वॉलंटियर्स के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी बंदी का मामला अधिवक्ता के अभाव में लंबित न रहे। जमानत मंजूर होने के बावजूद मुचलका न भर पाने वाले बंदियों की सूची तैयार करने तथा विचाराधीन बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिव ने पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता, जेल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और ब'चों के लिए दूध-पोषण की व्यवस्था भी परखी। अंत में प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ सहित अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।

# अमृतपुर में संपर्क मार्ग कटने पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने ग्रामीणों को सौंपी नाव

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए नाव सौंपी है।

193 विधानसभा अमृतपुर क्षेत्र में इन दिनों बाढ़ की विभीषिका ने जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। बाढ़ के तेज बहाव के कारण ग्राम नगला राम प्रसाद में सड़कें बुरी तरह कट गई हैं, जिससे गांव का संपर्क कट गया है। आवागमन का कोई उचित साधन न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस विकट स्थिति को देखते हुए ग्राम नगला राम प्रसाद के निवासियों ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव को अपनी आपबीती सुनाई और मदद की गुहार लगाई। ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने तत्काल



नाव सौंपते सपा नेता

राहत कदम उठाए। उनके निर्देशन में आवागमन की समस्या को दूर करने के लिए ग्राम नगला राम प्रसाद के निवासी रामवीर सिंह, चौधरी मालिखान सिंह, गिरीश यादव और सतीश सिंह आदि को एक नाव प्रदान की गई, ताकि ग्रामीण सुरक्षित रूप से अपनी जरूरत के हिसाब से आ-जा सकें। नाव मिलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस मौके पर डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव की टीम के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह भोला यादव विधानसभा अध्यक्ष, अनुराग यादव अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अमित कठेरिया राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जाति, पवन कठेरिया विधानसभा अध्यक्ष सदर फर्रुखाबाद, गोपाल यदुवंशी, छोटू यादव, लाखन कठेरिया मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने संकट की इस घड़ी में पूर्व प्रत्याशी और उनकी टीम द्वारा की गई इस मदद की काफी सराहना की है।

# धूमधाम से मनी गोगाजी महाराज की जयंती

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

निशान पूजा कर जाहरवीर गोगाजी महाराज की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गई। तमाम स्थानों से अपने-अपने निशानों के साथ आये भक्तों ने जयकारे लगाये। पूरी धूमधाम के साथ निशान उठाये गये। मेले में भीड़ के कारण जाम जैसी स्थिति बनी रही। रुट डायवर्जन के कारण लोगों को जय नरायन वर्मा रोड और छावनी से होकर अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचना पड़ा। भीड़ के चलते कई बार धक्का मुक्की का माहौल भी देखने को मिला। शुक्रवार रात्रि में ही वाल्मीकि समाज के लोग अपने-अपने क्षेत्रों से ढोल नगाड़े के साथ निशान लेकर पहुंचे और कोतवाली के निकट निर्धारित स्थान पर रखकर रविवार को निशानों को पूजा अर्चना के साथ उठाकर मंदिर तक पहुंचाया गया।



कोतवाली के निकट रखे निशानों की पूजा करते लोग

जहां जाहरवीर गोगाजी महाराज की पूजा अर्चना कर आगे का कार्यक्रम हुआ। फतेहगढ़ कोतवाली के निकट प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में बाल्मीकि समाज के लोग पवित्र निशान को लेकर एकत्रित होते है। जहां उनके भगत द्वारा पूजा अर्चना के बाद सीएमओ कार्यालय के निकट स्थित जाहरवीर गोगा जी महाराज मंदिर तक पवित्र निशान का प्रदर्शन करते हुए लाया जाता है और वहां से उनकी घर वापसी होती है। पूरे वर्ष उन्हें सुरक्षित रखते हैं। शनिवार को सुबह निशान लेकर गोगा जी मंदिर के निकट रखकर उनकी पूजा अर्चना के बाद निशान का प्रदर्शन भी किया गया। फतेहगढ़ की जामा मस्जिद से निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। स्वास्तिक, मोर, हाथी, भगवान भोलेनाथ व तिरंगा आदि की कलाकृतियों से निशान सजे थे। मोरपंख भी बांधे गए। निशान के ऊपर सिरमौर को भी भव्य रूप दिया गया था। निशानों की डोर को गुरु (भगत) पकड़कर चल रहे थे। चेले निशान उठा रहे थे। निशान उठते ही श्रद्धालु घूमते फिरते दिख रहे थे।

## 500 के नोट को लेकर चौराहे पर भिड़े दो युवक, एक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला बरतल निवासी सत्यम पुत्र कृष्णन पाल शुक्रवार शाम नवाबगंज चौराहे पर गया हुआ था। इसी दौरान उसकी जेब से 500 का नोट गिर गया। जब सत्यम नोट उठाने लगा तो वहां मौजूद एक अन्य युवक भी उस नोट पर अपना दावा करने लगा। दोनों युवकों के बीच नोट को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। चौराहे पर हुई मारपीट से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद सत्यम थाना नवाबगंज पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घायल सत्यम को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा, जहां उसका मेडिकल कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पं. रामकृपाल मिश्र की स्मृति में 73वें दंगल का हुआ आयोजन



दांव आजमाते पहलवान

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के कानपुर रोड स्थित नवदिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पं0 रामकृपाल मिश्र की स्मृति में 73वें विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में अन्य जनपदों से आए कई पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए और दर्शकों को रोमांचित किया। आयोजन समिति में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार मिश्र, अजीत मिश्र, सचिन मिश्र, पवन त्रिवेदी, त्रिपुरारी त्रिवेदी, आशुतोष मिश्र, सिद्धार्थ मिश्र, अभिषेक मिश्र और पुष्कर मिश्र शामिल रहे। दंगल के दौरान सभी मुकाबलों में रेफरी (निर्णायक) की महत्वपूर्ण भूमिका चमन त्रिवेदी द्वारा निभाई गई। आयोजकों के अनुसार, इस दंगल में कुल 31 कुश्तियां लड़ी गईं। कुश्ती लड़ने वाले पहलवानों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अच्छे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में नकद धनराशि के साथ-साथ उपयोगी वस्तुएं जैसे बाल्टी और थाली भी भेंट की गईं। दंगल में सबसे बड़े मुकाबलों में 3000 रुपये के नकद इनाम वाली कुश्तियां शामिल थीं। मैनपुरी के शिवम और बदायूं के साहिल पहलवान के बीच 3000 रुपये के इनाम के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। इसी प्रकार साहर के भूरा और कासगंज के शैलेन्द्र के बीच भी 3000 रुपये की इनामी कुश्ती लड़ी गई। जिया पहलवान साहर और साहिल कादरचौक के बीच 1000 रुपये और एक बाल्टी के लिए मुकाबला हुआ। इमरान पहलवान बदायूं और सत्यम कुमार जखा के बीच 50 रुपये और एक थाली के पुरस्कार के लिए कुश्ती हुई। इसी के आदि मुकाबले किये गये।

# पुरानी रंजिश में पड़ोसियों ने की पीट-पीटकर युवक की हत्या

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- ई-रिक्शा विवाद में पहले भी हुई थी मारपीट
- पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

कादरीगेट थाना क्षेत्र की गंगानगर कॉलोनी में शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते एक खूनी संघर्ष हो गया। पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से हमला कर 40 वर्षीय आकाश उर्फ बटरा की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल आकाश को तुरंत लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।



रोते बिलखते परिजन

मृतक की पत्नी रूबी ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह आकाश अपने घर के दरवाजे पर शांति से बैठे थे। इसी बीच गाली-गलौज को लेकर कुछ विवाद हुआ और देखते ही देखते दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर वहां आ धमके। हमलावरों ने घर में घुसकर आकाश पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। परिजनों के अनुसार, इस विवाद की जड़ एक महीने पुरानी है। करीब एक महीने पहले गली से ई-रिक्शा निकालने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसने मारपीट का रूप ले लिया था। उस वक्त भी आकाश के सिर में चोट आई थी। पुलिस ने तब आकाश का मेडिकल कराकर मुकदमा भी दर्ज किया था। परिवार ने दूसरे पक्ष से इलाज में मदद करने को कहा था, लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया था। माना जा रहा है कि उसी रंजिश के चलते शनिवार को इस जानलेवा हमले को अंजाम दिया गया। आकाश की मौत की सूचना मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। आकाश अपने पीछे पत्नी रूबी और पांच बच्चों तीन बेटे और दो बेटियां को छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। कादरीगेट थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया गाली-गलौज और पुराने विवाद को लेकर आकाश के साथ मारपीट की गई थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी जल्द गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक घायल



-घायल को उठाते पुलिस कर्मी व स्थानीय लोग

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।** कस्बा अमृतपुर में दयानंद इंटर कॉलेज के निकट शनिवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार बालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार शिवलाल पुत्र नंदराम निवासी बल्लू बेटा मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल दौलतियापुर जा रहे थे। इसी दौरान दयानंद इंटर कॉलेज के पास उनकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रही बृजेश पुत्र रामबहादुर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी लक्ष्मणपुर थाना कलान जिला शाहजहांपुर की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलें सड़क पर जा गिरीं और बृजेश घायल हो गए। बृजेश के साथ उनका पुत्र रमन भी मोटरसाइकिल पर सवार था, जो हादसे में बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने 108 एंबुलेंस और थाना अमृतपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल बृजेश को 108 एंबुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी से विवाद होने पर युवक ने गंगा में लगाई छलांग



ढाईघाट पुल पर मौजूद परिजन

**समृद्धि न्यूज,शमशाबाद।** शमशाबाद थाना क्षेत्र स्थित ढाई घाट गंगा पुल पर शुक्रवार शाम पत्नी से विवाद के बाद एक 35 वर्षीय युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, हरदोई जनपद के इनायतपुर गांव निवासी राम प्रकाश का 35 वर्षीय पुत्र राजा दिल्ली में निजी काम करता है। वह त्योहार से दो दिन पहले ही घर आया था। घर लौटने पर किसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद राजा अपनी बहन के घर भगवानपुरा चला गया था। शुक्रवार को राजा अपने चचेरे बहनोई के साथ दोबारा गांव गया था और शाम को वापस लौट रहा था। इस दौरान उसने चचेरे बहनोई से चाट-मिर्च खाने की इच्छा जताई। दोनों चाट पैक करवाकर ढाई घाट गंगा पुल पर चले गए। वहां चाट खाते-खाते राजा ने अचानक गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना से हड़कंप मच गया और परिजनों को तुरंत इसकी सूचना दी गई। राजा अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई है। उसकी बड़ी बेटी रिया 6 वर्ष की है, दूसरी बेटी आयुषी 3 वर्ष की है, जबकि एक माह पहले ही उसके घर बेटे का जन्म हुआ है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शमशाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों द्वारा दी गई थी। गंगा नदी में युवक की तलाश कराई जा रही है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गालियां देने से मना करने पर मारपीट

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खादर नगला बराकेशव निवासी भूरे के घर शुक्रवार जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर निवासी उनके रिश्तेदार करन आया था, तभी रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे गांव का ही युवक व उसका भूरे के घर जाकर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी ने भूरे के रिश्तेदार करन को लाठी डंडे से मारपीट कर दी। थाना पुलिस को भूरे ने दो नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### सभी ब्लॉकों का ट्रैक्टरों से घेराव करेंगे किसान: अजय कटियार

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी प्रक्रिया एवं किसानों पर दर्ज मुकदमे को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को छठा दिन किसानों में जिला प्रशासन के खिलाफभारी आक्रोश पनप रहा है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि अब किसान डरने वाला नहीं है, किसान अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से पूछे की जब हम मुसीबत में थे, तब कौन जनप्रतिनिधि किसानों की मदद के लिए आगे आया, अबकी जो प्रतिनिधि किसानों के साथ आएगा, वही वोट पाएगा नहीं तो गांव में न घुसने पाएगा। सभी ब्लॉकों में किसानों से ट्रैक्टरों द्वारा मार्च निकालकर वीडियो को ज्ञापन दिया जायेगा। ब्लॉकबार ट्रैक्टर प्रदर्शन 01 सितम्बर ब्लॉक राजेपुर, 02 सितम्बर ब्लॉक बढ़पुर, 03 सितम्बर ब्लॉक मोहम्मदाबाद, 4 सितम्बर ब्लॉक शमसाबाद, 05 सितम्बर ब्लॉक नवाबगंज, 07 सितंबर ब्लॉक कायमगंज, 11 सितंबर को ब्लॉक कमालगंज को सभी ब्लॉकों में ट्रैक्टर मार्च निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संचालन अफरोज मंसूरी ने किया व अध्यक्षता दीपू यादव ने किया। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, जगन्नाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अभय यादव, अनुज राजपूत आदि मौजूद रहे।

## जाहरवीर गोगा महाराज का निकला पारंपरिक निशान जुलूस

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** जाहरवीर गोगा महाराज की जयंती पर पारंपरिक निशान जुलूस धूमधाम से निकाला गया। आसपास के कई क्षेत्रों से श्रद्धालु निशान लेकर शामिल हुए। नगर के लोहाई बाजार में देर रात तक विभिन्न स्थानों से निशानों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा, जिसके बाद सुबह जुलूस विधि-विधान और धार्मिक उत्साह के साथ आगे बढ़ा। निशान जुलूस में नई वस्ती लालबाग, अताईपुर, पुरौरी, अलीगंज, रायपुर, चिलौली, बगिया मोहल्ला और चिलाका सहित कई क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हुए। लोहाई बाजार से शुरू होकर यह यात्रा मैन चौराहा, गल्ला मंडी और लाल कुआं होते हुए गमा देवी मंदिर पहुंची। जाहरवीर गोगा महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। गमा देवी मंदिर पहुंचने के बाद समाज के लोगों द्वारा मेले और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने मौके पर पहुंचकर निशान लाए श्रद्धालुओं से बातचीत की। उन्होंने सभी से शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से आयोजन संपन्न करने की अपील की।

## युवती गायब करने पर तांत्रिक दंपति पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज,संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पडोसी गांव कुरार निवासी तांत्रिक सर्वेश भगत व सर्वेश की पत्नी नाम नमालूम के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 21 जून समय 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। घर में रखे 1 लाख रुपए की नकदी व मां के जेवर भी अपने साथ ले गई। खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चला। सूत्रों से पता चला कि उपरोक्त अरोपितों ने पुत्री को बरगलाकर नकदी व जेवर मंगवाकर ले लिए हैं। जब मैं अपने परिजनों के साथ उपरोक्त आरोपितों से मिला और कहा की तुमने हमारी पुत्री को अपने पास क्यों रखा है तो वह आग बबूला हो गए और कहा की तुम्हारी पुत्री नकदी रूपए लेकर आई थी अब मुझे नहीं पता है कि कहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नकदी और जेवर ले लिए और मेरी पुत्री की हत्या कर दी या गायब कर दिया।

# चोरों ने गोदाम से नकदी, बिजली के तार किये पार

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

कस्बे में पुलिसिया चौकसी और रात्रि गश्त के तमाम दावों की एक ही रात में हवा निकल गई। पुलिस की सुस्ती का फायदा उठाकर बेखौफ चोरों ने नगर में दो अलग-अलग जगहों पर धावा बोलकर खुली चुनौती दे डाली। मुख्य चौराहे के पास जनरल स्टोर का शटर तोड़ने की कोशिश की गई, तो वहीं कायमगंज रोड पर एक गोदाम से नकदी, कीमती मोटर और बिजली के तार पार कर दिए गए। लगातार हो रही वारदातों ने व्यापारियों की नींद उड़ा दी है, वहीं स्थानीय लोगों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। कस्बे के व्यस्ततम और संवेदनशील माने जाने वाले मुख्य चौराहे पर पुलिस की तैनाती के दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए। कस्बा



जांच पड़ताल करती पुलिस

निवासी सुरजीत शाक्य के जनरल स्टोर का शटर चोरों ने रात के अंधेरे में तोड़ने का प्रयास किया। रविवार सुबह जब उनके भाई सुनील शाक्य दुकान पहुंचे, तो शटर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला। गनीमत रही कि शटर पूरी तरह नहीं टूट सका और चोर भीतर दाखिल नहीं हो पाए, जिससे एक बड़ी चोरी टल गई। सवाल यह उठता है कि कस्बे के हृदय स्थल यानि मुख्य चौराहे पर जहां पुलिस पिकेट और गश्त का दावा रहता है, वहां चोर इतनी देर तक शटर तोड़ने की कोशिश करते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वहीं दूसरी वारदात कायमगंज रोड पर ऑटो पाट्र्स की दुकान के पीछे बने गोदाम में हुई। नगर पंचायत के सेवानिवृत्त लिपिक अजय सक्सेना जब रविवार दोपहर बेटे के साथ गोदाम पहुंचे, तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। कमरे का मजबूत लोहे का दरवाजा कुंडे समेत उखड़ा पड़ा था। अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 8,000 रुपये नकद, बरामदे से कीमती डायनेमो मोटर और कमरों में बिछाई गई बिजली की केबल काटकर चोर ले जा चुके थे। चोरों ने रस्सी के सहारे छत से नीचे उतरकर इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में मुख्य चौराहे से लेकर मुख्य मार्ग तक हुई इन वारदातों से साफ है कि कस्बे में रात्रि गश्त सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस मुस्तैद होती तो मुख्य चौराहे जैसी जगह पर चोर इस तरह की हिमाकत नहीं कर पाते। सूचना मिलने के बाद औपचारिकता निभाने पहुंची पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कह रही है। नगर इंचार्ज जितेंद्र कुमार का कहना है कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

## पुलिस की तत्परता से युवक की बची जान

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सायं लगभग 19 बजे थाना क्षेत्रान्तर्गत चित्रकूट डैम के पास एक बाइक सवार युवक अपनी बाइक खड़ी कर गहरे पानी में कूद गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए राजेपुर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से युवक की तलाश हेतु रेस्क्यू अभियान प्रारम्भ किया गया। पुलिस टीम एवं गोताखोरों के अथक प्रयासों के फलस्वरूप युवक को उसकी बाइक से लगभग 200 मीटर की दूरी पर गहरे पानी से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। युवक को तत्काल आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शोभित पुत्र फूल सिंह, निवासी शहाबुद्दीनपुर, थाना सवायजपुर, जनपद हरदोई बताया। पूछताछ में युवक ने पारिवारिक समस्याओं के कारण मानसिक तनाव/अवसाद में होने की बात बताई गई।

# हॉकी की बैठक में आगामी खेल आयोजनों की रूपरेखा तैयार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर फर्रुखाबाद हॉकी से जुड़े पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों की बैठक सचिव अवनीन्द्र कुमार के निवास पर आयोजित की गई।

बैठक में आगामी खेल आयोजनों के प्रचार-प्रसार तथा उनकी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेंटल फाइव-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट तथा अन्य प्रस्तावित हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां शीघ्र प्रारंभ की जाएंगी। वर्तमान में स्टेडियम में हॉकी इंडिया का कैंप चल रहा है, जिसके कारण खिलाड़ियों के अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए स्थान की उपलब्धता सीमित है। इसको ध्यान में रखते हुए आगामी आयोजनों की योजना बनाई गई।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पहली बार हॉकी एसोसिएशन के किसी पदाधिकारी को स्टेडियम में सम्मानित नहीं किया गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में शारिक, दीपक कठेरिया, शबनम, साकिब, रोहित, अजय माथुर, कुशा, दक्ष, लक्ष्मण पेंडेंट, उपाध्याय, अफजल अहमद खान उपस्थित रहे।

## छिनैती के मोबाइल के साथ बाल अपचारी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन पुलिस और आरपीएफकी संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में छिनैती करने वाले एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फतेहगढ़ स्टेशन से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया है। अपराध नियंत्रण और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी व आरपीएफकी टीम फर्रुखाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 04/05 पर गश्त कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का, जिसने बीते दिन फतेहगढ़ स्टेशन से मोबाइल छीना था, उसे मजबूरी बताकर बेचने की फिराक में कानपुर साइड टिन शेड के पास बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और बाल अपचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

# दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने के मामले में मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

अदालत के आदेश के बाद मऊदरवाजा पुलिस ने नशीला पदार्थ पिलाकर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और घर में घुसकर हथियारों के बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में मोहल्ला बीबीगंज मेहरबान निवासी मुख्य आरोपी विकास, उसके भाई विवेक और सरला देवी के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी विकास अविवाहित है और इलाके में ही खेत पर मजदूरी का काम करता था। मजदूरी के कारण उसका खेत मालिक पीड़िता के पति के घर आना-जाना था। बीते दिनों, जब पीड़िता का पति अपनी बेटी को लेकर बाजार गया हुआ था और महिला घर पर अकेली थी, तब विकास रात करीब 8:30 बजे उसके घर पहुंचा। आरोप है कि उसने महिला को नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाया और नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान उसने घटना का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। घटना के बाद आरोपी विकास ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल किया और उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने तहसील अमृतपुर के विकासखण्ड राजेपुर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम ने ग्राम अल्हादपुर भटौली, फकरपुर, कुडरी सारंगपुर एवं करनपुर घाट सहित रामगंगा नदी का निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति एवं प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया।

डीएम पहले फखरपुर पुल तक सरकारी वाहन से पहुंचीं। इसके बाद आगे बाढ़ का पानी भरा होने के कारण वाहन का रास्ता बंद हो गया। ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए डीएम ने ट्रैक्टर का सहारा लिया और ट्रैक्टर



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करती डीएम

पर सवार होकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचीं। डीएम के इस तरह मौके पर पहुंचने से ग्रामीणों में भी प्रशासन के प्रति भरोसा दिखाई दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, प्रभावित परिवारों की संख्या, आवागमन, पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा राहत सामग्री के वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की टीमें लगातार भ्रमणशील रहकर लोगों की आवश्यकताओं का तत्काल संज्ञान लें तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रभावित लोगों को आवश्यकतानुसार खाद्यान्न, पेयजल, दवाइयां एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा नदी के जलस्तर एवं संभावित प्रभाव वाले क्षेत्रों की नियमित सूचना प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में नाव, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड धारक ऐसे कृषक जिनकी फसल बाढ़ के पानी के कारण नष्ट हो गई है, उनका चिन्हांकन कर फसल बीमा योजना का लाभ दिलाएं।

डीएम ने रामगंगा नदी के जलस्तर एवं आसपास के क्षेत्रों की स्थिति का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहते हुए बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जाएंगे।

# पत्नी से विवाद में वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जहानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पत्नी से हुए विवाद के बाद एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शनिवार सुबह उनका शव पड़ोसी गांव में एक बेरी के पेड़ से लटका मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम नगला रूप निवासी अमर सिंह (60 वर्ष) का शुक्रवार देर रात अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी से क्षुब्ध होकर अमर सिंह देर रात ही घर से निकलकर नदी किनारे खेतों की तरफ चले गए। स्वजनों ने रात में उनकी तलाश की,



घटना स्थल पर मौजूद लोग

लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मृतक के बेटे मोहित ने जहानगंज थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह नोएडा में कार्यरत हैं। शुक्रवार को पिता के घर से चले जाने की सूचना मिलते ही वह तुरंत गांव के लिए रवाना हो गए थे। शनिवार को गांव पहुंचने के बाद उन्होंने पिता की खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि अमर सिंह का शव ग्राम वंथल शाहपुर में स्थित एक खेत में बेरी के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



भाई की कलाई पर राखी बांधती बहनें

नगर में रक्षाबंधन का पावन पर्व को पूरे हर्षोल्लास और भाई-बहन के अटूट प्रेम के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में उत्सव जैसा माहौल रहा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना की, तो भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। रक्षाबंधन को लेकर दो दिन पहले से ही बाजारों में रौनक देखी गई। चौक, लोहाई रोड, ठंडी सड़क, रेलवे रोड और बढ़पुर की बाजारों में राखी, मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी। बहनों ने रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और गिफ्ट की खरीदारी की। मिठाई विक्रेताओं के यहां सुबह से ही ग्राहकों की कतारें लगी रहीं। रक्षाबंधन पर शहर के विभिन्न मंदिरों और सामाजिक संस्थाओं में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं जिला कारागार और पुलिस लाइन में भी बंदियों और पुलिस कर्मियों को राखी बांधने का कार्यक्रम हुआ। जो बहनें अपने भाइयों से दूर हैं, उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से अपने भाइयों को राखी बांधी और ऑनलाइन गिफ्ट भेजकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कई भाई जो नौकरी के कारण बाहर हैं, वे भी त्योहार मनाने के लिए अपने घर फर्रुखाबाद पहुंचे। त्योहार को देखते हुए यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त इंतजाम किए गए। नगर में रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प के साथ धूमधाम से मनाया गया। वहीं ब्रह्माकुमारी अंडियाना केंद्र पर रक्षाबंधन मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता समाजसेवी संजय गर्ग ने ब्रह्मा बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों से रक्षासूत्र बंधवाया। संजय गर्ग ने कहा कि बहनों से रक्षासूत्र बंधवाने से अपने आप में दस वर्ष की आयु बढ़ जाती है। रक्षाबंधन पर्व जीवन में खुशियां लाता है। बहन के यहां जाकर आत्मिक शांति मिलती है। केंद्र संचालिका बीके लता बहन ने अतिथियों के रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्रेमशंकर, आलोक, सोनू, राजेश मिश्रा, प्रेमचन्द्र तिवारी, नीरज, नीलम, अमन, डिम्पल, शिल्पा आदि लोग मौजूद रहे।

## नगला कलार में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत खेलेगा भारत, जीतेगा भारत एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय, नगला कलार में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय प्रबंधक मधुसूदन लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक अमित कुमार भट्ट, धीरेंद्र कुमार यादव एवं अभिषेक कुमार की उपस्थिति में हुआ। शिक्षकों सुषमा, सरिता एवं कैलाश चंद्र का कार्यक्रम को सहयोग रहा। आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने बोरा दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ एवं मेढ़क दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों में पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। बच्चों के उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत और यादगार बना दिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार एवं जलपान सामग्री वितरित की गई।

# खेल दिवस पर प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



खेल दिवस पर जिला खेल कार्यालय द्वारा हॉकी, बॉक्सिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भोजपुर नागेंद्र राठौर ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। हॉकी प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई, जबकि बॉक्सिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला रविवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के समापन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सत्यम मिश्रा, पूनम शर्मा, पंकज यादव, सुशांत गुप्ता, दीपक, शबनम, सुशील यादव, शिवकुमार यादव, संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण यादव, करण कुशवाहा, विमलेश, अभिषेक पाल, अभिषेक शाक्य, विनीत, अहमद मियां आदि लोग मौजूद रहे। हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया सेंटर फर्रुखाबाद एवं केंद्रीय विद्यालय के फतेहगढ़ की टीम के बीच हुआ। जिसमें खेलो इंडिया सेंटर फर्रुखाबाद टीम (3-1) से विजेता रही उपविजेता टीम केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ टीम रही।

## सिखलाइट रेजिमेंट के जवानों को छात्राओं ने बांधा रक्षासूत्र

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** सांप्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने हेतु गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल की कक्षा आठवीं से 12वीं तक की छात्राओं के समूह ने सिखलाइट रेजिमेंट फतेहगढ़ में जवानों तथा अफसरों की सूनी कलाइयों को राखी से सजाया। जवानों एवं अफसरों ने भी न केवल छात्राओं का सहर्ष स्वागत किया, बल्कि उन्हें अपनी सिखलाइट रेजीमेंट के इतिहास के बारे में बताया, संग्रहालय दिखाया। विद्यालय प्रांगण में भी भाई-बहन के मधुर संबंध के इस सुंदर पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। बाल-वाटिका की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी। अपने नन्हें-नन्हें हाथों पर सजी सुंदर राखियों को देखकर भाई आनंदित हो उठे और अपनी सहपाठी बहनों को प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए। आरोही यादव, राधिका सिंह, मिष्टी साहू, दिविशा सोमवंशी, अनुग्रह राजपूत तथा लकी सिंह आदि नन्हें-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने ओ नीले अंबर वाले गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# मिनी बस पलटी, महिला यात्री की मौत, कई लोग घायल

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

▸ बस में सवार थे चालीस यात्री

शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे उन्नाव-सफीपुर मार्ग पर दोस्ती नगर नहरिया और थाना गांव के बीच शारदा रिसोर्ट के सामने एक निजी मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि मिनी बस करीब 40 यात्रियों को लेकर मियागंज से उन्नाव की ओर आ रही थी। इसी दौरान उन्नाव-हरदोई-सफीपुर मार्ग पर अचानक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कई यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला यात्री को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान मियागंज नगर निवासी सबा (45) पत्नी इसरार अहमद के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक सबा के दो बच्चे हैं, जिनमें 10 वर्षीय बेटा और चार वर्षीय बेटी है। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस प्रारंभिक जांच में बस के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह मान रही है। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा रही।

# सतनामी साध समाज सावन माह में करते नाम जाप

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

सनातन धर्म की तरह ही सतनामी साध समाज में भी सावन के महीने को अत्यंत पावन और श्रेष्ठ माना जाता है। इस पवित्र मास में साध समाज लौकिक कार्यो से ध्यान हटाकर मालिक के सुमिरन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। अपनी इसी गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए, जनपद के साधवाड़ा स्थित चौकी साधन में इन दिनों विशेष बाल सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, जहां बच्चों को सत्य, सादगी और सात्विकता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। साध समाज के प्रमुख अमर साध ने बताया कि उनके समाज के इतिहास में सावन महीने का विशेष महत्व रहा है। पूर्व में साध लोग साल भर अपनी जीविका चलाने के लिए अल्प व्यापार किया करते थे, लेकिन सावन के महीने में सिर्फईश्वर के नाम, ज्ञान और ध्यान को ही वरीयता दी जाती थी। आज से करीब दो दशक पहले तक, सावन के दौरान सतनामी साधों की एक टोली गंगा किनारे स्थित पुरानी विसरातों विश्राम गृहों के दरीचों में चटाई बिछाकर रहती थी। वहां वे स्वयं सात्विक भोजन बनाते थे और अपना अधिकांश समय सिर्फध्यान और ईश्वर की आराधना में व्यतीत करते थे। जैसे हमारे बड़ों का आचरण होगा, वैसा ही हमारा समाज बनेगा। इसी तर्ज पर साध समाज आगे बढ़ रहा है। सावन के इस पवित्र महीने में चौकी साधन में मुख्य रूप से दो बाल सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं की सभा का नेतृत्व प्रमुख रूप से निर्दोष बुआ कर रही हैं। यहां बालिकाओं को सावन के महीने में ज्ञान रूपी वार्ता और सत्य का अनुसरण करना सिखाया जा रहा है। उनके विचारों में सादगी और भोजन में सात्विकता लाकर सादा भोजन, उच्च विचार की कहावत को चरितार्थ किया जा रहा है। इस दौरान प्रेम कुमारी, सुधा बाई, जोगिना, मधु, शशी, कामिनी, सोनाली, समता, मोनिका, गुंजन, विनीता, प्रीति और शिखा का सहयोग कर रही है। दूसरी ओर बालकों की सभा में बच्चों को सत्य और ईमानदारी की राह दिखाने का कार्य किया जा रहा है। मार्गदर्शक के रूप में ज्ञानप्रकाश साध, लोकेंद्र भान साध, सुनील साध, अखिलेश साध, सुनील साध, अनमोल साध, शिवम साध अहम भूमिका निभा रहे हैं। संचालन कपिल साध ने किया।

## सपा के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।** 12वीं के छात्र तेजस उर्फयशु द्विवेदी की मौत के बाद परिजनों से मिलने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिध मंडल सांसद नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित उनके आवास पहुंचा और इस दुख की घड़ी में उन्हें ढ़ाढस बंधाया। इस अवसर पर सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि जिस तरीके सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम के छात्र की मौत हुई है इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए और दोषी लोगों को तत्काल पुलिस प्रशासन को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में खड़ी है और उनकी कोशिश होगी कि एक भी दोषी बक्सा ना जाए और उनका जिस तरीके से रिपोर्ट दर्ज करने के लिए परिजनों को घंटे कोतवाली में धरना देना पड़ा यह इस बात का सबूत है कि सामने वाला कितनी मजबूती से पैरवी कर रहा है और पुलिस विभाग उनका साथ दे रही है। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी अब शांत नहीं बैठेगी और जब तक इस घटना के पीछे के वह लोग जो इसमें शामिल है वह गिरफ्तार नहीं हो जाते। तब तक सपा शांत नहीं बैठेगी। इस अवसर पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, सपा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह उर्फजालिम, वरिष्ठ सपा नेता संतोष द्विवेदी, अरुणेश पांडे, पीयूष द्विवेदी,वीरेंद्र यादव सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बहन भांजे की मौत,भाई घायल

**उन्नाव।** रक्षाबंधन में घर आई बहन व भांजे को बाइक से छोड़ने जा रहे भाई की बाइक में सिकंदरपुर कर्ण कस्बा में अन्नपूर्णा गैस एजेंसी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी को भांजे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही भाई और बहन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां ईलाज के दौरान बहन की भी मौत हो गई। भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुर निवासी किशन की 35 वर्षीय बहन अपनी ससुराल जुराखनखेड़ा से अपने 10 वर्षीय पुत्र आयुष को लेकर मायके भाई को राखी बांधने आई हुई थी।

## अदालती सूचना

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट नं0 39, बाराबंकी
वाद सं0-1002/2020
ता0पे0-31.08.2026
सालिकराम बनाम रामकिशोर आदि

1. रामकिशोर पुत्र राम आधार निवासी ग्राम मण्डौली परगना व तहसील बेनीगंज जनपद हरदोई

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 08 के 31 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

न्यायाधीश

# आरक्षण में सुधार की मांग पर सवर्णो ने भरी हुंकार



समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अनिल त्रिपाठी उर्फ मनीष भैया तथा राष्ट्रीय महासचिव पंडित अंकित दीक्षित के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान इन लोगों ने आरक्षण व्यवस्था की वर्तमान प्रणाली की समीक्षा कर जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने तथा आर्थिक एवं सामाजिक आधार पर समान अवसर की व्यवस्था लागू किए जाने की मांग किया। इन लोगों का कहना था कि देश के संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता, सम्मान तथा समान अवसर का अधिकार प्रदान किया है किसी भी वर्ग जाति या समुदाय के अधिकारों का विरोध करना इन लोगों का मकसद नहीं बल्कि ऐसी व्यवस्था की मांग करना है जिसमें प्रत्येक नागरिक को उसकी आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के आधार पर समान अवसर प्राप्त हो। इन लोगों ने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया जिसमें समाज में जातिगत विभाजन को कम करने तथा समान नागरिकता समान अवसर और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालीन नीति बनाए जाने की मांग किया।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में शरद तिवारी एडवोकेट, राहुल मिश्रा, संजय मिश्रा, अवनीश श्रीवास्तव, ललित द्विवेदी, धर्मेंद्र मिश्रा, महेश तिवारी, अखिलेश अग्निहोत्री, विकास अग्निहोत्री, पवन कुमार, विवेक कुमार, अरविंद दीक्षित, देवेश मिश्रा, उदित दुबे, यज्ञ दत्त बाजपेई, सूर्य नारायण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बच्ची की तेज बुखार आने से इलाज के दौरान मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी एक डेढ़ वर्षीय बच्ची की तेज बुखार आने से इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी विनय कुमार की डेढ़ वर्षीय पुत्री स्नेहा को दो दिनों से बुखार आ रहा था। पिता विनय कुमार बच्ची को नगर के लखनऊ रोड स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराने के लिए पहुंचा। जहां उसका इलाज हुआ और तभी बच्ची की मौत हो गई। वहां मौजूद डॉक्टर ने उसे घर ले जाने को कह दिया। उसके बाद बच्ची को लेकर उसका पिता और मां नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

# गहरे गड्ढे में गिरी युवती, अस्पताल में मौत

समृद्धि न्यूज कानपुर/महाराजपुर।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर का आंगन अचानक धंसने से 18 वर्षीय यशी सविता करीब 25 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। करीब सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बचाव टीम ने युवती को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा सुबह करीब 6:40 बजे हुआ। बताया गया कि रक्षाबंधन के दिन यशी नहाकर बाथरूम से बाहर निकली थी। जैसे ही उसने आंगन की तरफ कदम बढ़ाया, अचानक जमीन धंस गई और वह नीचे मौजूद पुरानी बोरिंग में समा गई। यशी की चीख सुनकर उसकी बहन ऋचा ने परिजनों को सूचना दी। ऋचा के मुताबिक, घटना के समय घर पर कोई नहीं था। वह मम्मी-पापा को लेकर मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ऊपर से मिट्टी गिरने के कारण यशी दिखाई नहीं दे रही थी। परिजनों ने रस्सी डालकर उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन मिट्टी लगातार धंसती रही। सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। गड्ढे में सीधे उतरना जोखिम भरा होने के कारण बचाव दल ने बगल से खुदाई शुरू की। पहले जेसीबी और बाद में पोकलैंड मशीन की मदद ली गई। करीब 60 जवानों की टीम ने सात घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 2ः50 बजे करीब 24 फीट खुदाई कर युवती तक पहुंच बनाई। यशी को अचेत अवस्था में बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, करीब तीन साल पहले घर के अंदर बोरिंग कराई गई थी। पानी नहीं निकलने पर उसे छोड़कर दूसरी जगह बोरिंग करा दी गई थी। पुरानी बोरिंग के ऊपर फर्श बना दिया गया था।

## नगर पालिका में बंधन व स्वच्छता का कार्यक्रम सम्पन्न



**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य मौजूद रहे तो विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर चंद्रा बालिका इंटर कॉलेज, जयपुरिया स्कूल, कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने राखी प्रतियोगिता में भाग लिया इस दौरान बनाई गई राखी को अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, सभासद और पत्रकारों को राखी बांधी गई तो वहीं विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा इस तरीके के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा कायम होता है। वही रंगोली प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के संजय सिंह व सभासद विनय तिवारी ने सफल संचालन किया तो इस अवसर पर शिक्षिका शुभांगी पांडे, सभासद सादाब अहमद, अतीश पासवान, संतोष पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खसरौल कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**हरदोई।** महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, खसरौल में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खो खो प्रतियोगिता में सौरभ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात अंकों से जीत दर्ज की। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में रोहिनी की टीम विजेता रही। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में राज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता में राज ने बाजी मारी। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में तैबा बानो तथा बालक वर्ग में अंश कुमार विजेता रहे।

# ग्रीनपार्क में टी-20 लीग के नॉकआउट मुकाबला शुरू



समृद्धि न्यूज, कानपुर।

ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का बेहद खास और भव्य अंदाज में शुरू हो गया। टूर्नामेंट के इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में काशी रुद्राक्ष और नोएडा सुपर किंग्स की टीमें आमने-सामने हैं। मैच की शुरुआत से ठीक पहले मैदान पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सांसद रमेश अवस्थी ने ग्राउंड पर पहुंचकर टॉस उछाला और चार बार बेल बजाकर इस नॉकआउट मुकाबले की आधिकारिक शुरुआत की। टॉस जीतकर नोएडा की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का %बेहद खास और भव्य अंदाज में शुरू हो गया। टूर्नामेंट के इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में काशी रुद्राक्ष और नोएडा सुपर किंग्स की टीमें आमने-सामने हैं। मैच की शुरुआत से ठीक पहले मैदान पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सांसद रमेश अवस्थी ने ग्राउंड पर पहुंचकर टॉस उछाला और चार बार बेल बजाकर इस नॉकआउट मुकाबले की आधिकारिक शुरुआत की। टॉस जीतकर नोएडा की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का बेहद खास और भव्य अंदाज में शुरू हो गया। टूर्नामेंट के इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में काशी रुद्राक्ष और नोएडा सुपर किंग्स की टीमें आमने-सामने हैं।

मैच की शुरुआत से ठीक पहले मैदान पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सांसद रमेश अवस्थी ने ग्राउंड पर पहुंचकर टॉस उछाला और चार बार बेल बजाकर इस नॉकआउट मुकाबले की आधिकारिक शुरुआत की।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक 730/1-30/2020-27 दिनांक- 27.08.2026

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि मद में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेंसी/कम्पनी / ठेकेदार दिनांक 14.09.2026 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/09/2026 सायंकाल 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन.एस.सी. / एफ.डी.आर./ नगद जमा रसीद फार्म-5/टी.डी.आर. के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। निविदा के साथ हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत राशि, हैसियत / चरित्र प्रमाण पत्र व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन राशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं. 39 में विभिन्न स्थानों पर नाली गोटा व ब्रिक रिपेयरिंग व जाल व आर.सी.सी. स्लैब डालने का कार्य। | 274000.00 | 354.00 | 27400.00 | तीन माह |
| 2. | वार्ड सं. 36 मो0 सिविल लाइन बरगदियाघाट में संजय बरतरिया के मकान से अरविन्द बरतरिया के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 547000.00 | 708.00 | 54700.00 | तीन माह |
| 3. | वार्ड सं0 20 मो0 यंगशपुरा कोहना में मन्दिर के पास इण्टरलॉक निर्माण का कार्य। | 222000.00 | 354.00 | 22200.00 | तीन माह |
| 4. | वार्ड सं. 13 मो0 नेकपुर चौरासी में बी.एस. कटियार से खान चिकन शॉप तक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 433000.00 | 590.00 | 43300.00 | तीन माह |
| 5. | वार्ड सं. 32 सेठ गली के मोड़ से स्टेट बैंक तक इण्टरलॉकिंग सड़क उच्चीकरण कार्य। | 998000.00 | 1180.00 | 99800.00 | तीन माह |
| 6. | मो. रेलवे रोड पर लांगुरिया साड़ी पैलेस से केशव देव गोस्वामी तक नाली व सड़क इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 171000.00 | 236.00 | 17100.00 | तीन माह |
| 7. | वार्ड सं0 06 मो0 लालगेट में दिलीप के मकान से करन के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 172000.00 | 236.00 | 17200.00 | तीन माह |
| 8. | वार्ड सं. 13 मो0 नेकपुर चौरासी में अरविन्द सिंह के मकान से सलोनी कटियार के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 204000.00 | 354.00 | 20400.00 | तीन माह |
| 9. | वार्ड सं. 05 मो0 क्रिश्चियन कॉलेज के सामने नाली व इण्टरलॉक फुटपाथ निर्माण कार्य। | 244000.00 | 354.00 | 24400.00 | तीन माह |
| 10. | वार्ड सं. 07 में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत व सड़क इण्टरलॉक मरम्मत व नाली पर जाल व आर.सी.सी. पुलिया डालने का निर्माण कार्य। | 733000.00 | 944.00 | 73300.00 | तीन माह |
| 11. | वार्ड सं. 01 मो0 बंधौआ में कैलाश खटिक से दुर्गा माता मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 156000.00 | 236.00 | 15600.00 | तीन माह |
| 12. | वार्ड सं. 07 मो. अंगूरीबाग में ग्रीन गार्डन के पास सोनू शंखवार के मकान से खुन्नू लाला के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 18900.00 | 236.00 | 18900.00 | तीन माह |
| 13. | वार्ड सं. 02 मो. नरायनपुर में अनूप तिवारी के मकान से रेखा देवी के मकान होते हुये मनीष कटियार के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 755000.00 | 944.00 | 75500.00 | तीन माह |
| 14. | वार्ड सं. 34 मो. गढ़ी अशरफ अली जसमई दरवाजा में सुनील कुमार के मकान से डॉ. अजय कुमार के मकान होते हुये पुलिस चौकी तक व लिंक गली राकेश कुमार के मकान से नरक्ष राठौर के मकान तक सड़क निर्माण कार्य। | 965000.00 | 1180.00 | 96500.00 | तीन माह |
| 15. | वार्ड सं0 05 मो. अण्डियाना में वेदराम के मकान से पंचम शाक्य के मकान तक नाली सड़क उच्चीकरण का कार्य। | 823000.00 | 1062.00 | 82300.00 | तीन माह |
| 16. | सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत चौक से रेलवे स्टेशन तक रोड मार्किंग व कैट आईज लगाने का कार्य। | 662000.00 | 826.00 | 66200.00 | तीन माह |
| 17. | वार्ड सं. 20 मो. बंगशपुरा कोहना में राजू के मकान के पास मेनहाल चेम्बर का निर्माण कार्य। | 651000.00 | 826.00 | 65100.00 | तीन माह |
| 18. | स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत नगर को साफ व स्वच्छ रखने हेतु प्रचार व प्रसार किये जाने हेतु काव्य गोष्ठी के कम्पलीट आयोजन हेतु। | 512000.00 | 708.00 | 51200.00 | तीन माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,फर्रूखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,फर्रूखाबाद।**

## खबरें एक नजर में

### सच्चितानंद हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज कस्बा सच्चितानंद हॉस्पिटल में बीते 24 अगस्त को एक चार दिवसीय नवजात बच्ची की मृत्यु के प्रकरण में जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला रजिस्ट्रिकरण प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित जांच टीम की जांच रिपोर्ट के क्रम में हॉस्पिटल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश ने देते हुए बताया कि उक्त मामले में संबंधित हॉस्पिटल संचालक से प्रकरण के संबंध में 07 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण एवं संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त न होने अथवा प्रस्तुत स्पष्टीकरण/ अभिलेख असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में हॉस्पिटल का पंजीकरण निरस्त करने के साथ-साथ नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही किए, जाने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में संचालित समस्त निजी चिकित्सालयों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही अथवा निर्धारित मानकों का उल्लंघन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बोकरिया फाल में डूबने से चंदौली के युवक की हुई मृत्यु

**हलिया मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकरिया फॉल में शनिवार को डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गई। युवक चंदौली जिले से अपने स्वजनों के साथ पिकनिक मनाने आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 29 वर्षीय रतन प्रजापति के रूप में हुई है जो चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र की डीजल कॉलोनी का निवासी था। वह अपने परिवार के साथ बोकरिया फॉल में पिकनिक मनाने पहुंचा था। फॉल में नहाते समय रतन प्रजापति गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही लहंगपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह ने पुलिस बल के साथ शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरसात के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों और जलप्रपातों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है और बोकरिया फॉल मीरजापुर शहर के नजदीक होने के कारण यहां बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं। लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि पिकनिक पर आए युवक की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### बाइक व साइकिल की टक्कर में घायल अधेड़ की मौत

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में बाइक और साइकिल की टक्कर में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हथेड़ा गांव निवासी सूरज कुमार ने गुरुवार देर शाम थाने में तहरीर देकर बताया कि पंवारी खुर्द गांव निवासी रियाज अली तेज गति व लापरवाही से बाइक चलाते हुए हलिया.डुमण्डगंज मार्ग पर हथेड़ा गांव के पास उनके पिता सियाराम कोल की साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाया गयाए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। बारिश के बावजूद बहनें साइकिल और बाइक से भीगते हुए भाइयों के घर पहुंचीं और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामना की।गांवों तथा बाजारों में बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मिष्ठान खिलाया। शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजे के अंदर होने के कारण बहन.भाइयों ने स्नान कर सुबह से ही राखी बांधने की परंपरा निभाई और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्ज्वल दीर्घायु जीवन तथा सुख.समृद्धि की कामना की।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोरी अचेत

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में शनिवार को गरज चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किशोरी अचेत हो गई। जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी राजकुमार की 15 वर्षीय पुत्री राधा अपने घर के अंदर थीए तभी शिव मैरिज हॉल ट्रांसफार्मर के पास आकाशीय बिजली गिरीए जिसकी चपेट में आकर वह अचेत हो गई।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस सेवा 108 के पायलट प्रवीण पाल ने किशोरी को तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।हालत सामान्य है ग्रामीणों ने बारिश के समय आकाशीय बिजली से बचाव के लिए, जगह जगह तड़ित चालक यंत्र लगवाने की मांग किया है जिससे दैवीय आपदा से होने वाली जनहानि को रोका जा सके।

### जलभराव से लोगों को परेशानी

**हलिया मिर्जापुर।** लगातार हो रही बारिश के चलते हलिया बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले रास्ते पर जलभराव हो गया है।जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मार्ग पर सड़क पर चार फ़ीट पानी चलने से मरीजों व तिमारदारो को स्वास्थ्य केंद्र जाने में परेशान होना पड़ रहा है।

# कैंप कार्यालय पर केंद्रीय मंत्री ने सुनीं फरियादें

▸ समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया भरोसा



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज स्थित कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी। सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। श्री चौधरी ने लोगों की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के नियमानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर कैंप कार्यालय पहुंचे। किसी ने सड़क, बिजली, पानी और जलनिकासी की समस्या रखी तो किसी ने राजस्व, पुलिस, पेंशन, आवास, राशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें एवं मांगें सामने रखीं। लोगों ने अपने क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतों से भी केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को अवगत कराया। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार आम लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए विकास कार्यों को गति दे रही है। सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पंकज चौधरी को प्रार्थना पत्र भी सौंपे। उन्होंने कई मामलों में मौके से ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं जिन मामलों में तत्काल निर्णय संभव नहीं था, उनमें संबंधित विभाग को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया गया। केंद्रीय मंत्री श्री चौधरी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भी क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें और पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं।

### गंडक, नारायणी नदी क्षेत्र से मिले 7 अज्ञात शवों के संबंध में जिला प्रशासन की आवश्यक कार्रवाई जारी

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी कुशीनगर वैभव मिश्रा ने बताया कि नेपाल में आई बाढ़ के कारण जनपद में गंडक, नारायणी नदी के क्षेत्र से अब तक कुल 07 अज्ञात शव मिले हैं। वर्तमान में इन शवों की पहचान पूर्ण रूप से नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन कुशीनगर द्वारा सभी शवों को ससम्मान जिला अस्पताल कुशीनगर के डीप फ्रीजर में सुरक्षित रखा गया है, ताकि पहचान एवं आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने तक शवों का सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। शवों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नेपाल के सीमावर्ती संबंधित जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय एवं वार्ता की जा रही है।

# 24 घंटे के भीतर कंपोजिट विद्यालय इनरवा की समस्याओं का जिलाधिकारी ने कराया निस्तारण




**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जनपद गाजीपुर के विकासखंड सदर अंतर्गत राजस्व ग्राम इनरवा स्थित कंपोजिट विद्यालय की विभिन्न समस्याओं का जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला द्वारा संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में संबंधित विभागों द्वारा महज 24 घंटे के भीतर विद्यालय की सभी प्रमुख समस्याओं का निस्तारण करा दिया गया। विद्यालय परिसर में स्थित जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण कराया गया। इसके साथ ही दिव्यांग शौचालय की मरम्मत, परिसर की साफ-सफाई तथा हैंडपंप की मरम्मत, पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई। विद्यालय की व्यवस्थाओं में त्वरित सुधार होने से छात्र-छात्राओं को अब स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निरंतर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 41 बोरी कद्दू बीज व पिकअप वाहन बरामद



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध तस्करी/मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण मे दिनांक 29 अगस्त 2026 को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग एवं गश्त के दौरान से 41 बोरी कद्दू का बीज लावारिस अवस्था में तथा 1 अदद पिकअप वाहन बरामद किया गया। बरामद माल को नेपाल राष्ट्र ले जाने हेतु रखा होना बताया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर कस्टम एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। बरामदगी की राजस्व टीम में उपजिलाधिकारी नौतनवा तथा तहसीलदार नौतनवा एवं पुलिस टीम मे उ0नि0 अभिषेक जायसवाल व का0 ब्रजेश कुमार तथा एसएसबी टीम मे निरीक्षक अभिषेक कुमार मु0आ0 ना0डी0 रामतिलक मौर्य, का0 ना0डी0 अनुज कुमार शामिल रहे। सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी, मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु महराजगंज पुलिस का अभियान निरंतर जारी है।

# डीएचओ ने विद्यार्थियों को दी कैरियर विषयक जानकारी



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज**

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मोती राम द्विवेदी जनता इंटरमीडिएट कॉलेज फरेंदा में जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी द्वारा बच्चों को संवाद मार्गदर्शन एवं अनु प्रेरण कार्यक्रम में शिक्षार्थियों को कैरियर विषयक जानकारी दी एवं लडके एवं लडकियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान बच्चों में काफी खुशी और उत्साह देखने को मिला। बच्चों के कैरियर विषयक कई जिज्ञासाओं का डी एच ओ द्वारा समाधान किया गया। और बच्चों को उनकी अभिरुचि के अनुसार विषय चयन की जानकारी प्रदान की गई तथा अवगत कराया गया कि विषयों का चयन सावधानी से करना चाहिए।

# सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर अंकित फ्लैगशिप योजनाओं और आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की विभागवार रैंकिंग की समीक्षा की।

रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारी को सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनपद की रैंकिंग टॉप-10 में लाना हम सभी का लक्ष्य है। पोर्टल पर डाटा फीडिंग में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल निगम, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, कृषि, नगर विकास, विद्युत सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, वे कार्य में तेजी लाएं और सभी योजनाओं की प्रगति को समय से पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें।

आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए।

सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से बात कर फीडबैक जरूर लें। राजस्व, पुलिस, विकास, चकबंदी और विद्युत विभाग से जुड़ी शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला विकास अधिकारी राजन राय, परियोजना निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्यौहारों व परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

▸ 25 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा आदेश

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गांधी जयंती, दशहरा, महाष्टमी, महानवमी एवं विजयादशमी सहित विभिन्न त्यौहारों तथा जनपद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 25 अक्टूबर तक अथवा इसे वापस लिए जाने तक प्रभावी रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट बैभव मिश्रा ने बताया कि आगामी त्यौहारों एवं परीक्षाओं के दौरान विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने की संभावना को देखते हुए लोक शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसी के दृष्टिगत जनपद में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से आदेश का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति राजमार्ग अथवा सड़क जाम नहीं करेगा और न ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, सार्वजनिक परिवहन, रिक्शा, टैक्सी आदि सामान्य परिवहन को रोकने अथवा जबरन बंद कराने का प्रयास करेगा। किसी भी स्थान पर पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि यह प्रतिबंध कार्यालयों, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन पर लागू नहीं होगा।

सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना सभा, जुलूस, धरना अथवा प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जाएगा। पारंपरिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा एवं परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति प्रतिबंधित रहेगी।

# 191 चयनित अभ्यर्थियों को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**




उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत जनपद गाजीपुर के युवा वर्ग को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, महिला कल्याण विभाग एवं सेवा योजन विभाग द्वारा संयुक्त नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम राइफल क्लब स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। नियुक्ति पत्र पाकर सभी के चेहरे खिल उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उ0प्र0 सरकार, ओमप्रकाश राजभर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन ज्ञान,उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो हमारे युवा वर्ग के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जी ने अपने सम्बोधन मे कहा की आज का दिन गाजीपुर के युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में मिशन रोजगार के माध्यम से बिना भेदभाव, बिना भ्रष्टाचार के युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने सभी 109 पंचायत सहायकों, 10 सखी वन स्टॉप सेन्टर की बहनों और सेवा योजना विभाग के माध्यम से 72 रोजगार पाने वाले नौजवानों को बधाई दिया। कहा की आप सभी गांव में जाकर सरकार की योजनाओं को ईमानदारी से पहुंचाइये। विशेष कर पंचायत सहायक गांव के विकास की धुरी हैं। आप सभी निष्ठा से कार्य करें। यही सभी से आशा है। उन्होंने बताया की जनपद में माह अगस्त 2026 में 109 पंचायत सहायकों की नियुक्ति हुई है। अब तक 1238 के सापेक्ष 1206 पंचायत सहायकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शेष 32 ग्राम पंचायतों में भी चयन की कार्यवाही प्रचलित है। ये युवा वर्ग अपने-अपने ग्राम पंचायत में कार्य करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लायेंगे। महिला कल्याण विभाग विभाग द्वारा माह अगस्त में 10 कार्मिकों का वन स्टॉप सेन्टर (जिसे सखी शेल्टर भी कहा जाता है) में चयन हुआ है। ये कार्मिक हिंसा व संकट से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करेंगी। उन्होने बताया कि पंचायत सहायकों द्वारा ग्राम सचिवालय को क्रियाशील रखते हुए ग्रामीणजनों को जनसेवा केंद्रों के माध्यम से आय, जाति, निवास आदि आवश्यक प्रमाण-पत्रों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ग्राम पंचायत विकास योजना की ऑनलाइन फीडिंग, ओएफएसआर अर्जित करने सहित विभिन्न कार्यों में भी पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सेवायोजन विभाग से विभिन्न विधान सभाओ, संस्थानों तथा महाविद्यालयों में आच्दादित करते हुए माह अगस्त से दिसम्बर, 2026 तक 23 रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा जिसमें निर्धारित लक्ष्य 2330 के सापेक्ष लगभग 6000 अभ्यर्थियों का लक्ष्य के सापेक्ष चयन करने हेतु लक्ष्य रखा गया है।

# अपने गांव में करें ई-खसरा पड़ताल

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में खरीफ फसलों की ई-खसरा पड़ताल का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस कार्य में जनपद के इच्छुक एवं योग्य युवा भी सहभागिता कर सकते हैं। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया है कि ऐसे युवा, जिन्हें एंड्रॉयड मोबाइल फोन का सही तरीके से उपयोग करने की जानकारी हो तथा जनपद में उगाई जाने वाली विभिन्न खरीफ फसलों का पर्याप्त ज्ञान हो, अपने गांव एवं क्षेत्र में ई-खसरा पड़ताल का कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-खसरा पड़ताल के कार्य के संपादन के फलस्वरूप बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रति गाटा सर्वे 10.00 तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी हेतु 350.00 प्रति सत्र पारिश्रमिक देय होगा। ई-खसरा पड़ताल का कार्य करने के इच्छुक युवा अपने मोबाइल नंबर, आधार संख्या, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड एवं ई-मेल आईडी की सूचना के साथ अपने संबंधित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क का स्थान खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय रहेगा।

### भारतीय स्टेट बैंक में बारिश का भरा पानी लेनदेन प्रभावित

**समृद्धि न्यूज, हलिया मिर्जापुर।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते भारतीय स्टेट बैंक में पानी भर गया जिससे लेनदेन प्रभावित हो गया। बस्तरा मोड़ से जड़कूड़ तक 135सी सड़क का निर्माण एक कार्यदाई संस्था द्वारा विगत तीन वर्ष पूर्व कराया गया था। लेकिन हलिया बाजार में नाली का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के चलते बाजार में जल जमाव हो गया जिसकी वजह से भारतीय स्टेट बैंक तथा दुकानदारों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जल जमाव से लोग प्रभावित हुए। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों का जाना मुश्किल हो गया।

# अधूरे आवास जल्द पूरे कराने के निर्देश विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जोर

**समृद्धि न्यूज, हलिया मिर्जापुर।**

स्थानीय विकास खंड हलिया में शनिवार को खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायतवार आवासों की पूर्णता की समीक्षा की गई। बीडीओ ने अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा कराने तथा पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।सीएम फेलो के क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिली कमियों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने को कहा गया। वीबी जी राम जी के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों के मस्टर रोल जारी करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं पात्र कार्यों के मस्टर रोल समय से जारी कर कार्य नियमानुसार शुरू कराने के निर्देश दिए।आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के विभिन्न संकेतकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले संकेतकों में विशेष प्रयास कर निर्धारित लक्ष्य हासिल करने को कहा गया।

# अदवा बांध के चार फाटक खोले 6000 क्यूसेक पानी छोड़ा, निचले इलाकों में अलर्ट

**समृद्धि न्यूज़, हलिया मिर्जापुर।**

ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अदवा बांध में पानी का

दबाव अचानक काफी बढ़ गया है। अदवा बांध की सुरक्षा और जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग ने शनिवार को त्वरित कदम उठाते हुए चार फाटक खोल दिए।

फाटकों के खुलते ही करीब छह हजार क्यूसेक पानी अदवा नदी में बहाया जाने लगाए जिससे तटीय इलाकों में हलचल तेज हो गई है।सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अनिल गुप्ता ने बताया कि केहुझुआए टकिहा और अदवा के पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों से लगातार पानी की भारी आवक दर्ज की जा रही है।

ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण जलाशय का जलस्तर तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा था। स्थिति को भांपते हुए प्रशासनिक अनुमति के बाद चार फाटकों को खोलकर निकासी शुरू की गई है।

निचले इलाकों में अलर्ट जारी बांध से अचानक इतनी बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद अदवा नदी के जलस्तर में तेजी से उछाल आने की संभावना है। इसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन और सिंचाई विभाग ने नदी के निचले व तटीय इलाकों में बसे गांवों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है।

सिंचाई विभाग और प्रशासन ने संयुक्त रूप से अपील की है कि ग्रामीण नदी के घाटों टापुओं और संभावित जलभराव वाले स्थानों की ओर न जाएं।

मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर बांधने और बच्चों को नदी के आसपास न भटकने देने की सलाह दी गई है।

स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।